सूर्योदय 7:8 सूर्यास्त 5:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.6 न्यू | 18.2 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 24.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80684.45 |
| निफ्टी | 24336.00 |
| सोना 78,000 | चांदी 93,048 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



रेड सी फिल्म फेस्ट में पति संग बहुत ही ग्लैमरस दिखीं प्रियंका

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 18 दिसंबर 2024 | 4 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 362, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### यूपी के संभल में एक और बंद मंदिर मिला



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भगवान शिव का मंदिर मिलने के बाद एक और मंदिर मिला है, जो राधा-कृष्ण का है। राधा-कृष्ण के इस मंदिर में भगवान हनुमान की भी प्रतिमा है। मंदिर के मिलने की जैसे ही खबर मिली, प्रशासन फौरन पहुंच गया और ताला खुलवाया। इसके बाद इस मंदिर की भी साफ-सफाई शुरू कर दी है। लोगों ने बताया कि यह मंदिर बंद पड़ा हुआ था।

### दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ स्कूलों को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक सप्ताह में दूसरी और नौ दिन में पांचवीं घटना है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित 'क्रिसेंट पब्लिक स्कूल' से बम की धमकी के संबंध में सूचना मिली। कर्मचारियों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कुछ और स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल के जरिए धमकियां मिली हैं। हालांकि, ग्रैप लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों ने मंगलवार को ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाएं लगाई।

### वनुआतु में 7.3 तीव्रता का भूकंप, इमारतों में दरारें




**पोर्ट विला।** दक्षिणी प्रशांत महासागर में मौजूद आईलैंड देश वनुआतु में मंगलवार सुबह 7.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप के बाद 5.5 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि नुकसान के बारे में अभी आकलन नहीं लगाया जा सका है। कई कारें दब गई हैं। सरकारी सभी वेबसाइट्स ऑफलाइन हो गई हैं। पुलिस और दूसरी एजेंसियों के फोन नंबर भी काम नहीं कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सर्वदलीय बैठक में नहीं पहुंची भाजपा, अध्यक्ष ने जताई नाराजगी -पेज 3
- हत्यारोपी करनैल सिंह को पांच दिन का पुलिस रिमांड -पेज 4
- एमसी ने की 5 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स की कलेक्शन -पेज 12
- यूपी में दलितों के लिए न्याय की उम्मीद तक रखना नामुमकिन: राहुल -पेज 13
- भारतीय कुश्ती के लिए निराशाजनक रहा साल -पेज 14

# चार दिन तपेगा तपोवन, विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

## विपक्ष करेगा वार, सरकार है तैयार: 14वीं विधानसभा के सत्र में होंगी कुल चार बैठकें, एक दिन प्राइवेट मेंबर-डे

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र धर्मशाला के तपोवन में बुधवार से शुरू हो जाएगा। 18 से 21 दिसंबर तक चलने वाले 14वीं विधानसभा के चार दिवसीय इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। इनमें से एक प्राइवेट मेंबर-डे होगा। इस बार सत्र में हंगामा होने के पूरे आसार हैं। पक्ष-विपक्ष दोनों ही आक्रामक मूड में हैं।

विपक्ष में बैठी भाजपा कई मुद्दों को लेकर सुक्खू सरकार पर हमला बोलने की तैयारी में है, जबकि कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने भी विपक्ष के तेवरों को दबाने की पूरी तैयारी कर रखी है। विपक्ष बेरोजगारी, गारंटियों, गेस्ट टीचर पॉलिसी, विकास कार्यों सहित कई अन्य मुद्दों के साथ सरकार को घेरता नजर आएगा। (अनंत ज्ञान)



### 18 आरोप और 10 गारंटियां भाजपा का सबसे बड़ा मुद्दा

**हाल** ही में सरकार के खिलाफ राज्यपाल को सौंपे गए 18 आरोपों और 10 गारंटियों का मुद्दा भाजपा का सबसे बड़ा मुद्दा होगा, जिस पर वह सत्ताधारी कांग्रेस सरकार को घेरने का पूरा प्रयास करेगी। वहीं, कांग्रेस सरकार अपने दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का बखान करेगी। इनमें ओपीएस व कई गारंटियों को पूरा करने सहित जनहित में शुरू की गई योजनाएं शामिल हैं। भाजपा कांग्रेस सरकार की ओर से दी गई विभिन्न गारंटियों पर भी सवाल उठाने का मौका नहीं छोड़ेगी। भाजपा नेताओं का लगातार कहना है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले जनता से जो वादे किए थे, उन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है और सरकार के कार्यकाल में कई मुद्दे लटके हुए हैं। सदन में भाजपा के विधायक विशेष रूप से अवैध खनन, नशा तस्करी, बेरोजगारी, महंगाई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश सरकार से यह भी पूछेगी कि क्या वह अपनी चुनावी गारंटियों को पूरी कर पाएगी या नहीं। इस मुद्दे को लेकर भाजपा के विधायक विधानसभा में सरकार से जवाब मांगेंगे।

### 2 साल की उपलब्धियां गिनाएगी सरकार

**कांग्रेस** सरकार भी विपक्ष के हमलों का जवाब देने के लिए तैयार है। सरकार अपने दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को सत्र में प्रस्तुत करेगी। कांग्रेस का कहना है कि राज्य में विकास की गति तेज हुई है और उन्होंने जनता के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इसके अलावा कांग्रेस यह भी दावा करेगी कि उसने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार विधानसभा में अपने इन कदमों को पेश करके विपक्ष को जवाब देने की कोशिश करेगी।

# लोकसभा में विरोध के बीच 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पेश

## व्यापक विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा

बिल पेश करने के पक्ष में 269

विपक्ष में 198 मत पड़े



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में मंगलवार को देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच निचले सदन में पेश किया और कहा कि इस पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ।

बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं।

### लोकतंत्र पाताल तक गहरा : शाह

**राज्यसभा** में संविधान पर चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में लोकतंत्र की जड़ें पाताल तक गहरी हैं। इसने अनेक तानाशाहों के अहंकार-गुमान को चूर-चूर किया है। जो कहते थे भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, हम आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यह हम सबके लिए गौरव लेने का पल है। संकल्प लेने का पल है। संविधान पर दोनों सदन में चर्चा हुई है, वह हमारे किशोरों के लिए युवाओं के लिए है। आने वाले समय में सदन में बैठकर देश के भविष्य का फैसला करने वालों के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह भी तय होगा, जब-जब जनता ने जिस पार्टी को शासन दिया, उसने संविधान का सम्मान किया या नहीं।

### जवाबदेही से घबरा रही सरकार छोटा किया सत्र: जयराम

**धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रदेश के व्यापक मुद्दों को लेकर कहने और करने को बहुत कुछ है। इसके बावजूद सत्र को महज 4 दिन का कर दिया गया। शनिवार को भी वर्किंग-डे के तौर पर रखा है। हैरत की बात यह है कि इस सत्र में दो दिन मुख्यमंत्री यहां रहेंगे और दो दिन नहीं रहेंगे, जिससे जाहिर होता है कि सरकार ने पिछले दो सालों में जो किया है, उसकी जवाबदेही से सरकार घबराकर भाग रही है। जयराम ने कहा कि प्रदेश सरकार को हाल ही में बिलासपुर में आयोजित किए जश्न समारोह को लेकर घेरा जाएगा, क्योंकि जिस प्रदेश में प्राकृतिक त्रासदी में हजारों घर बह गए हों, करोड़ों का नुकसान हो गया हो और सरकार ने आपदा प्रभावितों को 7-7 लाख रुपए देने का वादा किया हो, बावजूद इसके कई घरों में अब तक पटवारी भी न पहुंचे हों, तो ऐसी स्थिति में कोई जश्न कैसे मना सकता है? उन्होंने कहा कि शिकायतें मिल रही हैं कि ये लोग भाजपा के लोगों को झूठी शिकायतें और झूठे मुकदमों में फंसाने का जाल बुन रहे हैं।



### हम विपक्ष के सवालों का जवाब देने को तैयार : सीएम सुक्खू

**धर्मशाला।** सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए हमेशा से तैयार है और इस बार भी पूरी तैयारी की है, बशर्ते विपक्ष सदन से वॉकआउट न करे। विपक्ष अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाए, जनता के मुद्दे उठाए और चर्चा में भाग ले। विपक्ष को चाहिए कि वह सकारात्मक भूमिका में रहे। अमूमन देखा गया है कि विपक्ष अपनी बात सदन में रख तो देखा है, लेकिन जब सरकार जवाब देने लगती है, तो वह सदन से वॉकआउट कर जाता है। विपक्ष में तालमेल की कमी है और वह बंटा हुआ है। यदि विपक्ष भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दे लाएगा तो उससे प्रदेश का भला होगा। इसे विडंबना ही कहेंगे कि विपक्ष की भूमिका अब महज शोर-शराबे और वॉकआउट तक ही रह गई है। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष का न आना चिंताजनक है। ऐसी परंपरा पहले नहीं थी। विधानसभा अध्यक्ष सबको सर्वदलीय बैठक में बुलाते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि विपक्ष इस बैठक से कन्नी काट रहा है।



## अमृतसर के थाना इस्लामाबाद के बाहर ब्लास्ट

**एजेंसी, अमृतसर**

**अमृतसर** के थाना इस्लामाबाद के बाहर मंगलवार सुबह करीब 3:15 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाका होने के बाद पुलिसकर्मी और आसपास के घरों के लोग तुरंत बाहर निकल आए। धमाके के तुरंत बाद पुलिस कर्मियों ने थाने के गेट बंद कर दिए और अलर्ट हो गए। वहीं, धमाके की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सुबह के समय थाना इस्लामाबाद के बाहर धमाका होने की आवाज पुलिस कर्मियों को सुनाई दी थी। जांच दौरान किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। एक धमाके की आवाज जरूर सुनाई दी थी, फिलहाल उसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पिछले दिनों जो भी थाने के बाहर धमाके हुए थे, उस संबंधी एक पूरे गैंग को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके दो-तीन साथियों को अभी गिरफ्तार किया जाना बाकी है। वे भी पुलिस रडार पर हैं।



# बंजार में आग से दो मकान जलकर राख

## देवता के रथ को सुरक्षित निकाला; सोने-चांदी के आभूषण जले, 40 लाख हुआ नुकसान

**शीला कौल, बंजार**

**उपमंडल** बंजार के चैहनी गांव में आग लगने से काष्ठकुणी शैली से बने दो मकान राख हो गए। यह अग्निकांड दोपहर करीब बारह बजे हुआ। आग भक्त राम के दो मंजिला मकान में लगी, जिसने जितमू उर्फ कमला देवी के अढ़ाई मंजिला मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

जितमु देवी के घर में देवता पांच वीर का रथ सहित चेचू देवता का रथ सहित भंडार भी था। देवता के दोनों रथों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला, लेकिन देवता के भंडार के लिए रखे सोना-चांदी के आभूषणों को जलने से बचा नहीं पाए। आग से घर पर रखी अन्य सामग्री भी जल गई। इस अग्निकांड में 40 लाख रुपए की संपत्ति आग की भेंट चढ़ गई। बंजार के एसडीएम पंकज शर्मा ने भी मौके का दौरा किया। एसडीएम ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए राहत के तौर पर 40 हजार की धनराशि व तिरपाल, कंबल किचन का सामान आदि राहत सामग्री प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)



**एसडीएम ने दी प्रभावितों को 40 हजार रुपए की फौरी राहत**

# हिमाचल के पांच जिलों में 3 दिन शीतलहर का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के कुछ जिलों में भीषण शीतलहर चल रही है। इससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। मौसम विभाग ने हिमाचल के पांच जिलों में तीन दिन शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है।

18 से 20 दिसंबर के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी व ऊना जिले के कुछ इलाकों में शीतलहर चलने का ऑरेंज-येलो अलर्ट जारी किया है। उधर, मंगलवार को भी ऊना, सुंदरनगर और हमीरपुर व बिलासपुर में शीतलहर दर्ज की गई।

### छह स्थानों पर तापमान माइनस में

**राज्य** के छह स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में व पांच स्थानों पर शून्य में दर्ज किया गया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.6, सुंदरनगर 0.5, भुंतर -0.5, कल्पा 0.2, धर्मशाला 4.4, ऊना 0.4, नाहन 6.3, पालमपुर 3.0, मनाली -2.1, पालमपुर 4.2, मंडी 1.5, बिलासपुर 2.2, हमीरपुर 1.3, चंबा 1.1, जुब्बड़हट्टी 8.3, कुफरी 6.9, कुकुकमसेरी -4.6, नारकंडा 5.1, भरमौर 4.0, रिकांगपिओ 0.5, सेऊबाग 0.2, धौलाकुआं 4.8, बरठीं -0.1, समदो 5.0, पांवटा साहिब 7.0, सराहन 5.3, देहरा गोपीपुर 6.0, ताबो -6.4 व बजौरा में -0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### खड्ड में मिला पश्चिम बंगाल के युवक का शव

**घुमारवीं/जाहू।** बिलासपुर जिले के भराड़ी थाना के तहत आने वाली स्नेहल खड्ड से पश्चिम बंगाल के युवक का शव मिला है। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए हैं। पश्चिम बंगाल का 31 वर्षीय डोनिक तोपो जाहू के नजदीक एक हल्दी मसाले बनाने वाली फैक्टरी में काम करता था। सोमवार दोपहर को वह खाना खाने की बात कहकर काम से निकला था, जिसके बाद वह काम पर नहीं लौटा था। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने स्नेहल खड्ड में शव देखा और भराड़ी थाने को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

**गुड न्यूज** प्रदेश का सबसे लंबा बनेगा पुल, ऊना से लठियाणी के बीच 22 किलोमीटर की दूरी होगी कम

# सपनों का लठियाणी-मंदली पुल अब उतरेगा धरातल पर

**राजेश शर्मा, ऊना**

**दशकों** से हिमाचल खासकर कुटलैहड़ की राजनीतिक चर्चा में रही गोबिंदसागर झील में सी लिंक तकनीक के तहत बनने वाला लठियाणी-मंदली पुल जल्द ही धरातल पर उतरेगा। केंद्रीय सड़क भूतल परिवहन मंत्रालय के अधीन एनएचएआई ने बिड डालने वाली चार इंटरनेशनल स्तर की कंपनियों की जानकारी दी है। करीब 925 करोड़ के प्रस्तावित पुल के लिए ग्लोबल स्तर पर निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। जानकारी के मुताबिक, 600 करोड़ की बिड सामने आई है।

गोबिंदसागर झील पर लोगों के सपनों का पुल साकार रूप लेने को तैयार है। पुल को लेकर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड पर आई है, तो केंद्र सरकार के स्तर पर भी इसे बनाने की हरकत तेज हो गई है। कुछ समय पहले ही केंद्रीय मंत्रालय एवं राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के आला अधिकारियों सहित प्रदेश के विभागीय अधिकारियों की टीम ने क्षेत्र का दौरा किया था। उस टीम ने पुल के लिए प्रस्तावित क्षेत्र बीहड़ू, मंदली और लठियाणी क्षेत्रों का दौरा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे डीपीआर के लिए प्रस्तुत किया गया था। इस पुल के निर्माण कार्य का काम शुरू होने में अब कुछ महीनों का ही समय लगने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)




### पुल के पिल्लर की ढांचागत लंबाई 860 मीटर होगी

**डीपीआर** के बाद जमीन अधिग्रहण के लिए राशि, वन विभाग से अनुमति ऐसी औपचारिकताओं को भी पूरा किया गया है। अधिकारियों की मानें तो मंदली, बीहड़ू और लठियाणी के बीच गोबिंदसागर झील पर पुल और इसका संपर्क मार्ग लगभग आठ किलोमीटर के दायरे के बीच संपन्न होगा। पुल के पिल्लर की ढांचागत लंबाई लगभग 860 मीटर होगी। मंदली-लठियाणी पुल हरोली रामपुर पुल को पछाड़ प्रदेश का सबसे लंबा पुल भी बनेगा। हरोली पुल की लंबाई 773 मीटर के करीब है। पुल के बनने से ऊना से लठियानी के बीच करीब 22 किलोमीटर की दूरी कम होगी। इससे बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति आदि के लोगों को भी लाभ होगा। विधायक विवेक शर्मा के मुताबिक, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की मंदली पंचायत में गोबिंदसागर झील के किनारे प्रस्तावित इस पुल की कुल लंबाई 900 मीटर होने की संभावना है। इसके बनने से बीहड़ू-मंदली से लठियाणी की दूरी और बड़सर होकर हमीरपुर की दूरी भी लगभग 30 किलोमीटर कम होगी। क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के लोग इसके बनने से लाभान्वित होंगे। अभी लोगों को लगभग 30 किलोमीटर का सफर तय कर वाया थानाकलां और बंगाणा जाना पड़ता है।

**बिलासपुर हमीरपुर, मंडी कुल्लू, लाहौल स्पीति के लोगों को होगा फायदा**

### शम्सी जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ मंदिर मामले की सुनवाई टली

**बदायूं (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम शम्सी जामा मस्जिद केस के मामले की अब अदालत ने 24 दिसंबर की तारीख अगली सुनवाई के लिए लगा दी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान जामा मस्जिद की तरफ से इंतजामिया कमेटी की अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर मस्जिद विवाद में कोई भी आदेश देने पर रोक लगा रखी है इस मामले में सुनवाई नहीं होनी चाहिए। अब बदायूं की अदालत 24 दिसंबर को तय करेगी कि जामा मस्जिद शम्सी बनाम नीलकंठ मंदिर मामले में सुनवाई होगी या नहीं। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि अगर निचली अदालत कोई आदेश पारित नहीं कर सकती, तो ऐसे मामलों की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है।

## कांग्रेस ने जल विवादों को दिया बढ़ावा किसानों के लिए कुछ नहीं किया : मोदी

**एजेंसी, जयपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में ऊर्जा, सड़क व रेलवे से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपए से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करेंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने राज्यों के बीच जल विवादों को बढ़ावा दिया। किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले न तो खुद किसानों के लिए कुछ करते हैं न ही दूसरों को कुछ करने देते हैं। भाजपा की नीति विवाद की नहीं संवाद की है और वह व्यवधान में नहीं समाधान में विश्वास रखती है। मोदी राजस्थान सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर दादिया में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने आरोप लगाया कि तब उसे रोकने के लिए भी कांग्रेस और कुछ एनजीओ की ओर से तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए।



## न्यूज ब्रीफ

### ओजस ने कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई हिमरी निवासी ओजस पुत्र श्री राकेश चतरा व राधा ने राष्ट्रीय पायथन गेम्स कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। जो हिमाचल विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन कर रहा है। इनकी स्कूली शिक्षा ऑकलैंड हाउस स्कूल शिमला से हुई है। इनके पिता राकेश चत्तरा पंचायती राज विभाग में ग्राम पंचायत देवगढ़ में सचिव के पद पर कार्यरत है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में करवाई ज्ञान परीक्षा

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में भी किया गया है। ज्ञान परीक्षा कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की गई। इस दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं सहित कुल 121 छात्रों ने भाग लिया। इस परीक्षा में बतौर पर्यवेक्षक पूनम चौहान एवं चंपा वर्मा भी उपस्थित रही।



### विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता के ऊपर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर धर्मेंद्र मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मनी वाइज प्रोजेक्ट के तहत वित्तीय साक्षरता केंद्र मशोबरा से सुश्री वंदना तथा हैप्पी वर्मा ने विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रहे। कुमारी वंदना ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

### धामी कॉलेज में एनएसएस शिविर का आगाज



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आगाज हुआ। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जरेट ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन स्वयंसेवी अनुष्का शर्मा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता शर्मा ने स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रवीण जरेट ने स्वयंसेवकों को शिविर की शुभकामनाएं दी और उन्हें समाज की सेवा के लिए अच्छे नागरिक तैयार करने की बात की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रुपरेखा का ब्यौरा देते हुए बताया कि यह शिविर 'जागृत युवा सशक्त भारत' थीम पर आयोजित किया जाएगा।

### बसंतपुर में क्षय रोग बारे किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** विकास खंड कार्यालय,बसंतपुर में पंचायती प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर द्वारा आयोजित तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इंपैक्ट इंडिया परियोजना द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में ब्लॉक की 15 पंचायतों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को क्षय रोग के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इस रोग से संबंधित जानकारी एवं निवारण के उपायों के प्रति संवेदनशील बनाया गया।

### महिला के साथ मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** खेतों में काम कर रही महिला के साथ मारपीट की गई। थाना बरमाणा पुलिस ने चंपा देवी निवासी करोट डाकघर डोभा तहसील सदर की शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में चंपा देवी ने कहा है कि गत शाम को वह अपने खेतों में काम कर रही थी। इस दौरान उसका पड़ोसी वहां पर आया और आते ही गाली-गलौज करने लग पड़ा। महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपित ने उसके साथ मारपीट की तथा खेतों में गिरा दिया। इससे उसके सिर, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगीं। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### पेंशनर दिवस पर पेंशनर्स को दिया सम्मान



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर का अखिल भारतीय पेंशनर दिवस पर वार्षिक सम्मान समारोह जिला प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में घुमारवीं में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुरेश कुमार सोनी पूर्व चेयरमैन हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ़ स्कूल एजुकेशन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकित की तथा संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्मानी और राज्य वरिष्ठ उपप्रधान हरीश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रधान जगदीश दिनेश द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों को शाल, स्मृति चिन्ह और टोपी देकर सम्मानित किया गया। इस वार्षिक सम्मान समारोह में 95 पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को मोमेंटो, शॉल और टोपी देकर सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री हर चौक-चौराहे पर सफेद झूठ बोल कर पेंशनरों और आम जनता को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार के पास किसी भी प्रकार कर वित्तीय संकट नहीं है, लेकिन पेंशनरों की लंबित देन दारियां देने में आजतक आनाकानी कर रही है।

### 75 वर्ष से ऊपर के पेंशनर्स किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स दिवस के मौके पर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई की बैठक प्रधान इंजीनियर रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में घुमारवीं में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत पेंशनर्स के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में चीफ इंजीनियर एचएस चंदेल व इंजीनियर अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा अपने संबोधन में पेंशनर्स की मांगों व संगठन को अधिक मजबूत करने व मीटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। इस बैठक में 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 15 पेंशनर्स को सम्मानित करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। बैठक में एमएस गुलेरिया, आरआर रतन, आरपी शर्मा, बलदेव राज, डीडी शर्मा सहित करीब 103 पेंशनर्स ने भाग लिया।

### भाजपा संगठन पर्व पर बरठीं में हुआ कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** भाजपा संगठन पर्व के अवसर पर लखपति मैरिज पैलेस धरोटी (बरठीं) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक जीत राम कटवाल विशेष रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक चुनाव प्रभारी ओपी गांधी और श्याम मन्हास विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभी हाल ही में झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवगठित भाजपा के दो मंडलों शाहतलाई और झंडूता के लिए मंडल अध्यक्षों की घोषणा विधिवत रूप से चुनाव प्रभारियों के द्वारा की गई। मंडल शाहतलाई के मंडल अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव राकेश गौतम ने दिया, जिसका समर्थन मनोज लखवा ने किया और डॉ. राम प्रकाश को चुनाव प्रभारी श्याम मन्हास ने शाहतलाई मंडल का अध्यक्ष घोषित किया। मंडल झंडूता के अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव शैलजा शर्मा ने दिया, जिसका समर्थन इंद्र सिंह चंदेल ने किया और रसम सिंह चंदेल को चुनाव प्रभारी ओपी गांधी ने झंडूता मंडल का अध्यक्ष घोषित किया। दोनों प्रस्तावों को हाल में बैठे लगभग 300 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों सहित एकमत होकर ध्वनिमत से पारित किया।

# गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में एसएफआई ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते एसएफआई के सदस्य।

एसएफआई राज्य कमेटी ने प्रदेश सरकार द्वारा गेस्ट टीचर शिक्षक भर्ती करवाए जाने के विरोध में शिमला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया।

एसएफआई राज्य सचिव दिनीत ने आरोप लगाया कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार प्रदेश में युवा विरोधी नीतियां लाकर लगातार प्रदेश को पीछे धकेलने का काम कर रही है। प्रदेश में जो युवा व छात्र मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने घरों से कोसों दूर रह कर तैयारी कर रहा है कि एक दिन वह अपनी मेहनत से अपने सपने पूरे करेगा, लेकिन बीते दो सालों में सरकारी भर्तियों में ग्रहण लगा है राज्य चयन आयोग भी दो साल से बंद पड़ा था परंतु कुछ दिनों पहले से पुराने भर्तियों के परिणाम निकाले जा रहे है।

इन परिणामों के लिए भी प्रदेश के युवाओं को कई दिनों तक आंदोलन करने पड़े उसके बाद इन परिणामों को घोषित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी स्वीकृत भर्तियों को निरस्त कर दिया गया है और आउटसोर्स के नाम पर धांधलियों को अंजाम दिया जा रहा है।

**सरकार पर युवा विरोधी नीतियां लाने का आरोप**

एसएफआई का मानना है कि गेस्ट टीचर का प्रावधान नई शिक्षा नीति की ही देन है, जिसका शुरू से ही एसएफआई विरोध करती आई है। एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने चिंता जाहिर करते हुए कहा हैं कि हिमाचल प्रदेश में सीमित उद्योग और द्व सेक्टर न होने के कारण प्रदेश के पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार के लिए सरकार की नौकरियों पर ही निर्भर रहना पड़ता है या तो प्रदेश से बाहर पलायन करना पड़ता है।

एसएफआई ने कहा की अगर इस प्रपोजल को वापिस नही लिया जाता है तो आने वाले समय के अंदर एसएफआई प्रदेश में युवाओं और छात्रों को एकजुट करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी।

## एबीवीपी ने गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने आज विश्वविद्यालय परिसर में गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य गेस्ट टीचर पॉलिसी को वापस लेने और स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को मजबूती से उठाया। इकाई अध्यक्ष हनी शर्मा ने बताया कि पढ़ाई की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य है।

गेस्ट टीचर पॉलिसी से न केवल छात्रों की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि इससे शिक्षकों के भविष्य पर भी अनिश्चितता बनी रहती है। विश्वविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान में लगभग 700 से 800 छात्रों ने भागीदारी को सुनिश्चित किया। विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश भर में इस गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया और और प्रदेश सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में और उग्र आंदोलन करेगी।



## जुब्बल की अध्यक्ष बनी मीनाक्षी और कोटखाई नावर मंडल के सुंदर डोगरा

**दशमी रावत, रोहड़ू**



जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा में संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों में सर्वसम्मति से भाजपा मंडल अध्यक्ष बने हैं। इस बार जुब्बल भाजपा मंडल में महिला को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा भी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

कोटखाई नावर भाजपा मंडल की बैठक कोटखाई में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी आलाकमान की की ओर से भेजे गए चुनाव अधिकारी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र परिहार की अध्यक्षता में चुनावी प्रक्रिया पुरी हुई। जिसमें सर्वसहम्मति से उभादेश क्षेत्र के सुंदर डोगरा को मंडल का अध्यक्ष चुना गया।

जुब्बल में भाजपा मंडल की बैठक दोपहर बाद हुई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने की। बैठक में सर्वसहम्मति से कायना पंचायत की निवासी मीनाक्षी मांटा को भाजपा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## सुन्नी में पेंशनरों को किया सम्मानित



**सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्ज कल्याण संगठन खंड सुन्नी की ओर से माता काली सधाई कालीघाट मंदिर परिसर सुन्नी में पेंशन दिवस मनाया गया। 75 वर्ष से आयु वर्ग के दस पेंशनरों को शॉल एवं टोपी देकर सम्मानित किया गया। पेंशनर्ज कल्याण संगठन खंड सुन्नी अध्यक्ष ऋतु राज शर्मा की अध्यक्षता में 80 सदस्यों ने हिस्सा लिया। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी आरडी पंवर समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

## रामबाजार में क्रॉसिंग प्वाइंट पर हो रहे हादसे, निगम बेखबर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के राम बाजार में सेंट थॉमस विद्यालय के समीप सेना प्रशिक्षण कमान के समाने क्रॉसिंग प्वाइंट हादसे की जगह बन चुकी है।

यहां सेंट थॉमस स्कूल की प्रधानचार्या विधुप्रिया चक्रवर्ती की ग्रिल के बीच पूरी टांग फस गई, जिसकी वजह से उन्हें करीब 1 घंटे तक सड़क पर मजबूरी में दर्द से परेशान होना पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से करीब 1 घंटे की जदोजहद के बाद ग्रिल काट कर उनकी टांग को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों व सेंट थॉमस स्कूल के प्रबंधन ने नगर निगम शिमला की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए है। इससे पूर्व भी इस स्थान पर कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं। इस जगह के समीप अन्य और विद्यालय भी आते हैं और यह रास्ता आमजन का रास्ता भी है, कई बार ऐसा भी हुआ है कि स्कूल के विद्यार्थी विद्यालय के कर्मचारी व आम लोग कई बार इस जगह पर हादसे का शिकार हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन के कान पर आज तक जू तक न रेंगी।

स्थानीय जनता व विद्यालय प्रबंधन ने मांग की है कि नगर निगम शिमला की टीम मौके पर आकर इस स्थान का निरक्षण करें। इस जगह व इसके आसपास की अन्य जगहों पर मरमम्मत कर उन्हें ठीक किया जाये ताकि लोगों को और बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो और इस तरह के हादसे भी टाले जा सके।

## पेंशनर्स कल्याण एसो. की बैठक संपन्न

**चौपाल/नेरवा।** पेंशनर्ज कल्याण एसोसिएशन चौपाल ब्लॉक की बैठक चौपाल मुख्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, एनआर चौहान रहे।

बैठक में प्रदेश पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन के सयुंक्त सचिव रविंद्र चंदेल बतौर प्रेक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम 80 वर्ष से उपर की आयु के पैंशन भोगियों को ब्लॉक अध्यक्ष और महासचिव द्वारा टोपी, शॉल और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के महासचिव ज्ञान ऑकटा ने ब्लॉक में हुई गतिविधियों और कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की। सुरेश चौहान ने कहा की पैंशन भोगियों की मांगों को सरकार के समक्ष रखेंगे।

## पावर कट से लोग परेशान

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

सर्दियों के आगमन के साथ ही विद्युत लोड के अत्यधिक बढ़ने से विभिन्न क्षेत्रों में सुबह शाम लग रहे पावर कटों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सहायक अभियंता विद्युत मंडल नेरवा अरविन्द धीमान ने कहा कि 22 केवी नियंत्रण केंद्र नेरवा और झिकनीपुल में ओवर लोडिंग की वजह से झिकनीपुल से बमटा, झिकनीपुल से खैल, नेरवा से दवडडा, नेरवा से देइया तथा नेरवा बाजार आदि सभी फीडर में सुबह साढ़े सात से साढ़े नौ एवं शाम को साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक अलग-अलग समय में आधे आधे घंटे अथवा परिस्थितियों के हिसाब से इससे कम या ज्यादा समय के लिए पावर कट लगाए जा रहे है।

उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उधर





अधिशाषी अभियंता चौपाल विद्युत् मंडल चौपाल गोवर्धन दिलटा ने कहा कि सर्दियों में अत्यधिक लोड बढ़ जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। यदि कट न लगाए तो पूरे सिस्टम के ट्रिप होने का खतरा बना रहता है। इन दिनों सुबह व शाम के समय 22 केवी नियंत्रण केंद्र झिकनीपुल और खैल फीडर के तहत अधिकांश स्थानों पर लोड बढ़ने की समस्या आ रही है, जिस वजह से अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में पावर कट लगाए जा रहे है,जबकि नेरवा और चौपाल शहर में भी दस से पंद्रह मिनट के कट लगाने पड़ रहे है। (अनंत ज्ञान)

## महिलाओं को व्यावसायिक विकास का दिया ज्ञान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय महाविद्यालय सीमा के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा 10 से 17 दिसंबर तक 7 दिवसीय कौशल उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका समापन सफलतापूर्वक हो चुका है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक कौशल एवं व्यावसायिक विकास में सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।

महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. रवि किरण शर्मा ने कार्यशाला का सफल समन्वयन किया। कार्यशाला के दौरान प्रो. अश्वनी शर्मा, डॉ. महिंद्र सिंह, प्रो. दीपक नेगी व लोकेंद्र ठाकुर का विशेष योगदान रहा व सहयोग सराहनीय रहा।

# सुरेश ठाकुर को घुमारवीं और जोरावर सिंह को चुना भराड़ी मंडल अध्यक्ष

### राजेंद्र गर्ग बोले, घर-घर जाकर बताएं कांग्रेस सरकार के जनविरोधी फैसले

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



भारतीय जनता पार्टी घुमारवीं ने मंगलवार को मिलन पैलेस में बैठक का आयोजन किया। बैठक में घुमारवीं भाजपा तथा भराड़ी भाजपा के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। घुमारवीं भाजपा मंडल से सुरेश ठाकुर और भराड़ी भाजपा मंडल से जोरावर सिंह पटियाल को अध्यक्ष की कमान सौंपी गई।

इस मौके पर घुमारवीं भाजपा मंडल से नवीन शर्मा तथा भराड़ी भाजपा मंडल से प्रताप राव को जिला डेलीगेट नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा और आईटी सैल संयोजक अनिल डडवाल बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। वहीं, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में अपना बूथ जिताने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर सुचेत सिंह जम्वाल ने भाजपा का दामन थामा।

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और बागवानों सहित सभी वर्गों के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपये की गारंटी भी पूरी नहीं की गई, जिससे कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियां उजागर हो रही हैं।

गर्ग ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा। गर्ग ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार कंगाल हो चुकी है, कर्ज पर कर्ज उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए पानी की किल्लत को दूर करने के लिए भाजपा सरकार में उन्होंने सतलुज नदी से पानी उठाने की योजना बनाई गई थी। जिसका कार्य भाजपा के कार्यकाल में 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था, केवल 20 प्रतिशत ही शेष था, लेकिन कांग्रेस सरकार और घुमारवीं से तकनीकी शिक्षा मंत्री इसे दो सालों में भी पूरा नहीं करवा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा के समय शुरू हुई परियोजनाओं का श्रेय लेने की होड़ में लगी हुई है। बैठक के समापन पर आगामी रणनीतियों और मासिक बैठकों की योजना पर चर्चा की गई।

## घुमारवीं में मॉडल सूचना प्रौद्योगिकी पर करवाया सेमिनार

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज घुमारवीं में बीसीए/पीजीडीसीए विभाग के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक ओएसआई (ओपन सिस्टम इंटर कनेक्शन) मॉडल-सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे की रीढ़ था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रचार्य डॉ. राकेश राणा सदस्य सचिव डॉ. सुरेश शर्मा बीसीए तथा पीजीडीसीए विभाग के समन्वयक डॉ. सूर्यकांत धीमान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य ने कार्यक्रम के शुभारंभ करते हुए कहा कि नियमित कक्षाओं के साथ सेमिनार जैसे कार्यक्रम छात्रों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम की तरह सिद्ध होते हैं। इस कार्यक्रम में रिसोर्सपर्सन के तौर पर मोहाली स्थित तक्षशिला लैब्स प्राईवेट. लिमिटेड कंपनी के निदेशक रवि कांत सांख्यान उपस्थित रहे, जिनके पास सुरक्षित आईटी सिस्टम डिजाइन करने, जटिल नेटवर्क चुनौतियों को हल करने और अकादमिक ज्ञान को संरेखित करने में विशेषज्ञता है। इस सेमिनार में छात्रों को कंप्यूटर नेटवर्क से संबंधित सभी लेयर्स के बारे में विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी क्षेत्र में नौकरी के अवसर प्रदान करना था।

## हंसराज को बिलासपुर और पवन को सौंपी सदर मंडल की कमान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के तहत दो नवगठित मंडलों के मुखिया मंगलवार को सर्वसम्मति से चुन लिए गए। जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित चुनावी बैठक में भाजपा के प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने बतौर चुनाव प्रभारी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल विशेष तौर पर मौजूद रहे। बिलासपुर मंडल की कमान सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष हंसराज ठाकुर तथा सदर मंडल की कमान पवन ठाकुर को सौंपी गई।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा में संगठन का कामकाज सही ढंग से चलाने की कारगर व्यवस्था है। इसमें ऐसा ढांचा विकसित किया गया है, जिससे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का कोई भी संदेश या निर्देश प्रदेश, जिला, मंडल तथा ग्राम केंद्र अध्यक्ष से होते हुए महज आधे घंटे में बूथ स्तर पर पहुंच जाता है। इसी तरह फील्ड से किसी भी तरह की फीडबैक भी तुरंत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाई जाती है। इसी संगठनात्मक व्यवस्था की वजह से भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनने का गौरव मिला है।

त्रिलोक जमवाल ने कहा भाजपा संगठन में किसी के लिए भी कोई पद स्थाई नहीं है। जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, लेकिन हर कार्यकर्ता केवल कमल के फूल को ऊंचा उठाने के लिए समर्पित ढंग से काम करता रहता है।

## बगटूर मार्शल आर्ट हिमाचल की टीम ने जीते पांच पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

इंडियन पाइथन काउंसिल के बैनर तले बगटूर फेडरेशन इंडिया द्वारा ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकूला में आयोजित बगटूर मार्शल आर्ट फेडरेशन कप में हिमाचल के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। हिमाचल प्रदेश बगटूर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने बताया कि हरियाणा में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय पाइथन कल्चरल खेल प्रतियोगिता में 31 गेम्स खेली गईं। इस प्रतियोगिता के दौरान बगटूर मार्शल आर्ट फेडरेशन कप का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश बगटूर एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने पांच पदक अपने नाम किए हैं। सब



जूनियर में आदित्य ने 32 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक, अब्बास अली ने 36 किलो में रजत तथा शिव परमार ने 40 किलो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लड़कियों में सब जूनियर में साक्षी ठाकुर ने 52 किलो वर्ग में स्वर्ण एवं जूनियर वर्ग में समिक्षा ने 45 किलो भार वर्ग में पदक प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश बगटूर एसोसिएशन मार्शल आर्ट के राज्य महासचिव सराज अख्तर ने बताया कि तीन स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी फरवरी 2025 में नेपाल में होने वाली अंतरराष्ट्रीय बागडोर मार्शल आर्ट एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**सुविधा** नगर नियोजन और आवास मंत्री ने घुमारवीं बस स्टैंड निकासी सड़क का किया भूमि पूजन

## क्षेत्रवासियों को जाम से मिलेगी निजात : राजेश धर्माणी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**


नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को घुमारवीं बस स्टैंड से संबंधित निकासी सड़क का भूमि पूजन किया। सड़क के निर्माण से बस स्टैंड और राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर वाहनों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे घुमारवीं में लंबे समय से जाम की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह परियोजना पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत की गई थी। इसके लिए 15 लाख रुपये की धनराशि और राष्ट्रीय उच्च मार्ग की स्वीकृति प्राप्त की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया



गया है और प्रभावित भूमि मालिकों को मुआवजा वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि यातायात संबंधी समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेला ग्राउंड की सड़क को उच्च गुणवत्ता के साथ बनाने के लिए 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही गरीब परिवारों के लिए सीर खड्ड पुल के समीप नई दुकानें बनाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि इन दुकानों का आवंटन वंचित और जरूरतमंद परिवारों को किया जाएगा, जिससे उन्हें आजीविका कमाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य घुमारवीं को हर क्षेत्र में विकसित करना है। इस निकासी सड़क का निर्माण न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार करेगा, बल्कि घुमारवीं के इस क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के पिछले पांच वर्षों में इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। वर्तमान सरकार ने इस परियोजना को फिर से गति प्रदान कर घुमारवीं शहर के विकास के लिए संकल्प लिया है। उन्होंने घुमारवीं में नए पुलिस थाने का निरीक्षण किया और थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया व स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




# सर्वदलीय बैठक में नहीं पहुंची भाजपा, अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**पुनित शर्मा, धर्मशाला**

तपोवन में शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा से कोई मौजूद नहीं हुआ। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नाराजगी जताई। मंगलवार को 12:30 बजे पठानिया ने 18 दिसंबर से आरंभ होने वाले 14वीं विधानसभा के सप्तम सत्र से पूर्व तपोवन विधानसभा परिसर में अपने कार्यालय कक्ष में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की परंपरा रही है कि अध्यक्ष सत्र आरंभ होने से पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाते रहे हैं। उन्होंने भी उसी परम्परा को निभाते हुए सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के नेताओं को इस बैठक में बुलाया था।

सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बैठक में मौजूद रहे जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा सदस्य सुख राम चौधरी बैठक में शामिल नहीं हुए। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी बैठक में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



## चार दिन के सत्र में उठेंगे 316 प्रश्न

चार दिवसीय शीतकालीन सत्र को लेकर सचिवालय ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। इस दौरान विधानसभा सचिवालय को कुल 316 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई, जिनमें विधानसभा सदस्यों द्वारा 248 तारांकित और 68 अतारांकित प्रश्न सदन में उठाए जाएंगे। तारांकित 248 प्रश्नों में 128 ऑनलाइन जबकि 120 ऑफलाइन हैं। इसी तरह अतारांकित प्रश्नों में 32 ऑनलाइन और 36 ऑफलाइन पूछे गए हैं।

## 15 बिल होंगे प्रस्तुत

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंगलवार को तपोवन विधानसभा परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस बार सत्र में नियम 62 के तहत 5, नियम 63 के तहत एक, नियम 101 के तहत 5 और नियम 130 के तहत तीन विषयों पर सदस्यों द्वारा सदन में चर्चा की जाएगी। इस बार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार द्वारा सदन में 15 बिल प्रस्तुत किए जाएंगे, जिन पर चर्चा होने के बाद उन्हें पारित किया जाएगा।

## जीरो आवर में उठेंगे प्रदेश हित से जुड़े मुद्दे

इस बार सत्र में हिमाचल विधानसभा के इतिहास में पहली बार जीरो आवर की शुरुआत की गई है। इसके तहत रोजाना सत्र के दौरान 12 से 12:30 बजे तक कोई भी सदस्य प्रदेश हित से जुड़े मुद्दे सदन में उठा सकता है। इसके लिए सत्र से डेढ़ घंटा पूर्व सदस्य को विधानसभा सचिव को इसकी सूचना देनी होगी। एक सदस्य अधिकतम दो विषय जीरो आवर के दौरान उठा सकता है।

## 'नेवा' ऐप पर देख सकेंगे विधानसभा की कार्यवाही

नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन यानी 'नेवा' ऐप के माध्यम से हर व्यक्ति अपने घर में बैठकर तपोवन में होने वाली विधानसभा की कार्यवाही देख सकेंगे। शिमला विधानसभा परिसर में नेवा लागू करने के लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय को राशि स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जोकि उनके विचाराधीन है। बजट प्राप्त होने के बाद हिमाचल प्रदेश विधानसभा शिमला भी नेवा ऐप के तहत ऑनलाइन कर दी जाएगी।

# दो साल में हुए डेढ़ हजार संस्थान बंद : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पूर्व संध्या पर कहा कि सुक्खू सरकार ने दो सालों में डेढ़ हजार संस्थान बंद कर दिए हैं। 10 हजार से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी घर बैठा दिए गए और जो काम कर रहे हैं उन्हें चार से दो महीनों से सैलरी नहीं मिली है। 25 करोड़ रुपए जश्न के नाम पर फूंक दिए गए और लोगों के बीच अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने की बात कह कर उन्हें गुमराह किया जा रहा है।

जयराम ने कहा कि बिलासपुर में कांग्रेस के जश्न में उन्हीं के द्वारा लाई गई महिलाओं ने उनकी जनसभा में पोल खोल कर रख दी जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछे तो महिलाओं का सरकार के खिलाफ रोष दिखा। वायरल वीडियो में महिलाएं सुनी जा सकती है कि वे पूछ रही हैं कि 1500 रुपए का क्या हुआ मुख्यमंत्री जी? जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि ये महिलाएं तो भाजपा लेकर नहीं गई थी जश्न में। अब तो सरकार को समझ जाना चाहिए कि आपकी झूठी गारंटियों को लेकर जनता में आक्रोश कितना है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर की आई इन तीन महिलाओं और कुछ अन्य लोगों ने इंटरव्यू दिया और तीनों ने ही सरकार पर आरोप लगाया है।

# विपक्ष की सोच विधानसभा की गरिमा के विपरीत : चौहान



सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के न पहुंचने पर संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने गहरा खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक विधानसभा की परंपरा के तहत बुलाई जाती है, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के नेताओं की उपस्थिति आवश्यक होती है। चौहान ने कहा की यह दूसरी बार है जब विपक्ष ने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया है।

यह न केवल विधानसभा की गरिमा के विपरीत है, बल्कि प्रदेश के जनहित के मुद्दों की अनदेखी भी है उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है और इसके आयोजन में सरकार का काफी खर्च भी होता है।

ऐसे में विपक्ष का इस बैठक में भाग न लेना बेहद चिंताजनक है। संसदीय कार्यमंत्री ने विपक्ष के नेताओं से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें और जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श करें उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में विपक्ष अपनी भूमिका को सकारात्मक ढंग से निभाएगा और प्रदेश के विकास में सहयोग करेगा।



**उपमुख्य सचेतक बनने के बाद केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को पहली बार धर्मशाला विधानसभा परिसर में अपने कक्ष में जाकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह कुर्सी गौरव के साथ-साथ उनकी जिम्मेदारी को भी बढ़ाती है। उपमुख्य सचेतक होने के नाते हिमाचल प्रदेश विधानसभा की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए उसके सुचारु संचालन के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे।**

# विपक्ष सदन में तो भाजपा संगठन बाहर से बोलेगा हल्ला



**शीतकालीन** सत्र के पहले दिन ही भाजपा ने सुक्खू सरकार को पूरी तरह से चित्त करने की तैयारी कर ली है। विपक्ष जहां सदन के भीतर सरकार पर हमला बोलता नजर आएगा वहीं भाजपा संगठन तपोवन के बाहर जोरावर स्टेडियम तें आक्रोश रैली के माध्यम से हल्ला बोलेगा। भाजपा पार्टी द्वारा आकोश रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं जोरावर स्टेडियम में एकत्रित होने को कहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा पहले ही चेतावनी दी गई है कि इस सत्र के दौरान सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालने वाले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुमन बनी कंप्यूटर शिक्षक संघ की प्रदेशाध्यक्ष



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ की वर्चुअल मीटिंग संघ के मुख्य संयोजक व थुरल स्कूल के कंप्यूटर अध्यापक अजीत धीमान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संघ की तेज तरार व स्पष्टवादी नेता सुमन ठाकुर (जिला हमीरपुर) को हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ का राज्य अध्यक्ष बनाया गया। ज्ञात रहे कि सुमन ठाकुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बहुत करीबी हैं और लगभग पिछले एक वर्ष से कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संघ के लिए कार्य कर रही थीं। अब उन्हें विधिवत् व आधिकारिक रूप से राकेश कुमार शर्मा (पूर्व में रहे अध्यक्ष) की जगह संघ की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही पुरानी राज्य कार्यकारिणी को भी भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें शिमला से सुरेंद्र जस्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सिरमौर से इंद्र पुंडीर को महासचिव, कांगड़ा से संजीव कटोच, सोलन से धीरज, मंडी से रमेश ठाकुर को उपाध्यक्ष व ऊना से हरदेव व चंबा से रवि ठाकुर को सहसचिव बनाना गया है। इसके अतिरिक्त अजीत धीमान के पास वित्त व मीडिया प्रभारी का भी कार्यभार रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### 26 से उपलब्ध होगा वर्ष-2025 का सरकारी कैलेंडर

**शिमला।** प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता बताया कि आम जनता को वर्ष-2025 के सरकारी कैलेंडर 26 दिसंबर, 2024 से विक्रेय किए जाएंगे। कैलेंडर की कीमत 20 रुपए निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त व्यापक उपलब्धता की सुविधा के लिए एजेंट तथा सभी जिलों की रेड क्रॉस सोसायटियां इस कैलेंडर को मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग से 20 रुपए में खरीदकर 22 रुपए में बेच सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में कैलेंडर सुगमता से उपलब्ध करवाने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।

### उपमुख्यमंत्री ने माधवन के निधन पर जताया शोक

**शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कांग्रेस ससंदीय दल के अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव रहे पीपी माधवन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। पीपी माधवन का अपने काम के प्रति अटूट समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने गहरा दुःख जताते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोक स्तब्ध परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम परिवार जनों के साथ खड़े है।

### नाबालिगा से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर चला पता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर गर्भवती करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर में पीड़िता की मां ने दुष्कर्म की शिकायत दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि सोमवार को उनकी बेटी के पेट में अचानक तेज दर्द उठा, जिसके बाद वह उसे उपचार के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल आईजीएमसी ले गए । जहां डॉक्टरों ने उसके गर्भवती होने की बात कही। डॉक्टरों के बेटी को गर्भवती होने की बात कहने के बाद परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई , जिसके बाद उन्होंने इस विषय मे युवती से पूछा जिसमें युवती ने बताया कि मोहित नामक युवक ने उसके साथ शिमला में रिज के साथ अपने दोस्त के घर मे उसकी बिना सहमति के उसके साथ शारीरिक सबंध बनाएं , लेकिन डर के कारण वह इसके बारे में किसी को बता नहीं सकी। उसनें परिजनों को बताया कि युवक शिमला के नारकंडा का रहने वाला है। उधर पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस थाना सदर में पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तलिहार के अग्नि पीड़ित को भेजा दो लाख का चेक


**अनंत ज्ञान, बंजार।** आरट्रैक शिमला की ओर से बंजार के तलिहार अग्नि प्रभवित परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। बीते दिनों 26 अक्तूबर को बंजार क्षेत्र की तीर्थन घाटी की पंचायत शर्ची के गांव तालिहार में भीषण अग्नि कांड में जहां सेवानिवृत्त नायक टेक राम के मकान में आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हो गया था व घर पर रखा सारा सामान सहित ढाई मंजिला मकान भी इस आगजनी की घटना में जल कर राख हो गया था। आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला द्वारा मंगलवार को 2 लाख रुपए का चेक सेवानिवृत्त नायक टेक राम को अध्यक्ष तेजा सिंह, नायक महेंद्र शर्मा, नायक मंगत राम की मौजदूगी में दिया गया।



# एचपीएमसी की सीए भंडारण क्षमता दो साल में हुई दोगुनी : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सक्षम नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) की नियंत्रित वातावरण भंडारण (सीए स्टोर) क्षमता को पिछले दो वर्षों के दौरान दोगुना किया गया है। राज्य में 7 सीए स्टोर में कुल भंडारण क्षमता वर्ष 2023 से पहले 3,380 मीट्रिक टन थी जिसे सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अब बढ़ाकर 8260 मीट्रिक टन कर दिया गया है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में बागवानों और किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सीए स्टोर की क्षमता में वृद्धि इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इससे बागवानी क्षेत्र से जुड़े हजारों परिवार लाभान्वित होंगे। अब बागवानों को ऑफ-सीजन के दौरान अपनी उपज के बेहतर दाम मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से एचपीएमसी बुनियादी अधोसंरचना को विस्तार प्रदान कर रही है। इस कड़ी में गुम्मा सीए स्टोर की क्षमता 640 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 2017 मीट्रिक टन कर दी गई है और जरोल-टिक्कर सीए स्टोर की क्षमता अब 640 मीट्रिक टन से बढाकर 2062 मीट्रिक टन किया गया है।

इसी प्रकार से रोहड़ू सीए स्टोर की क्षमता 700 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 2031 मीट्रिक टन कर दी गई है। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधा के लिए रिकांगपिओ में 250 मीट्रिक टन और चच्योट में 500 मीट्रिक टन की क्षमता वाले नए सीए स्टोर स्थापित किए गए हैं। बागवानों और किसानों को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार ने सीए स्टोर बुकिंग दरें भी 2 रुपए प्रति किलोग्राम प्रतिमाह से घटाकर 1.60 रुपए प्रति किलोग्राम प्रतिमाह की हैं, जिससे किसानों और बागवानों को वित्तीय राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए पिछले दो वर्षों के दौरान अनेक निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन की शुरुआत की है।

# आवर्ली बेस्ड टीचर अस्थायी व्यवस्था : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि 'आवर्ली बेस्ड टीचर' एक अस्थायी व्यवस्था है। प्रदेश सरकार किसी विषय के अध्यापक के छुट्टी पर जाने की अवधि के दौरान इन अध्यापकों की सेवाएं पीरियड के आधार पर ली जा सकेंगी और यह सेवाएं एक महीने में दस दिन से अधिक नहीं ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सरकार इसलिए कर रही है ताकि किसी अध्यापक के अवकाश पर जाने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई एक दिन भी प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि 'आवर्ली बेस्ड टीचर' से शिक्षा विभाग में नियमित भर्ती प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी और वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता सीधी भर्ती से अध्यापकों को नौकरी प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 15 हजार पदों पर भर्ती कर रही है, जिनमें से तीन हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं और बाकी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को बेवजह तूल देने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में अध्यापकों की भर्ती नहीं हुई, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सरकार ने बिना बजट और बिना स्टाफ के सिर्फ नए संस्थान खोलने या अपग्रेड करने की घोषणाएं ही की ताकि विधानसभा चुनाव में इसका राजनीतिक लाभ उठाया जा सके, लेकिन प्रदेश की जनता ने चुनाव में भाजपा को सिरे से नकार दिया। पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण हिमाचल प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा का स्तर गिरा

# अटैकिंग मोड में रहेगी भाजपा, सत्र से पहले पक्ष-विपक्ष ने बैठक कर बनाई रणनीति

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

शीकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस सरकार मंगलवार को शिमला को छोड़कर धर्मशाला पहुंच गई। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने एक दिन पहले ही अपने विधायकों के साथ धर्मशाला में डेरा डाल दिया।

बुधवार यानी 18 दिसंबर को पहले दिन से ही भाजपा अटैकिंग मोड में रहेगी। इसके लिए विपक्षी दल ने निजी होटल में विपक्ष के नेता की अध्यक्षता में बैठक की तथा सदन में उठाए जाने वाले मुददों पर चर्चा की। बैठक में सदन के बाद होने वाली आक्रोश रैली पर भी ध्यान केंद्रीत किया गया तथा रैली को सफल बनाने व सरकार पर हमला बोलने के लिए अपने विचारों को सांझा किया।



दूसरी और धर्मशाला के होटल धौलाधार में मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विपक्ष सवालों तथा सरकार की दो साल का उपलब्धियों को दर्शाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मंत्रियों को बताया गया कि उन्हें अपने विभाग के कामों की जानकारी कैसे देनी है।

बैठक में सरकार ने माना की विपक्ष के पास सदन में बोलने का कोई मुद्दा नहीं है। बैठक में सत्र के दौरान क्या रणनीति रहेगी उस पर चर्चा हुई।

# होटल कम हॉस्टल के लिए जमीन चिन्हित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

शीतकालीन सत्र के चलते साल के चार दिन गुलजार होने वाले विधानसभा भवन को सैलानियों के लिए खोलने के लिए जल्द सीएम से चर्चा की जाएगी। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

आरंभिक रूप से विधानसभा परिसर के समीप एक भू-भाग को चिन्हित किया गया है जहां होटल कम हॉस्टल का निर्माण हो सके। इसके अलावा फूड कोर्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे एक ओर जहां लगभग साल भर बंद रहने वाले विधानसभा भवन की देखरेख हो पाएगी तो वहीं टिकट से एंट्री से भी आय होगी जिससे खर्चे कम होंगे। शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक तथा मंत्रियों आदि के रहने के इंतजाम होटलों में होते हैं जिसपर काफी खर्चा होता है।

इसके चलते धर्मशाला के विधानसभा परिसर के पास एक जमीन को भी होटल कम हॉस्टल के निर्माण की भी योजना है। इस भवन को शीत सत्र के दौरान विधायक हॉस्टल तथा बाद में सैलानियों के होटल के रूप में किया जाएगा। इसके अलावा छात्र तथा युवा सदन के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के सदन भी यहां करवाए जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि इसके लिए एक योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन से भी बात की गई है।

होटल कम हॉस्टल के निर्माण के लिए भी एक स्थान चिन्हित किया गया है। इसके अलावा छात्र तथा युवा सदन के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के सदन भी यहां करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए वो जल्दी ही सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से चर्चा करेंगे तथा इसके बाद पूर्व सीएम जयराम ठाकुर आदि से बात कर सहमति से ये फैसला लिया जाएगा।

# बिलासपुर अस्पताल में एक करोड़ से बनेगी इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में एक करोड़ रुपए की लागत से डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ (आईपीएचएल) लैब बनने जा रही है। अस्पताल के ईएनटी वार्ड में इस लैब को स्थापित करने का कार्य शुरू हो गया है। छह माह के भीतर यह लैब पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी।




इस लैब के बनने से खास बात यह रहेगी कि अस्पताल में चल रही सरकारी व क्रसना दोनों लैबों को इस लैब में मर्ज कर दिया जाएगा। बिलासपुर जिला की यह आईपीएचएल लैब सबसे बड़ी लैब होगी। आपको बता दें कि डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ (आईपीएचएल) लैब का संचालन एचएलएल लाइफ हेल्थ केयर लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इन लैब में कार्य करने के लिए अधिकतर कर्मचारी कंपनी ही लाएगी। साथ ही इस लैब में एक्स-रे, ब्लड टेस्ट व अन्य दर्जनों टेस्ट एक छत के नीचे 24 घंटे होंगे। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जिला अस्पताल के पास जो भी टेस्ट की मशीनरी है वह इस लैब में स्थापित होगी और अन्य मशीनरी कंपनी द्वारा यहां पर लाई जाएंगी।

गौरतलब है कि इससे पहले जिला अस्पताल में सरकारी लैब और क्रसना लैब दोनों वर्किंग में है। सरकारी लैब में समयानुसार टेस्ट सुविधा मिलती है और क्रसना लैब में 24 घंटे मरीजों को सुविधा मिलती है। (अनंत ज्ञान)

> क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटर बनाई जा रही है। इसके लिए एक करोड़ रुपए बजट जारी हुआ है। इस लैब का कार्य ईएनटी वार्ड में शुरू हो गया है। इस लैब के शुरू होने से मरीजों को अधिक लाभ मिलेगा और प्रत्येक टेस्ट और उसकी रिपोर्ट यहीं से मिल जाएगी।
>
> **-एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक जिला बिलासपुर**



## पुल निर्माण

### चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़क पर डेढ़ दशक पहले पलट गया था पुल

# धामी-किंगल बॉर्डर रोड पर नए पुल का रास्ता साफ

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भारत-चीन बॉर्डर की सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण धामी-किंगल बॉर्डर रोड के बसंतपुर पर स्थित नोटी खड्ड पर आखिरकार नए पुल निर्माण का रास्ता साफ हो गया। यहां करीब डेढ़ दशक पहले पलटे पुल तोड़ने के कार्य को बीआरओ से मंजूरी मिल गई है।

आधिकारिक तौर पर 10 दिसंबर को पुल तोड़ने का कार्य शुरू हो गया। इसके अब नए सिरे से निर्माण होगा। सीमा सड़क संगठन महानिदेशालय नई दिल्ली ने इसके टेंडर का आबंटन किया है।

इस कार्य को वर्ष 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। जानकारी के मुताबिक यहां पर 50 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें भारी माल वाहक वाहनों का गुजरना सुगम होगा। फिलहाल इस सड़क पर वैली ब्रिज से काम चल रहा है। इससे बड़े मालवाहक वाहन गुजरना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में सेना के लोडेड वाहन नहीं भेजे जाते है।

अनंत ज्ञान स्पैशल



### चार लोडेड ट्रकों की पार्किंग करने से पलटा था पुल

धामी-किंगल बॉर्डर रोड को जोड़ने वाले इस पुल के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे पर एक साथ सीमेंट से भरे चार लोडेड ट्रक पुल के एक किनारे पार्क किए जाने से इसका संतुलन बिगड़ गया। इससे सभी ट्रक खड्ड में गिर गए था और पुल सड़क के दो छोर के बीच लटक गया।कई केंद्रीय टीम में इसका निरीक्षण कर चुकी है पर पुल को सीधा करने को कोई तरकीब नहीं मिल पाई। स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों और आरटीआई कार्यकर्ताओं ने इसको लेकर बीआरओ से जानकारी जुटाकर मामले को लगातार उजागर किया। शुरू में यह मामला बिजली की एचटी लाइन बीच में आने से लटका रहा लेकिन अब यह बाधा भी दूर हो गई।

### बीआरओ करता है सड़क का रखरखाव

धामी-किंगल बॉर्डर रोड का रखरखाव सीमा सड़क संगठन (बीआओ) करता है। संगठन मुख्य अभियंता (परियोजना) के माध्यम से सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए निष्पादन बल के रूप में एक जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स प्रदान करता है। करीब डेढ़ दशक पहले नोटी खड्ड पर बने कर्वनुमा पुल का निर्माण भी बीआरओ के विंग ने किया था। जो अपने आप में बेहतरीन इंजीनियरिंग वर्क को दर्शाता है। पर पुल एक साथ चार लोडेड ट्रकों के पार्क होने से करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### घाड़ के ड्राइंग टीचर रणवीर ने जीता गोल्ड



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाड़ के ड्राइंग टीचर रणवीर सिंह ने लांग जंप में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अब राष्ट्रीय खिलाड़ियों को चुनौती दी है। उन्होंने भारोतोलन में 75 किलो भार वर्ग में भी गोल्ड मेडल जीता है, जबकि इनका अपना वजन 73 किलो है। इसके अलावा 200 मीटर की रेस में सिल्वर मेडल लेकर पूरे प्रदेश में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाड़ का नाम रोशन किया। अब इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सिलेक्ट किया गया है।

### सहौड़ा स्कूल के मेधावी किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सहौड़ा में मंगलवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सरेंद्र चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने बच्चों को मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही अगर लक्ष्य निर्धारित कर लिया जाए और उसे पाने के किए कड़ी मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहकर खेलों में भी भाग लेने की अपील की। मुख्यातिथि ने वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल स्थान पर रहे बच्चों को सम्मानित भी किया। इससे पहले स्कूल प्रिंसिपल विनय धीमन ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा बच्चों को स्कूल में पढ़ाई के साथ नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाता है। वहीं बच्चों की ओर से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पंचायत प्रधान किरण बाला, एसएमसी सदस्यों सहित अध्यापक सुमिता सैनी, अंजु, दिनेश कुमार, सिंपल, अर्चना, निधि, नवीन, पल्लवी, सरोज, अरुणा, राजेंद्र, कुशल कुमार, पंकज, सोनिया कुकरेजा, सुनीता कटोच और निशा देवी उपस्थित रहे।

### राजीव को चुना भारतीय मजदूर संघ का प्रधान



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ सबंधित रेहड़ी-फड़ी-दुकानदार संघ का चुनाव मंगलवार को फतेहपुर में भारतीय मजदूर संघ इकाई फतेहपुर प्रधान कृष्ण गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें भारतीय मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा विशेष उपस्थित रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए भामस प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने कहा मंगलवार की बैठक में राजीव पठानिया को संघ का प्रधान बनाया गया। वहीं, राकेश सिंह, केवल सिंह को उपप्रधान, हैप्पी राणा को महासचिव, रविंद्र कुमार, फकरुदीन को सचिव, करतार सिंह को कोषाध्यक्ष, कृष्ण गुलेरिया को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा विशाल कुमार, प्रकाश चंद, परशुराम, सुमेश को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस मौके पर बीडीसी हरपाल सिंह उर्फ छोटू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा भी दें : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने चड़ी स्कूल में नवाजे होनहार, तीन कमरों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान का वार्षिक समारोह अपने आप में विशेष स्थान रखता है।

वार्षिक समारोह में जहां विभिन्न मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाता है, वहीं पर स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी भी मिलती है। उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा भी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की घटती संख्या हम सब के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने



चड़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों के साथ उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

उपस्थित जन समूह से आह्वान किया कि वह सरकारी स्कूलों में बच्चों की एनरोलमेंट बढ़ाने में अपना सार्थक सहयोग करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ साथ संस्कारयुक्त शिक्षा भी दें।

क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीने में इस क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 90 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि जन शिकायत निवारण के दौरान वह सभी अपनी-अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि जन समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जा सके। उन्होंने स्थानीय स्कूल में 18 लाख से बने तीन अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण भी किया।

उपमुख्य सचेतक ने वर्ष भर में शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा पटियाल ने मुख्यातिथि तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया एवं स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## हत्यारोपी करनैल सिंह को पांच दिन का पुलिस रिमांड



**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अधीन बनोली के भरमाड़ा मर्डर केस के मुख्य आरोपी करनैल सिंह उर्फ शुनका को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा मंगलवार को आरोपी को जवाली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपी को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। भरमाड़ में शिव नुआला में करनैल सिंह ने अपने पड़ोसी रशपाल सिंह को सोमवार सुबह 4 बजे के करीब तेजधार हथियार से हमला करके घायल कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी मौका से फरार हो गया था जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि मर्डर केस के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा जवाली कोर्ट में पेश करने पर 5 दिन का पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी से सख्ती से पूछताछ के दौरान ही खुलासा होगा कि आखिरकार मर्डर करने के पीछे क्या वजह रही।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## भोडा स्कूल में अग्निशमन विभाग ने सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में मंगलवार को स्कूल आपदा प्रबंधन समिति व सड़क सुरक्षा क्लब भोडा के तत्वावधान में अग्निशमन विभाग धीरा द्वारा आपदा प्रबंधन प्राशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों को आग, भूकंप, बाढ़ व अन्य प्रकार की आपदाओं तथा प्रथम उपचार पर विस्तृत जानकारी दी गई। आग लगने के कारणों व आग पर काबू पाने, इससे घायल व्यक्तियों के बचाव की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग धीरा के प्रभारी लीडिंग फायरमैन गोवर्धन व उनकी टीम द्वारा बच्चों को आग कितने प्रकार की होती है, कैसे लगती है और उसको कैसे बुझाया जाता है के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को आग्निशमन यंत्र का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया।

इस दौरान गोवर्धन ने भूकंप जैसी आपदा आने पर अपना बचाव करने तथा अन्य लोगों को केसे बचाया जाए के बारे में विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आपदा



तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रथम उपचार तथा सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने आपदा के समय शांत दिमाग के साथ बचाव कार्य को करने पर बल दिया गया। स्कूल आपदा प्रबंधन के प्रभारी राकेश कुमार द्वारा भी बच्चों को संबोधित किया गया। अग्निशमन विभाग की टीम के लीडिंग फायरमैन गोवर्धन, वाहन चालक प्रताप सिंह, फायरमैन अखिल इस कार्यशाला में शामिल रहे। इस अवसर पर संतोष, रूबी गुलेरिया, रुचिका राणा, राजन सूद, चंद्र किशोर, रमेश, संदीप, पुरुषोत्तम, अंशुल, बंशुल ने विशेष रूप से भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

## सुचारु रूप से चलाई जाए बस

**बैजनाथ।** वही पंचायत के प्रधान बलवीर कुमार तथा सकड़ी पंचायत की प्रधान कविता कुमारी ने प्रेस बयान में कहा है कि बैजनाथ से शाम 5 बजे वही के लिए जो बस चलती है, वह अक्सर बंद ही रहती है। इससे कॉलेज और स्कूल के बच्चों को समस्याएं पेश आती हैं। वहीं, दूसरी बस 6:20 पर चलती है, लेकिन सर्दी होने के कारण उस समय बहुत अंधेरा हो जाता है, जिससे बच्चों और अभिभावकों में भी डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधक बैजनाथ को समस्या से अवगत कराते हुए अनुरोध किया है कि इस बस को सुचारु रूप से चलाया जाए। वहीं एचआरटीसी प्रबंधक बैजनाथ नितिश शर्मा ने बताया कि बीच में विशेष कारणों चलते कभी यह बस बंद हुई होगी। वैसे यह रोजाना सुचारु रूप से अपने रूट पर जाती है तथा आज भी निर्धारित समय पर अपने गंतव्य की ओर गई है।

## तियारा की प्रदीप कुमारी ने फतेहपुर में मंदिर को दान की साढ़े 13 मरले भूमि



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा के गगल के समीपवर्ती कस्बा तियारा की एक महिला प्रदीप कुमारी ने फतेहपुर के स्थाना के समीपवर्ती मंदिर के नाम साढ़े 13 मरले भूमि दान की है। वहीं, मंदिर के महंत ने इस नेक कार्य के लिए उक्त महिला का आभार जताया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में मीडिया से बात करते हुए महंत मंगल गिरी ने बताया कि स्थाना के समीप शिव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है, जहां पर वह खुद 1984 से भगवान की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदीप कुमारी ने आज मंदिर के नाम साढ़े तेरह मरले भूमि करवाई है, जिसके लिए वह उक्त महिला का आभार जताते हैं। ज्ञात रहे रजबाड़े खानदान से संबंध रखने वाली महिला प्रदीप कुमारी फतेहपुर विधायक भबानी सिंह पठानिया की मौसी हैं। इनकी स्थाना के समीप काफी भूमि है।

उन्होंने उक्त स्थल पर आखिरी धाम के रास्ते के लिए भी भूमि दान की हुई है। इस मौके पर अनिल शर्मा, प्रीतम सिंह, रविंद्र रमन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अनंत ज्ञान फैशन

# क्रिसमस की पार्टी में पहनें लाल रंग की साड़ी

## लुक में लगा देगी चार चांद



**अब क्रिसमस का त्योहार आने वाला है तो जगह-जगह पार्टियों के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई हैं। यदि आप भी किसी पार्टी में जाने वाली हैं, तो लाल रंग की साड़ी पहन सकती हैं। लाल रंग क्रिसमस के दिन काफी अहम माना जाता है। ये खुशियों का रंग होता है। ऐसे में क्रिसमस की पार्टी में आप लाल रंग की साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। हम यहां आपको लाल रंग की साड़ियों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।**

### रफल साड़ी

**कुछ** अलग स्टाइल की साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो ऐसी रफल साड़ी आपके लुक में चार चांद लगाएगी। ऐसी साड़ी आप किसी अच्छे बुटीक पर खुद से भी तैयार करा सकती हैं। इसके साथ अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### कोर्सेट ब्लाउज के साथ साड़ी

**लाल** रंग की साड़ी को अलग आप ग्लैमरस अंदाज में कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आपको साधारण की जगह कोर्सेट ब्लाउज पहनें। इस लुक के साथ बालों में सॉफ्ट कर्ल करें। न्यूड मेकअप आपके इस लुक को खूबसूरत बनाने में मदद करेगा।

### नेट फैब्रिक साड़ी

**नेट** फैब्रिक की ऐसी साड़ी देखने में काफी प्यारी लगती है। इसके साथ आप स्लीवलेस ब्लाउज पहनकर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। ऐसी साड़ी के साथ बालों में बन बनाएं, ताकि आपका लुक देखने में और भी अच्छा लगे और डांस करते समय आपको कोई परेशानी न हो।

### हल्के बॉर्डर वाली साड़ी

**यदि** आपको भारी साड़ी नहीं पहननी है तो ये एक बेहतर विकल्प है। शिमरी लुक वाली ऐसी साड़ी पहनकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। इसके साथ ब्लाउज सिंपल सा ही पहनें, ताकि आपकी साड़ी ज्यादा हाइलाइट हो। इसके अलावा साड़ी के साथ अपने बालों को खुला रखें।

### प्री ड्रेप्ड साड़ी

**बाजार** में आजकल खूब कम दाम में प्री ड्रेप्ड साड़ी मिल जाती है। ऐसे में आप अपने लिए प्री ड्रेप्ड साड़ी खरीद सकती हैं। ऐसी साड़ी देखने में कमाल की लगती है। इसे युवा लड़कियां काफी पसंद करती हैं, क्योंकि इसे पहनना आसान होता है।

### शिफॉन साड़ी

**शिफॉन** साड़ी महिलाओं को काफी पसंद आती है, क्योंकि ये पहनने मे काफी आसान रहती है। इसे आप पूरे दिन पहनकर रख सकती हैं।



# फिर लौट आया 90 दशक का लेपर्ड प्रिंट

## तमन्ना से दिशा, करीना तक ने दिया फैशन को नया अंदाज



90 के दशक का लेपर्ड प्रिंट फैशन एक बार फिर से धमाकेदार वापसी कर चुका है। बॉलीवुड की अभिनेत्रियां चाहें वे अनन्या पांडे, करीना कपूर हों या जाह्नवी कपूर या खुशी कपूर अपने अनोखे अंदाज से इस प्रिंट को कैरी करती दिख रही हैं। लेपर्ड प्रिंट, जो अपनी बोल्डनेस और क्लासिक अपील के लिए जाना जाता है, अब मॉडर्न ट्विस्ट के साथ हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। तमन्ना भाटिया एक खूबसूरत लैपर्ड प्रिंट ड्रेस में काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस दिख रही हैं। इस ड्रेस में फ्लेयर स्कर्ट है, जिसकी किनारों पर सलीके से डायमंड स्टोन लगे हैं। तमन्ना ने इसे मैचिंग स्लिंग-बैक हील्स के साथ पहना है, जो पूरी आउटफिट को परफेक्टली कंप्लीट कर रहे हैं। यह ड्रेस न केवल पार्टी या डेट नाइट के लिए परफेक्ट है, बल्कि इसे कैजुअल आउटिंग के लिए भी आप स्टाइल कर सकती हैं। दिशा पटानी ने यहां लैपर्ड प्रिंटेड मिडी ड्रेस पहनी है, जिसमें काउल नेकलाइन है। ड्रेस का सॉफ्ट और फ्री-फ्लोइंग सिल्हूट, साथ ही सटल ड्रेपिंग ने इसे एक रिलैक्स्ड और ग्लैमरस फील दिया है, जो नाइट आउट के लिए परफेक्ट है। उनका मिनिमल मेकअप नैचुरल ब्यूटी को और भी बढ़ा रहे हैं।इसके अलावा अनन्या पांडे ने लेपर्ड प्रिंट को मॉडर्न टच देते हुए बेहद स्टाइलिश तरीके से कैरी किया है। उनका आउटफिट फिटेड सिलुएट में है, जो उनकी टोन्ड फिजिक को हाईलाइट कर रहा है। इस प्रिंट में न्यूट्रल या बोल्ड कलर्स का बैलेंस उनके लुक को परफेक्ट बना रहा है। उनकी हेयरस्टाइल सिंपल है, जिससे लुक और ज्यादा क्लासी लग रहा था। वहीं, करीना कपूर का लेपर्ड प्रिंट पहनने का अंदाज बेहद ग्लैमरस और एलिगेंट है। साथ ही, उनके मेकअप में न्यूट्रल शेड्स और स्मोकी आईज ने उनके लुक में निखार दिया है। डिनर पार्टी लुक के लिए अगर आप भी कुछ स्टाइलिश ढूंढ रही हैं तो इस तरह के लेपर्ड प्रिंट आउटफिट आपके लिए परफेक्ट हैं।






# रेड सी फिल्म फेस्ट में पति संग बहुत ही ग्लैमरस दिखीं प्रियंका

**फैशन** और स्टाइल का हब हो या एंटरटेनमेंट की दुनिया देसी गर्ल हर जगह महफिल लूट लेती हैं। हाल ही में प्रियंका जेद्दा में आयोजित रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपने पति का हाथ थामें पहुंचीं और उनका स्टाइलिश लुक वाकई लाइमलाइट बटोर लिया। साल 2000 में मिस वर्ल्ड बनी पीसी ने तब ही यह साबित कर दिया था कि फैशन एंड स्टाइल की दुनिया में उनका जोड़ा कोई नहीं। यहां भी अपनी कर्वी फिगर के साथ प्रियंका जिस तरह से बोल्डनेस का तड़का लगाती दिखीं। बहुत कम हसीनाओं में ही यह जलवा देखने मिलता है।

**इस इवेंट में प्रियंका अपने पति निक जोनस के साथ पहुंची थीं, जहां उन्होंने अपने नेचुरल कर्व को हाइलाइट करने वाली सिल्वर मेटालिक बॉडी-हगिंग गाउन पहनी, जो पूरी तरह से उनकी ग्रेस और एलिगेंस को बयां कर रही थी। इस ड्रेस की खासियत इसका यूनिक बॉडी-फिटेड सिल्हूट और फ्रंट में बड़ी फ्लोरल डिटेलिंग थी, जिसने इसे बेहद स्टाइलिश और ब्यूटीफुल बना दिया। रेड कार्पेट पर प्रियंका के इस लुक को बेहद सराहा गया। गाउन ने उनकी फिगर को न केवल परफेक्टली हाईलाइट किया, बल्कि उनके कॉन्फिडेंस को भी बखूबी पेश किया। प्रियंका का यह फैशन चॉइस साबित करता है कि वह हर बार अपने स्टाइल स्टेटमेंट से फैशन के नए ट्रेंड सेट करने में सफल रहती हैं।**



### परफेक्ट था एक्सेसरीज और मेकअप

**प्रियंका** ने इस लुक को बहुत ही सिंपल लेकिन एलिगेंट एक्सेसरीज़ के साथ कंप्लीट किया। उन्होंने अपने बालों को पीछे की तरफ खुला रखा, जो उनके लुक को सॉफिस्टिकेटेड टच दे रहा था। उनका मेकअप मिनिमल था, जिसमें शार्प ब्रोज और न्यूड शेड्स हाइलाइट हो रहा था। इस दौरान अपने पति निक का हाथ थामे देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बहुत ही ग्लैमरस लगीं।

## न्यूज ब्रीफ

### जन आक्रोश रैली के प्रबंधों का लिया जायजा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जोरावर स्टेडियम धर्मशाला में बुधवार को आयोजित होने वाली भाजपा की जन आक्रोश रैली का जायज़ा लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार, धर्मशाला विधानसभा के विधायक सुधीर शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, ज़िला कांगड़ा भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष सचिन शर्मा, धर्मशाला भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नेहरिया, ज़िला कांगड़ा मीडिया सह-प्रभारी अंकुश वर्मा, सतीश जोश, वीरू राम वालिया आदि मौजूद रहे।

### जुजपुर स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीहड़ी में सोमवार को प्रधानाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस समारोह में ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहली बार शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा और शहीद रणजीत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय जुजपुर ने भी अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संयुक्त रूप से मनाया। इसमें आसपास के लगभग 400 लोगों ने शिरकत की थी। विधायक संजय रत्न ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी और अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखने को कहा। संजय रत्न ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले पीहड़ी स्कूल के बच्चों को 21000 हजार, बलाहरा और जुजपुर के बच्चों को 11-11 हजार देने की घोषणा की और साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

### एंटी ड्रग एब्यूज पर करवाई कार्यशाला




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान से एंटी ड्रग एब्यूज पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. राकेश कुमार सोनी सहायक निदेशक क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ. गिल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। डॉ. सोनी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ड्रग्स ऐसे पदार्थ हैं, जो किसी व्यक्ति को मानसिक या शारीरिक स्थिति को बदल देता है। वह अपने मस्तिष्क के काम करने के तरीके, आपके महसूस, व्यवहार, करने के तरीके, आपकी समझ और आपकी इंद्रियों को प्रभावित करता है। इसलिए हमें अपने आप को व्यस्त रखना भी जरूरी है तथा हमें इन आदतों से दूर रहना चाहिए ।

### रैत में हार्डवेयर कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बीसीए छात्रों के लिए स्वाट क्लब द्वारा दो दिवसीय हार्डवेयर कार्यशाला का आयोजन किया गया। द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत के स्वाट क्लब के सौजन्य से बीसीए के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में राजीव कुमार (सिस्टम टेक्नोलॉजीज) ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर हार्डवेयर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर कल्पना धीमान ने किया, जिन्होंने रिसोर्स पर्सन, प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा और विभागाध्यक्ष (बीसीए) राजेश राणा का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को ऑपरेटिंग सिस्टम और कंप्यूटर हार्डवेयर इंस्टॉल करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने कंप्यूटर के पुर्जों को जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया सीखी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से परे जाकर बेहतर जॉब स्किल्स प्राप्त करने और तकनीकी अनु भव प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था।

### जयसिंहपुर कॉलेज में सात दिवसीय कैंप शुरू



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो विकास कलोत्रा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि को रोजेट पहनाकर सम्मानित किया। प्रोफेसर उपेंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवियों को शिविर के लिए शुभकामनाएं देते हुए सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत आने वाली सभी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवियों ने भी सक्रियता से भाग लिया।

### सोमराज को चुना पेंशन संघ का महासचिव

**अनंत ज्ञान, गगल।** पेंशनर्स दिवस पर पेंशन संघ जिला कांगड़ा के द्वारा गांव बेढी के शिव दर्शन पैलेस में अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 10 पेंशनर्स को सम्मानित किया गया। इसके इलावा पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त हुए गांव बेदी के शेर सिंह को 83 बार रक्तदान करने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सोमराज गर्ग को सर्वसम्मति से महासचिव तथा मदनलाल को सहायक सचिव चुना गया। इस अवसर पर पेंशनरों ने विभिन्न मांगों पर चिंतन मंथन भी किया गया।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने जवाली अस्पताल में 50 बेड के अतिरिक्त ब्लॉक का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, जवाली**




कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मंगलवार को ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में 6.42 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नागरिक अस्पताल जवाली के 50 बेड के अतिरिक्त ब्लॉक तथा 7.83 करोड़ से बनने वाले राजकीय आईटीआई जवाली के अतिरिक्त भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि लोगों को उनके घर द्वार के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो ताकि उन्हें अपने स्वास्थ जांच के लिए घर से बहुत दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ डाक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां कर रही है। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि ज्वाली सिविल अस्पताल में 6 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा विधानसभा के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी डॉक्टर तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चालू वित्त वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र पर 3415 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के तहत भी जटिल रोगों के उपचार के लिए मरीजों को करोड़ों रुपए की राशि जारी की जा रही है।

### रोजगार के बेहतर अवसर सृजित करने को सरकार प्रयासरत

**कृषि** मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करने को प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इंडस्ट्रीज की जरूरतों के अनुरूप आईटीआई में नए ट्रेड खोल रही है। उन्होंने कहा कि आज के युग में निर्माण, कृषि, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में ड्रोन की अहम भूमिका है इसीलिए युवाओं को ड्रोन तकनीक आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं जिनमें कृत्रिम मेधा जैसे विषय भी शामिल हैं।

### यादविंद्र गोमा के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा द्वारा प्रेस के माध्यम से केंद्रीय विश्व विद्यालय धर्मशाला परिसर की राशि सरकार द्वारा निश्चित समयावधि 31 मार्च से पहले जमा करवाने के वक्तव्य का धर्मशाला की जनता की ओर से स्वागत किया है। अतुल भारद्वाज ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारे क्षेत्र के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उम्मीद की किरण जगाता है। भारद्वाज ने कहा कि मंत्री के आश्वासन के बाद धर्मशाला की जनता अपने आंदोलन को स्थगित कर रही है, लेकिन सरकार से यह भी मांग करती है कि संबंधित अधिकारियों की अक्षम्य लापरवाही के कारण हुए नुकसान के लिए कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सीयू धर्मशाला परिसर के निर्माण में देरी से पिछले कई वर्षों से उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार की गुणात्मक एवं मूलभूत सुविधाओं से जनता वंचित रही है। लेकिन अब हमें उम्मीद है कि मंत्री के वकतव्य के बाद अब अधिकारी अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करेंगे।

## हैप्पी बर्थडे




पपरोला की काशवी सूद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डगशाई (सोलन) की मेघा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा की सिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के राहुल को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### बिजली चोरी करने पर 3.56 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता ई. कमल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत डिवीजन नगरोटा बगवां के तहत विशेष चोरी मामलों का अभियान चलाया गया है, जिसमें उपभोक्ता परिसर के औचक निरीक्षण के लिए कई सब डिवीजन टीमों का गठन किया गया है। परिणामस्वरूप 30 के खिलाफ लगभग 3.56 लाख का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि कोई भी चोरी का मामला रंगे हाथ नहीं पकड़ा गया है। ईएसडी नगरोटा, बड़ोह और टांडा के तहत क्रमश: 1.70 लाख रुपए, 1.21 लाख रुपए और 0.65 लाख रुपए का लगभग जुर्माना लगाया गया। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे कृत्य से बचें, क्योंकि बिजली चोरी करना अपराध है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### धर्मशाला पहुंची सरकार, स्वागत हुआ जोरदार





**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र को लेकर मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पूरी सरकार के साथ धर्मशाला पहुंच गए। मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर द्वारा साईं स्टेडियम में उतरे, जहां पर कांग्रेस नेताओं व लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री 18 दिसंबर को तपोवन विधानसभा शीतकालीन सत्र में भाग लेंगे। इस मौके पर उनके साथ आयुष एवं खेल मंत्री यागविंद्र गोमा व नगर निगम अध्यक्ष नीनू शर्मा सहित कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तपोवन के शीत सत्र में सुधीर शर्मा बनेंगे भाजपा के सारथी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



साल 2023 के बाद विधानसभा के शीत सत्र के दौरान सदन में कई चेहरे नदारद होंगे तो पहली बार तपोवन में नए चेहरे नजर आएंगे। सुजानपुर से राजेंद्र राणा की जगह रणजीत सिंह राणा, देहरा से होशियार सिंह की जगह सीएम की पत्नी कमलेश ठाकुर लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर की जगह अनुराधा राणा, गगरेट से चैतन्य शर्मा की जगह राकेश कालिया, नालागढ़ से केएल ठाकुर की जगह हरदीप सिंह बावा, कुटलैहड़ से दविंदर भुट्टो की जगह विवेक शर्मा सदन में होंगे। उधर, सर्वदलीय बैठक में शामिल न होकर भाजपा ने भी अपने तेवर दिखा दिए हैं। ऐसे में भाजपा के सरकार पर आक्रामक रहने का अनुमान है। पिछली बार सदन में कम दिखे धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा का साथ इस बार भाजपा को मिलेगा। ऐसे में यहां भाजपा, सत्तारूढ़ कांग्रेस को सदन के बाहर तथा अंदर घेरने की पूरी कोशिश करेगी। शीतकालीन सत्र के पहले दिन सुक्खू सरकार के खिलाफ 18 दिसंबर को होने वाली जन आक्रोश रैली को लेकर बैठकों के साथ अन्य इंतजाम पूरे हो चुके हैं। सुधीर शर्मा के निवास स्थान रक्कड़ में हुई भारतीय जनता पार्टी की अहम बैठक में रैली का प्लान फाइनल हो चुका है। भाजपा धर्मशाला के शीत सत्र में कई मुद्दों पर कांग्रेस को घेरने की कोशिश करेगी। ऐसे में यहां भाजपा को सुधीर शर्मा का साथ मिलने से इस बार विधायक सुधीर विपक्ष के सारथी की भूमिका में नजर आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जोगीपुर स्कूल के लिए बनेगा पैदल रास्ता, फोरलेन कंपनी ने भरी हामी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



मौके पर पहुंचे एसडीएम इशांत व अन्य।

कछियारी फोरलेन निर्माण में कंटिंग के चलते बंद राजकीय उच्च विद्यालय जोगीपुर को जाने वाले रास्ते की जगह फिलहाल पैदल रास्ता बनेगा। इसके लिए एनएच और फोरलेन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने हामी भर दी है। इसके बाद वाहन योग्य रास्ते की संभावनाएं देखी जाएंगी। जोगीपुर पंचायतवासियों और एसएमसी जोगीपुर के सदस्यों की मांग पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने मौके का दौरा किया। इस अवसर पर एनएच के अधिकारी और कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसडीएम ने जगह का निरीक्षण किया और लोगों की समस्या को मौके पर जाना। इस दौरान दो प्रपोजल पर सहमति बनी। एनएच की अनुमति के बाद आरओडब्ल्यू तक एनएच रास्ता तैयार करेगी और इसके बाद पंचायत और पीडब्ल्यूडी रास्ते को बनाएगा। दूसरे प्रपोजल में पैदल रास्ते का निर्माण होगा। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि पहले प्रपोजल में एनएच की अनुमति के बाद रास्ते के निर्माण करवाया जाएगा। बता दें कि जोगीपुर स्कूल को जाने वाला एक रास्ता फोरलेन के साथ मिलता था, जो कि फोरलेन निर्माण के दौरान कटाई में आने के चलते बंद हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### प्राकृतिक खेती के लिए बजट में 15 करोड़ का प्रावधान : यादविंद्र गोमा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि किसानों और बागवानों की आजीविका को सुदृढ़ और आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए 15 करोड़ रुपए का बजट का प्रावधान रखा है। वह मंगलवार को भुआणा पंचायत में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर आयोजित एक दिवसीय सामूहिक संवेदीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती की लागत को कम करने, आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती से जहां मानव और पर्यावरण को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में रसायनों के अधिक प्रयोग से रसायनों का अंश उत्पादों में अधिक मात्रा में आने लगा है, जिसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए प्राकृतिक खेती कम लागत वाला एक बेहतर विकल्प है। मंत्री ने सभी लोगों से आह्वान किया कि प्राकृतिक खेती को और अधिक बढ़ावा दें और अपने आसपास के गांव के लोगों को भी जागरूक करें।

### पत्रकार को धमकी देने पर एफआईआर

**जवाली।** पौंग झील पक्षी अभयारण्य क भूमि पर अवैध खेती पर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की कवरेज करने के लिए एक पत्रकार को गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति पर पुलिस थाना हरिपुर में पत्रकारों ने शिकायत दर्ज करवाई है। मांग की है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला करने वाले इस व्यक्ति पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पत्रकार शिवदेव ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना हरिपुर में दी है। पत्रकार शिव देव गुलेरिया ने बताया कि रात्रि करीब 10 बजे उन्हें मोबाइल नंबर 7018951530 से फोन आया और अवैध खेती की कवरेज को लेकर इस अज्ञात व्यक्ति द्वारा पहले गाली गलौज और फिर जान से मारने की धमकी दी गई।

### कार्रवाई करने गई नगर निगम की टीम और लोगों में कहासुनी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

नगर निगम की बिल्डिंग ब्रांच की कार्रवाई के दौरान टीम और आम लोगों में कहासुनी हो गई। निगम की टीम का नेतृत्व कर रहे एटीपी सुखदेव राज ने कहा कि वह अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार ही गलत तरीके से हुए निर्माण को गिराने के लिए गए थे। कहा कि जो नक्शा उन्होंने सब्मिट करवाया है वह दूसरी साइड को दर्शाता है। कहा कि उक्त दुकानदारों पर निगम की टीम ने सीधे कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके लिए उन्हें विभागीय स्तर पर नोटिस भी जारी किए गए थे, जिसका उनकी और से कोई जवाब नहीं दिया गया। उधर, दुकानदार सूरज ने बताया कि वह उनका सैलून अभी शुरू भी नहीं हुआ कि निगम की टीम ने उसे जेसीबी के साथ अगला हिस्सा तोड़ दिया। अगर वह उन्हें नहीं रोकते तो वह पूरी दुकान ही तोड़ देते। वहीं, जब नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर इंजीनियर सुरजीत सिंह से बात की तो उनका कहना था कि मामला उनके ध्यान में आया है। टीम डीसी कम निगम कमिश्नर के आदेशानुसार ही उक्त कार्रवाई करने के लिए गई है। कुछ लोगों ने टीम के साथ बतमीजी की है उसकी शिकायत डीसी को कर दी गई है।

### हनुमान की मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, गरली**

गरली के गांव मूही बस स्टैंड में वर्षाशालिका के साथ बने मंदिर में हनुमान की मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद व अन्य सगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार सुबह इस बात का पता चलते ही विश्व हिंदू परिषद के चेयरमैन पवन बजरंगी बिलासपुर विभाग सत्संग प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, जिला परिषद उपाध्यक्ष स्नेह लता परमार, तरलोक चंद जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद, रविंद्र चम्याल हिंदू तन मन संगठन जिला प्रमुख, विनोद डोगरा धर्म प्रचार प्रसार जिला प्रमुख, स्थानीय पंचायत प्रधान व अन्य लोग घटना स्थल पर पहुंचे और हनुमान की मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। बताते चलें कि सोमवार देर रात्रि गरली के तहत मुहीं पंचायत में मेन रोड पर बस ठहराव के समीप बने हनुमान मंदिर में किसी अज्ञात विधर्मी व्यक्ति द्वारा बजरंग बली की मूर्ति को खंडित करने का घृणित कार्य किया गया। इस घटनाक्रम कि खबर मिलते ही स्थानीय बजरंग दल टोली ने जिला टोली को सूचित किया तो सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधीक्षक को फोन करके मौके पर बुलाया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# स्टाफ की दरकार, तबादलों की मार

## बीड़ पुलिस थाने से 5 पुलिसकर्मियों के तबादले से हर कोई हैरान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पहले ही स्टाफ की कमी से जूझ रहे बैजनाथ व बीड़ पुलिस थाना में कार्यरत 5 पुलिसकर्मियों पर तबादले की गाज गिरी है। जिस तरह तबादलों का यह निर्णय लिया गया है, उससे हर कोई हैरान है। एकाएक इन पांच पुलिस कर्मचारियों के तबादले के बाद थाना के कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं।

हैरानी तो इस बात की है कि जब इस बावत विभाग के उच्च अधिकारियों से 5 जवानों के तबादलों को लेकर पूछा गया तो उन्होंने इस बारे अनभिज्ञता जाहिर की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेशक बीड़ में थाना खोल दिया गया , इसके अलावा मुल्थान में भी पुलिस स्टाफ को वहां एक प्रोजेक्ट व अन्य मामलों को देखना पड़ रहा है, लेकिन यहां सवाल यह है कि जब थाना खुद बीमार हो तो जनता की बीमारी का इलाज कौन करेगा। बीते 3 माह के आंकड़े बताते हैं कि पुलिस की टीमों द्वारा 7 मामलों में लगभग 1 किलो चरस, 2 मामलों में 21.96 चिट्टा व 1 मामले में 8.82 ग्राम अफीम व 195.750 मिलीलीटर देसी शराब के मामले पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह तभी संभव हो सका है जब थाने में जरूरत के हिसाब से स्टाफ मौजूद रहा, लेकिन अचानक बैजनाथ थाना से ट्रांसपर किए 5 पुलिस जवानों का मामला समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के हवालों से खबर मिली है कि फिल्हाल ट्रांसपर किए जवानों के बदले नया स्टॉफ नहीं मिला है। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला व समीपवर्ती क्षेत्र में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन जल्द ही सख्त कदम उठाएगा। बैजनाथ के एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने बताया कि दोनों ही मुख्य बाजारों में आईडल पार्किंग व दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान को सजाया जा रहा है, जबकि पूर्व में भी प्रशासन ने व्यापारियों को स्पष्ट कहा था कि वे दुकानों का सामान अंदर रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन व्यापारी वर्ग को केवल 1 सप्ताह का समय देगा इसके लिए प्रशासन की ओर से सार्वजनिक नोटिस निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर फिर भी व्यापारवर्ग अतिक्रमण को लेकर पीछे नहीं हटा तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई को अंजाम देगा। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** — वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रक्कड़ में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# नशे का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए खतरा : किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रक्कड़ में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक, खेलकूद, और सहशैक्षिक गतिविधियों में उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मान चंद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। अपने संबोधन में विधायक किशोरी लाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और अन्य सह-गतिविधियों में भाग लेना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी भी दी। किशोरी लाल ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर निर्भर करता है। कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च से उच्च लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में अनुशासन, परिश्रम की आदत बनानी चाहिए, ताकि इसका लंबे समय तक लाभ मिल सके उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसी के आधार पर प्रतियोगी को परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन सारे समाज के लिये खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश से नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश से नशे और इस कारोबार में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिये टास्क फोर्स का गठन करने का फैसला लिया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को बेनकाब करने के लिये समाज व पुलिस का सहयोग करें, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियो से नशे से दूर रहने का आहवान किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरावस्था में कई स्वास्थ्य जोखिम : डॉ. सुरेंद्र



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** किशोर स्वास्थ्य दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड बगेहड़ा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि किशोरावस्था, शारीरिक और मानसिक बदलावों का समय होता है। इस दौरान किशोरों को कई तरह के स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। किशोर स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों और जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत कई तरह के काम किए जाते हैं। प्रधानाचार्य वंदिता शर्मा और स्कूल स्टाफ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान 16 विधार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें वंशिका 11वीं क्लास ने प्रथम, अंश डोगरा नौवीं कक्षा ने द्वितीय तथा सुजाता 10वीं कक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### धनेटा कॉलेज में 327 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में हंस फाउंडेशन मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट की सहायता से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने किया। हंस फाउंडेशन की टीम में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विनीत तंवर ओप्थाल्मिक लोगिस्ट, डॉ. हरी प्रकाश ओप्थाल्मिक लोगिस्ट, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. पंकज गुलेरिया, आयुषी सूद संयोजक, अंकिता चंदेल फार्मासिस्ट, अभिनंदन शर्मा फार्मासिस्ट, बल्देव लैब तकनीशियन, रौशनी लैब तकनीशियन, एसपीओ नोक सिंह, स्नेह लता, ज्योतिका, भवन, सुरेश कुमार और महेशी लाल ने अपनी सेवाएं दीं। इस शिविर में स्वास्थ्य टीम द्वारा नेत्र जांच, रक्त परीक्षण जैसे कि हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड टेस्ट, कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, लिपिड प्रोफाइल आदि मुफ्त टेस्ट आदि किए गए व जिन लोगों में नेत्र विकार पाए, उनको संस्था द्वारा मुफ्त चश्मे भी प्रदान किए जाएंगे। महाविद्यालय के विद्यार्थियों, माता-पिता, अभिभावकों तथा धनेटा महाविद्यालय के आसपास की पंचायतों के लोगों ने इस एकदिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का लगभग 327 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

### संस्था ने कन्या की शादी के लिए दी आर्थिक सहायता



**अनंत ज्ञान, नादौन।** जन सुधार संस्था कोहला की बैठक संस्था अध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सुभाष मेहता बतौर मुख्य अतिथि रहे। बैठक में संस्था की गतिविधियों बारे विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि टिल्लू गांव से गरीब परिवार की लड़की शिवानी पुत्री स्वर्गीय नरेंद्र चौधरी की शादी के लिए जन सुधार संस्था ने 5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके साथ सुषमा, सुनील कुमार, पूनम कुमारी को एक-एक हजार रुपए बतौर पेंशन आर्थिक सहायता दी गई। कोमल और महक के नाम की पोस्ट ऑफिस में आरडी खुलवाई गई। बैठक में राजीव कुमार, जगदीश चांद, गुलवंत सिंह, धर्मराज, सुभाष चंद, संदीप कुमार, तिरलोक चांद, विक्रम जीत, संजीव कुमार, तिलक राज, चित्रा देवी, सुदेश कुमारी, कोशल्या देवी, पूनम कुमारी, सुषमा, सुलेखा आदि उपस्थित रहे।

### नादौन कॉलेज में आईटी सेक्टर पर दी जानकारी



**नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन और एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी मोहाली के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ, जिसके तहत विद्यार्थियों को निशुल्क सेमिनार और कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी मोहाली द्वारा बीसीए और पीजीडीसीए विभाग के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी मोहाली से बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर जतिन शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में वक्तव्य दिया। इस वक्तव्य का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी सेक्टर में रोजगार तलाशने तथा भविष्य में नए अवसर को पहचाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम एवं बीसीए विभाग के कोऑर्डिनेटर रविकांत गर्ग, बीसीए विभाग के सभी सहायक आचार्य भी उपस्थित रहे।

### ब्रांज मेडल जीतने पर बॉक्सर का किया सम्मान



**हमीरपुर।** जिला बॉक्सिंग संघ के महासचिव होने के नाते राष्ट्रीय स्तर पर निखिल के ब्रांज मेडल जीतकर हमीरपुर लौटने पर बॉक्सर को 5100 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की और शाल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

### आईएचएम के विभागाध्यक्ष ने देखीं कुकिंग स्किल्स



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेशनल फिनिशिंग एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट संस्थान हमीरपुर द्वारा कुकिंग इवेंट एनसीसी सीजन-2, नेशनल कलिनरी चैलेंज-2025 का आयोजन किया है। इस कुकिंग प्रतियोगिता में एनएफसीआई के 20 कैंपसों के 1000 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में विभाजित है, जिसका पहला चरण मंगलवार को एनएफसीआई के हमीरपुर कैंपस में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के पहले चरण में 38 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 15 छात्र अगले दौर के लिए चयनित होंगे। प्रतियोगिता का दूसरा चरण 24 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद, उनमें से 3 छात्रों को चुनकर फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया जाएगा। कैंपस के ब्रांच मैनेजर बनीता कुमारी ने बताया कि इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने छात्रों के कुकिंग स्किल्स को परखा और उन्हें टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों के प्रयासों और कौशल की सराहना करते हुए उन्हें निर्णायक फीडबैक दिया। इसके साथ ही, उन्होंने बताया की प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले जो कि पुष्पा गुजराल साइंस सिटी में होगा, उनको जज करने के लिए शेफ परविंदर सिंह बाली, शेफ महेंद्र खैरिया, और शेफ अजय सूद जैसे इंडस्ट्री के कुछ नामी शैफ्स आ रहे है। प्रतियोगिता में विजेता बनने वाले टॉप 3 विजेताओं को 51000, 31000 और 21000 रुपए का इनाम दिया जाएगा।

# बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के कार्यक्रम में गरजे नेता

## कहा- न बकाया मिल रहा और न मांगें मानी जा रहीं, करेंगे संघर्ष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के कार्यक्रम में जुटी भीड़।

सूबे के बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त बिजली कर्मचारियों और अधिकारियों ने बोर्ड के पेंशनर्स फोरम के बैनर तले मंगलवार को 'राष्ट्रीय पेंशन दिवस' यहां बसंत रिजॉर्ट में मनाया। इस राज्य स्तरीय अधिवेशन में प्रदेशभर से हजारों पेंशनर्स ने हिस्सा लिया।

बकाया लाभों को लेकर कर्मचारी नेता खूब गरजे और कहा कि सरकार और प्रबंधन की गलत नीतियों की वजह से ही इनकी मांगों को लगातार लंबित किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि हकों की लड़ाई में वे सभी एकजुट होकर लड़ेंगे तो सरकार और प्रबंधन भी सुनेगी। कुलदीप सिंह खरवाड़ा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, महासचिव चंद्र सिंह मंडियाल ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा अप्रैल 2022 में पेंशन वेतनमानों के संशोधन के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन 2022 में ही संशोधित पेंशन व वेतनमानों का 50-50 हजार रुपए बकाया राशि व 20 फीसदी संशोधित ग्रेच्युटी का जो एरियर के आदेश हुए थे, उनके मुताबिक आज तक 80 फीसदी पेंशनर्स को बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ है। वर्तमान सरकार ने 75 साल की आयु सीमा पार कर चुके पेंशनर्स को एकमुश्त बकाया राशि अदा करने के जो आदेश जारी किए हैं और बाकी पेंशनर्स को प्रतिशतता के आधार पर बकाया राशि की अदायगी होनी थी, वह भी नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि पिछले एक डेढ़ साल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनके ग्रेच्युटी व लीव इन कैशमेंट जैसे लाभों को हासिल करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली बोर्ड लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग द्वारा 19 नवंबर को पेंशनर्स फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके लंबित पड़े सभी वित्तीय लाभों को जारी करने के लिए आश्वस्त किया गया था, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है।

पेंशनर्स प्रतिनिधियों ने वित्तीय लाभों की अदायगी में देरी के लिए बिजली बोर्ड लिमिटेड के वित्तीय कुप्रबंधन को व सरकार की गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह तक वित्तीय लाभों की अदायगी सुनिश्चित नहीं की जाती है तो बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम संघर्ष पर उतरने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए बिजली बोर्ड लिमिटेड का प्रबंधन वर्ग व प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। (अनंत ज्ञान)

## विधायक ने मिनी सचिवालय भोरंज में किया आधुनिक लाइब्रेरी का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

विधायक सुरेश कुमार ने मंगलवार को मिनी सचिवालय के परिसर में उपमंडल स्तरीय पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में पाठकों को कंप्यूटर, इंटरनेट, कैफे एवं जलपान सहित अन्य सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इससे आम पाठकों और विशेषकर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को काफी सुविधा होगी।

विधायक ने बताया कि भोरंज के बच्चों एवं युवाओं को एक अच्छा शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए यहां एक आधुनिक लाइब्रेरी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए वह काफी प्रयासरत थे और अब यहां लाइब्रेरी में लगभग 100 बच्चों एवं युवाओं के लिए बैठने का प्रबंध और अन्य आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। आने वाले समय में इसकी क्षमता 200 तक बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक का आभार व्यक्त करते हुए ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन भोरंज के उपाध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश संधू ने कहा कि इस मांग को पूरा करके विधायक ने बहुत बड़ी सौगात दी है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम शशि पाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, भोरंज कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक मंडल के सदस्य विक्रम शर्मा, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा छात्र भी उपस्थित रहे।

## घोटाले पर राणा ने केंद्रीय एजेंसियों से उठाई जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार पर सहकारी बैंकों में भारी घोटाले का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जानबूझकर तीन प्रमुख सहकारी बैंकों कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक और जोगिंदर सहकारी बैंक को सहकारिता विभाग से हटाकर वित्त विभाग में शामिल किया।

राजेंद्र राणा ने कहा कि जब मुख्यमंत्री को यह जानकारी मिली कि हाईकमान के निर्देशों के अनुसार राज्य में सहकारिता विभाग डिप्टी चीफ मिनिस्टर मुकेश अग्निहोत्री को सौंपा जाएगा, तो उन्होंने आनन-फानन में इन बैंकों को सहकारी विभाग से अलग कर अपने पास वित्त विभाग में जोड़ दिया। इसका उद्देश्य वन टाइम सेटलमेंट के तहत अपने करीबी मित्रों के करोड़ों के लोन माफ करना था। इस घोटाले से जुड़े लेन-देन की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग्स वायरल हुई थीं, लेकिन राज्य की जांच एजेंसियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। राणा ने केंद्र सरकार से इस मामले की केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच करवाने की मांग की है।

# पेंशनरों ने मांगों को लेकर की आवाज बुलंद

## प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल में पेंशनरों की अधिकतर मांगें लंबित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**





हिम आंचल पेंशनर संघ के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी।

हिम आंचल पेंशनर्ज संघ द्वारा राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर अपना प्रदेश स्तरीय समारोह मंगलवार को पेंशनर भवन हमीरपुर के सभागार में बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इसमें प्रदेशभर से सैकड़ों पेंशनरों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा ने की। समारोह में भाग लेने वाले शिर्ष नेतृत्व में संघ संस्थापक बीडी शर्मा, मुख्य संरक्षक रमेश भारद्वाज, प्रदेश वित्त सचिव ओम राज कंवर, जिला प्रमुखों में हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम व अन्य जिलों प्रधान रहे।

वक्ताओं द्वारा पेंशनर दिवस पर प्रकाश डाला और पेंशनरों की लंबित मांगों के संबंध में स्पष्ट किया कि नई सरकार का कार्यकाल दो वर्ष का पूरा हो चुका है परंतु सरकार द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगें जिनमें पेंशन संशोधन के परिणामस्वरूप मिलने वाली एरियर का बकाया, जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों को संशोधित ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युटेशन, जारी महंगाई भत्ता की दो किस्तों का एरियर, मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी न हो पाना व चिकित्सा भत्ता में बढ़ौतरी, महंगाई भत्ता की तीन देय किस्तें जारी न किए जाने पर सरकार के प्रति व्यापक रोष जताया गया व प्रदेश नेतृत्व से लंबित मांगों को पूरा करवाने हेतु सरकार के साथ प्रभावी पग उठाए जाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा ने पेंशनरों को आश्वासन दिया कि संघ पेंशनरों की लंबित मांगों को पूरी करवाने के लिए संघर्ष समिति बनाएगा व शीघ्र ही सरकार को पेंशनरों की मांगों से अवगत करवाया जाएगा। यदि 26 जनवरी, 2025 तक सरकार की ओर से लंबित वित्तीय लाभ जारी नहीं किए गए तो संघ पेंशनरों की मांगों को पूरा करवाने हेतु संघर्ष पर उतरने के लिए मजबूर होगा जिसके लिए सरकार उत्तरदायी होगी। (अनंत ज्ञान)

### मांगें न मानी तो पेंशनर्स संघर्ष के लिए होंगे मजबूर

राष्ट्रीय पेंशनर दिवस एनजीओ भवन हमीरपुर में पेंशनर एसोसिएशन ने बड़े हर्षोल्लास से जिला अध्यक्ष एस के कौड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सभी पेंशनर्स ने 20 नवंबर 2024 के बाद मृत्यु को प्राप्त हुए सभी पेंशनर्स को 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति देने की भगवान से प्रार्थना करते हुए उनके परिवार के सदस्यों को यह दुख सहने की प्रार्थना की। महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने बताया कि जिला कार्यकारिणी हमीरपुर ने अधिकारियों कर्मचारियों का 1.1.2016 से 31 जनवरी 2022 तक पेंशन की बकाया राशि, लंबित महंगाई भत्ते की तीन किस्त तथा 1.7.22 व 1.1.23 से जारी महंगाई भत्ते की किस्तों का 21-21 माह का बकाया शीघ्र दिया जाए। इसके अतिरिक्त अन्य मांगें भी रखी गई, अन्यथा पेंशनर्स को शीघ्र ही संघर्ष पर उतरने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदार पूर्णतया प्रदेश सरकार होगी।

## सेवानिवृत्त शिक्षक जगतपाल 2 हजार स्कूलों में बच्चों को दे रहे योग व संस्कार की शिक्षा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग में बतौर जेबीटी 33 साल की सेवाएं दे चुके शिक्षक जगतपाल खजूरिया योग और संस्कार शिक्षा की लौ जला रहे हैं। सेवानिवृत होने के बाद घर में आराम करने की बजाए उन्होंने योग शिक्षा और बच्चों को संस्कार सिखाने का मिशन शुरू किया। इस मिशन के तहत जिला हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना और मंडी के करीब 2000 स्कूलों में उन्होंने योग और संस्कार शिक्षा देने की मुहिम चलाई और अपने खर्चे पर जाकर स्कूलों में बच्चों को योग सिखाया और नशे के खिलाफ जागरूकता किया। अपने इस मिशन में कहीं भी कोई पैसा वह नहीं लेते और अपने जीवन में नित्य योग और अच्छे संस्कारों की महत्ता कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थियों को सिखाते हैं। अपने इस जुनून में उन्होंने हर स्कूल तक आने जाने का किराया और खर्चा खुद वहन किया है। मंगलवार को क्लस्टर स्कूल कोटला में उन्होंने बच्चों को योग और संस्कार सहित नशे के खिलाफ उठ खड़े होने की प्रेरणा दी। चिट्टे के बढ़ रहे नशे को खत्म करने के लिए उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से सहयोग की अपील की। जगतपाल खजूरिया का कहना है कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और योग से स्वस्थ बनाना उनका लक्ष्य है, जिसके लिए वह आजीवन कार्य करेंगे। बिलासपुर जिले की झंडूता तहसील के तहत ग्राम दसलेहड़ा के निवासी जगतपाल खजूरिया की इस मुहिम को शिक्षाविदों ने खूब सराहा है। सेवानिवृत्ति के बाद फ्री सेवा का जो मिशन उन्होंने शुरू किया है, वह आज की पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उनके इस योगदान को देखते हुए आज कोटला स्कूल में उनको स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित भी किया।

**युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और योग से स्वस्थ बनाना उनका लक्ष्य**

# भोरंज से अभ्यवीर, अशोक और नादौन से वीरेंद्र, राकेश बने भाजपा मंडलाध्यक्ष

## बड़सर में तू-तू, मैं-मैं विवाद में एक अध्यक्ष का चुनाव स्थगित, दूसरे में संजीव अध्यक्ष, सुजानपुर-हमीरपुर मंडलों के चुनाव की तिथि अभी नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**





भाजपा के संगठन चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष व भोरंज मंडल।

हमीरपुर जिले में भाजपा के संगठनात्मक चुनावों में भोरंज और नादौन मंडलों के अध्यक्षों के नाम घोषित हो गए हैं, जबकि बड़सर में एक अध्यक्ष चुन लिया गया है और दूसरे के चुनाव में अच्छा खासा हंगामा हो गया है, जिस कारण उसे स्थगित करना पड़ा। प्रदेश भर में आज 171 मंडलों में चुनाव हुए, जिसमें भोरंज विधानसभा के पहली बार दो मंडल बनाए गए। समीरपुर मंडल से पूर्व में रहे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला हमीरपुर के महामंत्री अभय वीर सिंह लवली को समीरपुर भाजपा मंडल का नया अध्यक्ष बनाया गया है। भोरंज मंडल से पूर्व में रहे मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर को पुन: मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई है।

जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि बड़सर विधानसभा से बड़सर मंडल से संजीव कुमार शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। बिझड़ मंडल की मंगलवार को चुनाव के लिए बैठक रखी गई थी, लेकिन इसमें हंगामा हो गया तू तू मैं मैं के बीच में चुनाव स्थगित करना पड़ा। वहीं, नादौन विधानसभा क्षेत्र के दो मंडलों में पूर्व में रहे मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया एवं जो नया मंडल बनाया गया है, वहां से राकेश कुमार को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन सभी मंडलों में प्रदेश की तरफ से संगठन पर्व के तहत चुनाव प्रभारी लगाए गए थे। उनकी देखरेख में मंडल अध्यक्षों के चुनावी प्रक्रिया पूरी की गई।

अब क्योंकि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को विवाद के बाद स्थगित कर दिया गया है, वहां पर यशवीर पटियाल के नाम पर विवाद हो गया और बैठक में मौजूद कार्यकर्ता आपस में एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। इस कारण यह चुनाव फिलहाल टल गया है। जिला मीडिया प्रभारी का कहना है कि अब इसके लिए तिथि सुजानपुर और हमीरपुर मंडलों के चुनावों के साथ ही तय की जाएगी। इसके लिए विचार विमर्श किया जा रहा है।

दरअसल में सुजानपुर और हमीरपुर मंडल के चुनाव को अंजाम देना इतना आसान नहीं है, इसीलिए मंगलवार को इसके लिए तिथियां घोषित नहीं की गई थी। हमीरपुर में विधायक आशीष शर्मा है। जबकि सुजानपुर में भाजपा की कमान अब नए माहौल में प्रवेश कर गई है, वहां पर राजेंद्र राणा ने उपचुनाव लड़ा था। देखना यही है कि इन दो मंडलों में जो अध्यक्षों का चुनाव होगा, उसे लेकर कितनी जल्दी तिथि तय होगी और क्या बगैर किसी विवाद के यह चुनाव संपन्न हो जाएंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह चुनाव किसी भी चुनाव प्रभारी के लिए आसान नहीं हैं।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी बिझड़ी मंडल में अब क्योंकि यशवीर पटियाल के नाम पर सहमति नहीं हो पाई। इस इलाके में कांग्रेस से आए इंद्रदत्त लखनपाल अब यहां पर भाजपा के विधायक हैं।

### बिझड़ी ब्लॉक में टला मंडलाध्यक्ष का चुनाव

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुए बीजेपी मंडलाध्यक्ष के चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता पूर्व बीजेपी बड़सर मंडलाध्यक्ष यशवीर पटियाल को फिर से अध्यक्ष बनाने को लेकर विरोध में उतरे हैं। मंगलवार को बड़सर व बिझड़ी मंडल पर दो अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी थी जिसमें बड़सर मंडल पर बीजेपी ने ग्राम पंचायत उसनाड़ कलां के प्रधान संजय शर्मा को निर्विरोध मंडलाध्यक्ष चुन लिया गया, लेकिन नए बने बिझड़ी मंडल के मंडलाध्यक्ष के चुनाव पर कार्यकर्ताओं ने असहमति जताई है। बिझड़ी मंडलाध्यक्ष के लिए जैसे ही पूर्व बड़सर बीजेपी मंडलाध्यक्ष यशवीर पटियाल का नाम चुनाव प्रभारी ने लिया, वैसे ही इस चुनाव में पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए उनका विरोध करना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा की उक्त व्यक्ति पिछले दो सालों में कांग्रेस के विरुद्ध न तो कोई बयान जारी किया है और न ही कभी पिछले छह महीनों में स्थानीय विधायक के साथ किसी मसले को लेकर कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। बिझड़ी मंडलाध्यक्ष चुनाव पर हुई इस गहमागहमी के बीच मंडलाध्यक्ष के चुनाव नहीं हो पाया है, जिसे आगामी समय के लिए टाल दिया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव शर्मा बड़सर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव शर्मा, सुरेंद्र अग्निहोत्री, यशवीर पटियाल सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'फिटनेस की डोज एक घंटा रोज' के तहत साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साईं सेंटर हमीरपुर में मंगलवार को फिटनेस की डोज एक घंटा रोज के तहत फिट इंडिया साइकिलिंग प्रतियोगिता करवाई गई।, जो कि साईं सेंटर हमीरपुर से लेकर गांधी चौक तक करवाई गई। इसमें शहर के युवाओं ने काफी संख्या में भाग लिया। इस साइकिलिंग प्रतियोगिता में देश के 1000 शहरों में फिट इंडिया साइकिलिंग का शुभारंभ देश के खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को किया, ताकि देश के युवा कम से कम आधा घंटा तक साइकिल चलाकर स्वस्थ भारत की ओर अपना कदम बढ़ाएं। साईं सेंटर हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर मनोज आवटी ने साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हमीर साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी और साईं सेंटर के कोच काफी संख्या में मौजूद रहे।

## गलोड़ स्कूल में बोले कुलदीप- शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा



सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाते कुलदीप व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ में हर साल की तरह इस वर्ष भी वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कांगड़ा बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरिंद्र शर्मा और अन्य स्टाफ, विद्यार्थियों, स्कूल प्रबंधन समिति व स्थानीय जनता ने मुख्यातिथि का हार पहनाकर स्वागत किया।

प्रधानाचार्य ने शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल मुखिया सुरिंदर शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्याालय गलोड़ के विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए इनाम देकर सम्मानित किया। कुलदीप पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल का वार्षिक परितोषिक वितरण सभी बच्चों के अहम दिवस होता है। एक स्कूल का मान और प्रतिष्ठा का दिन होता है। जिस तरह से वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई है, उसी आधार पर सभी स्कूल के बच्चों को बधाई देता हूं। मै स्कूल के सभी छात्र-छात्रों को उनके अच्छे रिजल्ट के लिए बधाई देता हूं। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पहाड़ी नाटी, प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार, निशांत ठाकुर रविंदर लखनपाल, कैप्टन कमलेश शर्मा, प्रधान संजीव शर्मा, अनिल वर्मा बच्चों के अभिभावकों सहित इलाका के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अभियान: उद्यान विभाग एचपी शिवा परियोजना में हमीरपुर जिले के दर्जनों गांव और जुड़ेंगे

# जिले की 200 हेक्टेयर भूमि पर लगाए जाएंगे फलदार पौधे

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में एचपी शिवा परियोजना के तहत गांवों की बंजर पड़ी जमीन पर फलदार पौधे लहरा रहे हैं। जिले की 70 हेक्टेयर भूमि में अब बागवान बगीचों के जरिए मोटी कमाई कमा रहे हैं। इसमें अमरुद, मौसम्मी और संतरों की खूब पैदावार हो रही है, जिससे बागवान भी बाहर नौकरी करने के बजाए घर में ही अच्छी कमाई कर रहे हैं और काफी खुश भी हैं। यही नहीं इन गांवों के आसपास के गांव भी अब एचपी शिवा परियोजना में शामिल करने के लिए उद्यान विभाग से आग्रह कर रहे हैं, ताकि शहरों के चक्कर काटने की बजाए घर में ही अच्छी खासी इनकम कमाई जाए।

उद्यान विभाग की माने तो हमीरपुर एचपी शिवा परियोजना के दायरे को अब 200 हेक्टेयर तक बढ़ाने जा रहा है। वर्ष 2025 तक हमीरपुर जिले के दर्जनों गांवों को इसमें जोड़ा जाएगा। शिवा परियोजना में आठ से 10 परिवारों की साथ लगती भूमि को इसमें जोड़ा जा रहा है। इसमें बागवानों को 10 से 11 हजार रुपए के उत्तम क्वालिटी के प्लांट बगीचों में लगाए जाएंगे। इसमें 80 फीसदी सरकार का और 20 फीसदी बागवानों का योगदान रहता है।



**बगीचों में अमरुद, मौसम्मी और संतरे के लगाए जाएंगे पौधे**

बगीचों की बाड़बंदी और पानी की सिंचाई की व्यवस्था भी बगीचों के साथ में ही की जाती है, ताकि जरूरत पड़ने पर बगीचों में सिंचाई के माध्यम से पानी भी मुहैया करवाया जा सके। जिले में पायलट प्रोजेक्ट पर 70 हेक्टेयर भूमि पर शिवा परियोजना के माध्यम से बागवानों को बगीचे लगाकर मुहैया करवाए थे, जिनमें अब फल आना शुरू हो गए हैं। बागवान बगीचों के जरिए मोटी कमाई कमाने में लगे हुए हैं। बागवानों ने इस सीजन में बगीचों से मौसम्मी 40 से 50 रुपए किलो, संतरा 50 से 60 रुपए किलो और अमरूद 80 से 100 रुपए किलो में फल मार्केट में बेचे हैं। आसपास के गांव भी इस परियोजना में शामिल करने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि वह भी बगीचों के जरिए कमाई कमा सकें। यही नहीं प्रदेश सरकार भी लोगों को कृषि और बागबानी की और जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है, ताकि प्रदेश के लोग आत्मनिर्भर बनें और खेतीबाड़ी के माध्यम से भी रोजगार प्राप्त कर सकें। (अनंत ज्ञान)



'जिले की 200 हेक्टेयर भूमि पर एचपी शिवा परियोजना के तहत गांवों में बगीचे तैयार करके किसानों को मुहैया करवाए जाएंगे। इसमें अमरूद, मौसम्मी और संतरे के बगीचे लगाए जाएंगे, ताकि आने वाले तीन-चार वर्षों के उपरांत यह बगीचे बागबानों का इनकम का जरिया बन सके। क्योंकि बागबान भी बगीचों में लगे फलों से अच्छी कमाई कमा रहे हैं।

**डॉ. राजेश्वर परमार, उपनिदेशक उद्यान विभाग हमीरपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### चीफ फार्मेसी ऑफिसर चंबा के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चीफ फार्मेसी ऑफिसर चम्बा विकास सूदन के सोमवार को आकस्मिक निधन होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा डॉ. विपन ठाकुर की अगुवाई में कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपन ठाकुर ने बताया की विकास सूदन के आकस्मिक निधन से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हर अधिकारी ओर कर्मचारी शोक ग्रस्त है। विभाग उन के परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है भगवान उन की आत्मा को शांति दे।

### एनटीपीसी कोलडैम द्वारा स्टेम लैब की स्थापना



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोघरी के लिए लगभग 8 लाख रुपए की लागत से स्टेम लैब स्थापित की गई। इस लैब का उद्घाटन रेखा ठाकुर अध्यक्षा संगिनी संघ महिला मंडल एनटीपीसी काले डैम द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दोघरी के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, विद्यालय के अन्य अध्यापकगण, एनटीपीसी कोलडैम से डॉ. अंजुला अग्रवाल वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर, पूरन सिंह सहायक प्रबंधक मानव संसाधन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस लैब से बच्चों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ के अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। एनटीपीसी काले डैम हमेशा परियोजना प्रभावित एवं आसपास लगते क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रति प्रयासरत रहता है।

### 20 दिन से अंधेरे में डूबी डलहौजी जगमगाई

**डलहौजी ।** 20 दिनों से अंधेरे में डूबी पर्यटन नगरी डलहौजी आखिरकार रोशनी से जगमगा उठी। नगर परिषद डलहौजी ने विद्युत बोर्ड को 50 लाख रुपए की आंशिक राशि जमा करवा कर स्ट्रीट लाइटों की बहाली सुनिश्चित की। इस पहल से स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिली है। विद्युत बोर्ड के एसडीओ इंद्रजीत सिंह ने कहा कि नगर परिषद पर अब भी करीब 5.5 करोड़ रुपए की बकाया राशि है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद से इस बकाया राशि को किस्तों में चुकाने का लिखित प्रस्ताव मांगा गया है। यह प्रस्ताव विद्युत बोर्ड के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, जिसकी स्वीकृति के बाद आगे की सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। हालांकि नगर परिषद द्वारा 50 लाख रुपए की राशि जमा करवाने के बाद शहर की स्ट्रीट लाइटों को बहाल कर दिया गया है।

### हिमाचल प्रदेश में फिर महंगा हुआ सीमेंट

**सोलन ।** हिमाचल प्रदेश में सीमेंट की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। सीमेंट कंपनियों ने दाम 10 रुपए प्रति बैग बढ़ाकर जनता को नए साल का तोहफा दिया है। 23 अगस्त से लेकर अब तक यह तीसरी बार है जब कीमतों में इजाफा हुआ है। इन 4 महीनों में कुल 35 रुपए प्रति बैग की वृद्धि हो चुकी है। सितंबर में कंपनियों ने दाम बढ़ाने की योजना बनाई थी, लेकिन खबर लीक होने के बाद इसे टालना पड़ा। अब दिसंबर में कंपनियों ने इसे लागू कर दिया। सोलन में अब सीमेंट का बैग 435 रुपए का हो गया है, जबकि पूरे प्रदेश में इसकी कीमत 435 से 545 रुपए के बीच है। हैरानी की बात है कि हिमाचल में सीमेंट का उत्पादन हो रहा है, वहीं इसके दाम पड़ोसी राज्यों के मुकाबले अधिक हैं। पिछले साढ़े 5 वर्षों में सीमेंट के दाम 200 से 250 रुपए प्रति बैग तक बढ़ गए हैं। सीमेंट कंपनियों की इस मनमानी पर सरकार भी नाकाम साबित हो रही है। आम जनता बढ़ते दामों से परेशान है लेकिन इन बढ़ौतरी को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।

### बेरोजगारी व गेस्ट टीचर पॉलिसी के खिलाफ की नारेबाजी

**चंबा ।** हिमाचल प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी व गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में एबीवीपी द्वारा चंबा कॉलेज में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की गई। एबीवीपी प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर ने कहा कि जब भी सरकारें सत्ता संभालती हैं तो उनका प्रयास क्षेत्र के विकास, युवाओं के लिए रोजगार, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास को गति देना जैसे कामों को प्राथमिकता रहती है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार जब से सत्ता में आई उसी दिन से तुगलकी फरमान जारी करने पर बल दिया गया।

प्रदेश में 2022-23 के सर्वे के अनुसार 708230 बेरोजगार लोग रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे संवेदनशील विषय के ऊपर किसी प्रकार की नीति नहीं बनाई गई, जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त हो। आऊटसोर्स अध्यापक भर्ती युवाओं के लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले 2 वर्षों से युवाओं को वर्ग में लाने का काम कर रही है। युवाओं के साथ आए दिन झूठे वायदे करना सरकार की आदत बन चुकी है। कैबिनेट के इस फैसले से लाखों युवाओं के सपनों को ठेस पहुंची है। विद्यार्थी परिषद प्रदेश सरकार की इस नीति का विरोध करती है।

### जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र की समीक्षा बैठक आयोजित, उपायुक्त ने की अध्यक्षता

# मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के दुष्प्रभावों पर बढ़ाई जाए जागरूकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की समीक्षा बैठक का आयोजन आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुकेश रेपसवाल ने ज़िला में मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों की प्रभावी रोकथाम को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के दुष्प्रभावों की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने को निर्देशित किया।

साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केमिस्ट की दुकानों पर बिकने वाली विशेष श्रेणी की दवाइयों की जानकारी प्रति माह उपलब्ध करवाई जाए।





बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य अधिकारी।

**इस साल जनवरी से अब तक 18 केमिस्ट दुकानों के लाइसेंस किए सस्पेंड**

उपायुक्त ने विशेष कर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए । साथ में उन्होंने कोटपा अधिनियम के तहत भी आवश्यक कार्रवाई को निर्देशित किया।

**केमिस्ट विशेष श्रेणी की दवाइयों की जानकारी प्रतिमाह करवाएं उपलब्ध**

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं उपयोग पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए विभाग तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित बना रहा है। उन्होंने बताया कि जारी वित्त वर्ष के दौरान एनडीपीएस अधिनियम के तहत 82 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें लगभग 32 किलोग्राम के करीब चरस तथा 228 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

जिला दवा निरीक्षक ने बैठक में अगवत किया कि जनवरी 2023 से अब तक 212 निरीक्षण किए गए तथा जनवरी 2024 से अब तक 18 केमिस्ट की दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

बैठक में एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, उपायुक्त राज्य कर व आबकारी नूतन महाजन, सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी राहुल कश्यप, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. वैभवी गुरुंग जिला दवा निरीक्षक लवली ठाकुर, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विकास कपूर, कार्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा से ओएसडी उमाकांत आनंद, कार्यालय उपनिदेशक उच्च शिक्षा से प्रतिनिधि प्रवेश लता तथा जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से मनोज कुमार उपस्थित रहे ।

# डॉ. प्रमोद कुमार ने बनीखेत विद्यालय का किया निरीक्षण



समिति की बैठक के दौरान मौजूद डॉ. प्रमोद व साथ हैं अन्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्र विद्यालय बनीखेत में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का सफल आयोजन हुआ जिसमें नामित अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने इस आयोजन की अध्यक्षता की। इस बैठक में डॉक्टर विजय नाग, सोमराज अरोड़ा, पूनम, सीमा अरोड़ा, डॉक्टर कुंवर, दीप सिंह, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार के अलावा अन्य के सदस्य मौजूद रहे।

इस आयोजन में स्कूल की प्रधानाचार्य कमलजीत कौर ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा इस बैठक में विद्यालय में आगामी एवं दूरगामी विकास एवं शैक्षिक दृष्टिकोण के बारे में चर्चा तथा रूपरेखा तैयार की। बैठक में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियां का विवरण प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

**बैठक में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों का विवरण किया प्रस्तुत**

तत्पश्चात विद्यालय में किया जा रहे सभी कार्यों का अवलोकन भी संक्षेप में आए हुए सीएससी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बच्चों के लिए खरीदे गए स्कूली सामान जैसे बेंच पुस्तकालय के लिए किताबें के अलावा स्कूल का निरीक्षण भी करवाया गया।

कमेटी के अध्यक्ष ने स्कूल के विभिन्न कार्यों पर अपनी सहमति जताते हुए प्रशंसा भी की तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य ने इस आयोजन को लेकर आए हुए सभी लोगों का तह दिल से धन्यवाद किया और भविष्य में स्कूल के प्रति अपने उत्तम विचारों तथा सहयोग की कामना भी की।(अनंत ज्ञान)

## चित्रकला प्रतियोगिता में अंजली प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



अध्यापकों के साथ छात्राएं व अन्य।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडू में प्रधानाचार्य पी एन चौहान की अध्यक्षता में किशोरी मेला आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने किशोरियों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि बेटी आज हर क्षेत्र कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है तथा हर क्षेत्र में अपना व अपने अभिभावकों का नाम कर रही है।

बाल विकास परियोजना द्रंग की ओर से सुनील कुमार ने आईसीडीएस की विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यकम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई, जिसमें चित्रकला में अंजली, नारा लेखन में रक्षिता और भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

## नुक्कड़ नाटकों से बताईं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक दलों के द्वारा आज विधानसभा क्षेत्र भटियात के सिहुंता, टुंडी , समोट और चुवाड़ी, विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के सलूणी, व्याना, कालाटोप व बाथरी, विधानसभा क्षेत्र चुराह के तहत सेईकोठी व तिस्सा-2 में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जिला लोक संपर्क अधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों की निरंतरता में विधानसभा क्षेत्र भरमौर के तहत सचुंई, खणी, तुर व धिमला में भी



नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

कलाकारों ने गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रदेश द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

विभाग के साथ संबद्ध निजी सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण में 'राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना' के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

लोगों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना से अवगत करवाते हुए कलाकारों ने बताया कि योजना के तहत विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों के बच्चों की शिक्षा को सुनिश्चित करना है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए 01 हजार रुपये प्रतिमाह और उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

कार्यक्रमों में कलाकारों द्वारा विशेष कर युवाओं में नशे की बढती घातक प्रवृत्ति से बचाव को लेकर अभिभावकों को एतियात रखने का भी आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि नाश एक धीमा जहर है जो युवाओं को मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर बनाता है।

## नवनियुक्त अध्यक्ष संगठन को सशक्त बनाने में देंगे योगदान : प्रकाश राणा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों के साथ विधायक प्रकाश राणा व अन्य ।

जोगिंद्रनगर मंगलवार को भाजपा संगठन के तीन मंडलों-लड़भड़ोल, चौंतड़ा और जोगिंद्रनगर में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। चौंतड़ा से लविंदर ठाकुर (लक्की), लड़भड़ोल से परवीन कुमार, और जोगिंद्रनगर से संजय शर्मा को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि इनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और जनकल्याण की लड़ाई को अब और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष मातृ संगठन को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे और पार्टी के जनाधार को और मजबूत करेंगे।

विधायक प्रकाश राणा ने आगे कहा कि संगठन की मजबूती ही विकास की नींव है और इस प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, और नए अध्यक्षों के नेतृत्व में संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष अजय सकलानी, अजय धरवाल, और राजीव सूद समेत कई वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कसाकड़ा-गांधी गेट सड़क पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही बंद

**चंबा।** शहर के कसाकड़ा मोहल्ले के बीचोंबीच के गांधी गेट से कसाकड़ा मार्ग पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल के आदेशों के बाद पुलिस ने मार्ग के दोनों छोर पर बेरिकेडस लगाकर दोपाहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। हालांकि मार्ग के निचले हिस्से सुखमनी अस्पताल तक वाहन लाने की अनुमति रहेगी।

साथ ही मार्ग पर लोगों की पैदल आवाजाही सुचारू रहेगी। उल्लेखनीय है कि न्यू बस अड्डा को जाने वाले इस व्यस्तम मार्ग पर दिन भर लोगों की आवाजाही दिन भर बनी रहती है।

## शिमला में युवक के मिले शव के मामले में हत्या का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के बालूगंज थाना के तहत ढांडा में बीते वर्ष मिले युवक के शव मामले में अब करीब 17 माह बाद मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक की मां ने बेटे के हत्या होने की आशंका जताई है।

उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्हें सन्देह है कि योजनाबद्ध तरीके उन्हें बेटे का मर्डर हुआ है जिसके बाद पुलिस के इस मामले में हत्या का केस दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार माया देवी पत्नी दीपू कुमार निवासी ग्रीन वैली ढांडा तहसील व जिला शिमला ने पुलिस को बताया था कि इसने अपने बेटे दीपाशू उर्फ हैप्पी की बीते वर्ष 17 अप्रैल, 2023 की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस चौकी जतोग में दर्ज करवाई थी, जिसका शव 21 अप्रैल, 2023 को ढांडा के पास रोड़ से करीब 300 मीटर नीचे मिला था। शव का निरीक्षण करने पर उसका सिर धड़ से अलग होना पाया गया था।

इसके उपरांत यहां पुलिस के आलाधिकारियों सहित एफएसएल की टीम ने मौके का मुआयना किया था और साक्ष्य जुटाए थे। उधर पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पुलिस चौकी जतोग द्वारा अमल में लाई जा रही है।

### सूडोकू 0019 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू 0018 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 दिसंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** तृतीया (10:08): **नक्षत्र** पुष्य (00:59), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** एन्द्र (07:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:17 - 01:35)।

### विशेष दिन

- 18 दिसम्बर 2024 : संकष्ट चतुर्थी आज।
- 18 दिसम्बर : सौभाग्य सुन्दरी व्रत आज।

**मेष:** क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। मानसिक तौर पर थका हुआ महसूस कर सकते हैं। मेहनत की अपेक्षा फल नहीं मिलेगा। बच्चों की सेहत की चिंता रहेगी।

**वृषभ:** हर कार्य में मनोबल बढ़ा हुआ नजर आएगा। किसी भी काम को अच्छे से कर सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग को लाभ मिलने वाला है। सरकारी योजना से लाभ मिल सकता है।

**मिथुन:** कोई नया कार्य आरंभ करने के लिए आज का दिन शुभ है। भाई-बहनों से आपसी तालमेल अच्छा रहने वाला है। घरेलू कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेने वाले हैं।

**कर्क:** नकारात्मक व्यवहार नुकसानदेह हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने वाले हैं। मन में इसी बात को लेकर निराशा की भावना बनी रहने वाली है।

**सिंह:** घरेलू मोर्चे पर भाई या पिता से लाभ मिलने वाला है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। क्रोध झलक सकता है।

**कन्या :** स्वार्थ के कारण किसी खास व्यक्ति से तनाव हो सकता है। धर्म-कर्म में धन खर्च होगा। थकान महसूस कर सकते हैं। पिता की सेहत का खास ख्याल रखें।

**तुला:** आज का दिन लाभदायक साबित हो सकता है। दैनिक आय में बढ़ोतरी हो सकती है। महिला साथी से लाभ होगा। खास दोस्तों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। मित्रों और सगे-संबंधियों से लाभ मिलने वाला है। संतान की प्रगति से मन प्रसन्न रहने वाला है। कारोबार में तरक्की होने वाली है।

**धनु :** जोखिम भरा काम अपने हाथों न लें। थकान के कारण उत्साह ही कमी महसूस कर सकते हैं। नौकरी में परेशनी हो सकती है। अधिकारियों से मनमुटाव हो सकता है।

**मकर :** दफ्तर के कार्य को बेहतर ढंग से संपादित कर पाएंगे। अनावश्यक और अचानक खर्च बढ़ेगा। साझेदारी वाले कार्य में लाभ की संभावना है। शरीर में दर्द हो सकता है।

**कुंभ :** आज आपका आत्मविश्ववास बढ़ा हुआ नजर आएगा। छोटी-मोटी यात्रा पर जा सकते हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होने वाली है।

**मीन :** मन शांत रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने वाले हैं। ससुराल पक्ष से अच्छा सुनने को मिलेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का साथ मिलने वाला है।

## शिमला से राजीव और संजौली से संजीव बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 171 मंडलों का गठन किया है। इससे पहले प्रदेश में मंडलों की संख्या 74 थी, जिसे अब बढ़ाकर हर क्षेत्र को संगठनात्मक रूप से कवर किया गया है। शिमला मंडल की बैठक में बने दो मंडलों की घोषणा की गई, जिसमें चुनाव प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व प्रत्याशी संजय सूद, रवि मेहता जिलाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया सह प्रभारी रमा ठाकुर, सुदीप महाजन, सपना कश्यप, गणेश दत्त उपस्थित रहे। शिमला मंडल के चुनाव में शिमला मंडल से राजीव पंडित और संजौली मंडल से संजीव चौहान पिंकू को अध्यक्ष चुना गया।

इन नामों की घोषणा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सतपाल सत्ती ने की। कुसुम्पटि मंडल की घोषणा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल व शिमला ग्रामीण की घोषणा सूरत नेगी व विधायक दीपराज ने की।

सतपाल सती ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है और पार्टी में हर कार्य लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत किया जाता है।

सत्ती ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा प्रत्येक कार्यकर्ता को निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर देता है और जनता की सेवा को सर्वोपरि मानता है। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति यह दर्शाती है कि भाजपा अनुशासन और लोकतंत्र के प्रति पूरी तरह से समर्पित है।



शिमला मंडल की बैठक में बने दो मंडलों की घोषणा के दौरान मंच पर मौजूद गणमान्य।

**विडंबना** — भरमौर की ग्राम पंचायत बड़ग्रां का त्रिपना गांव आज भी अंधेरे में

# नौनिहाल दीये की लौ में पढ़ाई करने को मजबूर

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर की ग्राम पंचायत बड़ग्रां के गांव त्रिपना में बिजली न होने के कारण यहां के बच्चे आज भी दीए की रोशनी व चंदा मामा की रोशनी की साए में पढ़ाई कर रहे है। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए यहां पर आज भी दीये की रोशनी व चंदा मामा की लाइट ही उनके भविष्य की रोशनी का सहारा है।

जिला से लेकर पड़ोसी राज्यों की बिजली आपूर्ति करने में सबसे सहायक क्षेत्र जनजातीय भरमौर के पंचायत बड़ग्रां के गांव त्रिपना गांव में विभाग व प्रशासन व सरकार आज तक बिजली नहीं पहुंच पाया है। इस गांव के लोग आजादी के 76 वर्षों पश्चात भी अंधेरे तले जीवन व्यापन करने को विवश है। इस गांव के लोग आज भी देसी तरीके से घर में रोशनी करके अंधेरे को दूर भगा रहे हैं।

इसके बावजूद भी विद्युत बोर्ड परिषद की अनदेखी का शिकार हुए गांव त्रिपना में आज तक बिजली का बल्ब नहीं जग पाया है। गांव त्रिपना में करीब 10 परिवार रहते हैं। जबकि इसी गांव की तहसील भरमौर से सैकड़ों मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, लेकिन भरमौर तहसील का एक गांव आज भी अंधेरे में रह रहा है, लेकिन यहां के बच्चों में पढ़ने की ललक इतनी है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री लैंप की रोशनी में पढ़ने के नक्शे कदमों का अनुसरण करते हुए गांव में बिजली न होने के चलते वह चंद्रमा की रोशनी में पढ़ाई कर रहे है। वहीं इसी गांव में वन विभाग का विश्राम गृह भी इस आलम से गुजर रहा है। यहां लोग दीया सलाई या मामबत्ती के सहारे रातें काट रहे है। जोकि केंद्र, राज्य, जिला व उपमंडल प्रशासन सहित विद्युत बोर्ड परिषद भरमौर के लिए शर्मसार विषय है। इस संदर्भ में उपप्रधान ग्राम पंचायत बड़ग्रां सुनील कुमार ने बताया वह इस बारे में कई बार प्रशासन विभाग व सरकार को अवगत करवा चुके हैं। इसी के चलते एडीएम भरमौर नवीन तंवर को भी ज्ञापन सौंप बिजली न होने की समस्या से अवगत करवाया गया है।

फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि मामला उनके ध्यान आने के बाद उन्हें बहुत ही हैरानी हुई है, उन्होंने इस मामले को लेकर एक ज्ञापन अतिरिक्त उपायुक्त सौंपा को सौंपा है।

### जल्द होगा समाधान

**एडीएम** कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि इस समस्या को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है उन्होंने कहा है शिकायत उनके पास पहुंच गई है उसके निवारण के लिए संबंधित विभाग को लिख दिया गया है और जल्द समस्या का समाधान होगा।

### मुख्यमंत्री को किया सूचित

**कांग्रेस** नेता एवं निदेशक हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम सुरजीत भरमौर ने कहा कि मुख्यमंत्री को सूचित कर दिया गया है और विभाग के पास उसकी कॉपी आ गई है, जल्द इसका समाधान हो जाएगा।

**अधिकार** मनुष्य को तब तक अंधा बनाए रखेंगे, जब तक मनुष्य उस अधिकार को प्राप्त करने हेतु मूल्य न चुका दे। **सरदार वल्लभ भाई पटेल**

## संपादकीय

# तपोवन में तपिश

धर्मशाला के तपोवन में हिमाचल विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो जाएगा। इस बार चौदहवीं विधानसभा के सातवें सेशन में कई अहम मुद्दों की तपिश देखने को मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष के पास सत्ता पक्ष और विपक्ष के 316 सवाल आ चुके हैं। यानी सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे विधानसभा में उठाना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस बार विधानसभा का सत्र महज चार दिन का ही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि चार दिन में आखिर इतने ज्यादा सवाल कैसे लग पाएंगे और वो भी उस परिस्थिति में जब विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालांकि, सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के सवालों के जवाब देने की पूरी तैयारी कर रखी है, लेकिन सवाल यह है कि विधानसभा का यह छोटा सा सत्र किस रूप में चलता है। यहां पूर्व में तपोवन में हुए विधानसभा के सत्रों को देखकर यही कहा जा सकता है कि तपोवन में सत्र कम चलता है और विधानसभा से वॉकआउट ज्यादा होते हैं। अगर इस बार भी यही स्थिति बनी रही, तो जनता जनार्दन के मुद्दे फिर दबकर रह जाएंगे। ऐसे में धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा बनाने और उसको चलाने का औचित्य ही क्या रह जाएगा, क्योंकि करोड़ों रुपए खर्चकर बनाए गए इस सुंदर भवन का सदुपयोग नहीं हो पाएगा। यह बेहद चिंतन का विषय है कि महज चार-पांच दिन के सेशन के लिए इतनी बड़ी बिल्डिंग बना दी गई और उसमें भी विधानसभा के सत्र सुचारु रूप से नहीं चलते हैं।

इतनी बड़ी बिल्डिंग की देखभाल करना कोई आसान नहीं होता। इस भवन की मेंटेनेंस पर ही लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। सरकार का पैसा जाया जा रहा है और जनता को मायूसी मिल रही है। अगर इस भवन को सालभर के लिए खुला रखा जाए तो कम से कम यहां आने वाले पर्यटकों के जरिए भी सरकार को लाखों रुपए की आमदनी हो सकती है और उससे भवन की मेंटेनेंस का खर्चा भी आराम से निकल सकता है। यह भवन पूर्व सीएम स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में बना था। तब उनकी सोच यह थी कि शिमला में स्थित विधानसभा के सत्र चलने का लाभ दूरदराज खासकर लोअर हिमाचल के क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पाता था। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और दूरी ज्यादा होने के कारण लोग शिमला तक नहीं पहुंच पाए थे, लेकिन आज जिस तरीके से यह विधानसभा चलाई जा रही है उसे देखकर आमजन भी यह सोचने पर मजबूर है कि आखिर यहां विधानसभा का निर्णय लोगों के लिए लाभदायक क्यों नहीं हो पा रहा है? जब भी शिमला से पूरी सरकार धर्मशाला के लिए शिफ्ट होती है तो उसकी शिफ्टिंग के ऊपर ही लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। विचित्र स्थिति यह है कि इस छोटे से चार दिवसीय सेशन में 15 संशोधन विधेयक विधानसभा में पेश होंगे। वह किस तरीके से पेश होंगे यह भी एक विचारणीय विषय है। धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में भाजपा पहले दिन ही जन आक्रोश रैली निकालेगी।

भाजपा आरोप लगा रही है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए हैं और बेरोजगारों को ठगने का काम किया है। जलरक्षक अपनी अनुबंध अवधि को 12 वर्ष से कम करने की मांग रखेंगे। पैरा मल्टी टास्क वर्कर्स रेगुलर करने और मासिक वेतन बढ़ाने की मांग करेंगे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी और आउटसोर्सिंग का मुद्दा भी खूब गरमाएगा। विधानसभा एक राज्य की विधायिका का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह राज्य के लिए कानून बनाने और राज्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर निगरानी रखने के लिए जिम्मेदार होती है। विधानसभा के सदस्य जनता चुनती है और चुने हुए सदस्यों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की आवाज और चिंताओं को विधानसभा में प्रतिनिधित्व दें। विधानसभा सरकार की गतिविधियों और नीतियों की जांच करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए एक मंच प्रदान करती तथा विकास और नीतियों का निर्माण करती है। सामाजिक और आर्थिक मुद्दों का समाधान भी विधानसभा ही करती है। बहरहाल, तपोवन विधानसभा के इस नए सत्र का इस्तकबाल करने के लिए तैयार है। देखना यह है कि इस विधानसभा का सत्र आमजन के लिए कितना उपयोगी साबित होता है। ■

# अब बहुत कम होती हैं 'बटे-सट्टे' की शादियां

आदिकाल से ही पुरुष महिला के प्रति आकर्षित होते रहे हैं। एक समय था जब ये दोनों अलग-अलग रहने लगे होंगे, लेकिन बदलती परिस्थितियों के कारण उन्हें परस्पर एक-दूसरे के साथ रहने की जरूरत महसूस हुई। दोनों की आपस में नजदीकियां बढ़ी और कुछ समय बाद वे इकट्ठे रहने लगे। शुरू से ही पुरुष के मुकाबले महिला शारीरिक रूप अधिक सशक्त नहीं थी, लेकिन जब दोनों इकट्ठे रहने लगे। तब उन दोनों का आत्मबल बढ़ा। सबसे पहले उन्होंने अपने पेट की भूख को शांत करने के लिए भोजन की तलाश की तथा उसके बाद सांझ ढलते ही किसी सुरक्षित जगह शरण ले ली। विपरीत लिंग का आकर्षण तथा हर समय इकट्ठे रहने से उन दोनों का रिश्ता और अधिक प्रगाढ़ हुआ। प्रकृति के नियमानुसार कुछ समय इकट्ठे रहने के बाद महिला के बच्चे हुए। बच्चों के प्रति मां की तरह पिता का भी प्यार हुआ।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

दोनों ने बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी उठाई। बच्चों को आपस में मिलजुल कर रहना सिखाया गया। उन्हें जीने-मरने तक के संस्कारों के बारे में बताया गया। आसपास रहने वाले दूसरे लोगों से भी उनका संपर्क बना। इसी तरह पहले परिवार अस्तित्व में आए और जनसंख्या बढ़ने के साथ ही समाज की स्थापना हुई तथा लोगों का आपस में भाईचारा कायम हुआ। लोग आपस में एक-दूसरे का सहयोग करने लगे। बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों ने जीवन को सार्थक बनाने के लिए कुछ नियम तय किए। पहले सभी को उनके बारे में आवगत करवाया। नियम बन जाने के बाद इसके लिए पूरे समाज की सहमति बनी। इस तरह एक स्वस्थ सामाजिक विधान बना। सभी नियमों का स्वेच्छा से पालन होने लगा। सामाजिक नियमों का पालन न करने वाले को समाज पहले हिदायत देता। अगर बात नहीं मानी गई तो उसका 'हुक्का-पानी' तक बंद कर दिया जाता। कोई उसे सहयोग नहीं करता और न कोई उससे मदद लेता। इससे वह आपने को असहाय समझने लगता। कुछ शर्तों को पूरी करने के बाद उस परिवार को फिर मुख्यधारा में शामिल कर लिया जाता। नियमानुसार काफी समय से जो पुरुष व महिला इकट्ठे रहते थे। उनको पति-पत्नी के रूप में मान्यता दी गई।

विकसित समाज ने विवाह प्रथा का प्रारंभ किया। उसके बाद पुरुष एवं महिला नियमानुसार परिणय सूत्र में बंधने लगे। समय बीत जाने पर यदि



उनके वैवाहिक संबंध का निर्वाह ठीक नहीं रहा। वे एक दूसरे को छोड़ने भी लगे। इस तरह अपनाने व छोड़ने का सिलसिला चलता रहा। एक समय ऐसा भी आया जब पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या कम हो गई। ऐसे समय में 'बट्टे-सट्टे' के रिश्ते होने लगे। इसके लिए समाज में 'नंदो गई, गुलाबो आई' की लोक कहावत प्रचलित थी। अर्थात जिस घर से वधू को विवाह करके लाना। उस घर में अपनी कन्या का विवाह करना होता था। अन्यथा लिंग अनुपात गड़बड़ाने से अनेक पुरुष विवाह बंधन में बंधने से महरूम होने लगे। ऐसी स्थिति में जिस परिवार में लड़का और लड़की विवाह योग्य हो जाते। वहीं ऐसी शर्त तय होती थी। यदि एक परिवार का दूसरे परिवार में लड़की का रिश्ता होता। तब उस परिवार की लड़की को पहले परिवार के लड़की से शादी करवाई जाती।

उस ऐसा भी हुआ कि यदि किसी का छोटा भाई क्वारा होता तब उसकी शादी करवाने के लिए वह बदले में वह व्यक्ति अपनी लड़की का रिश्ता उस परिवार में कर देता। यानी परिवार में लड़की होती तभी लड़के की शादी हो पाती थी। युवक व युवती दोनों पक्षों को परिणय-सूत्र में बांधने के लिए समाज में 'रबारू' (बचौलिए) की अहम भमिका होती। विवाह चाहे किसी भी प्रकार का हो। रबारू ही दोनों पक्षों से पहले अनौपचारित बातचीत करता। सहमति बन जाने की स्थिति में दोनों पक्षों को इकट्ठा करके उन्हें एक-दूसरे को समझने-समझाने का भूमिका निभाता। दोनों पक्ष अपने स्तर पर भी गुप्त रूप से जानकारी हासिल करते। यदि दोनों पक्षों में बात पक्की हो जाती अर्थात जुबान हो जाती। तब छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज किया जाता। सारे घटनाक्रम का दोषी रबारू को ही माना जाता।

यदि रिश्ता अच्छा हुआ तो रबारू की विवाह के बाद भी इज्जत होती, लेकिन यदि बात ठीक नहीं बैठी तो दोनों पक्ष ही उसे बुरा-भला कहते। लोगों में यह कहावत प्रचलित है कि कोई बिरला ही रबारू विवाह होने तक अपनी इज्जत बनाए रखता है। कुछ ही दिनों में रिश्ते में खटास पड़ने की स्थिति में कई बार तो उसे दोनों पक्ष विवाह में आमंत्रित तक नहीं करते। यदि एक पक्ष बुला भी लेता है तो भी वह वहां जाना ठीक नहीं समझता, तभी तो समाज में कहा गया है कि कोई खास रबारू ही विवाह की धाम का स्वाद चख पाता है। बुजुर्ग बताते थे कि बहुत समय पहले 'बराड़-फूक' विवाह होते थे। इसका कोई वैदिक विधान नहीं था। रबारू लड़के एवं लड़की की आपस में बातचीत करवाता। दोनों एक-दूसरे से इकठ्ठे रहने की शर्तें तय करते। लड़के को कुछ धन लड़की को देना पड़ता था। दोनों में सहमति होने के बाद दूर जंगल में जाते। वहां सूखी कंटीली झाड़ियों (बैरी के पेड़ की कंटीली झाड़ियों को बराड़ कहा जाता) को इकट्ठा करके उनको जलाते तथा आग को साक्षी मान कर उसके चारों ओर फेरे लेते तथा उसके बाद आपस में पति-पत्नी बन जाते। उसे 'बराड़-फूक' विवाह कहा जाता था। एक समय था जब समाज उस तरह के विवाह को मान्यता दे देता था, लेकिन अब ऐसे विवाह नहीं होते हैं। इस तरह यदि कोई महिला परित्यागता होती थी। उसके परिवार से पुनर्विवाह का प्रस्ताव रखा जाता था। दोनों परिवारों की ओर से कुछ शर्तें तय होती। विशेषकर महिला के पक्ष की ओर से उसके जीवन निर्वाह संबंधित शर्तें रखी जाती।

दोनों परिवारों की सहमति से पुरुष उसे अपने घर ले जाता था। समाज उस विवाह को मान्यता दे देता था। जब पुरुष उस महिला को लाने जाता था। वह सेहरा नहीं बांधता था। उसके साथ भाईचारे के चार-पांच या इससे अधिक लोग जाते थे। घर लाई वधू को 'आनण' कहा जाता था। बाद में विवाह बंधन में बंधे उस पुरुष को 'गाडर' (सहभोज) का आयोजन करना पड़ता था। इस प्रकार के विवाह महिला या पुरुष की आयु निर्धारित नहीं होती थी। इसमें महिला की दूसरी शादी होती, लेकिन यह जरूरी नहीं कि पुरुष की दूसरी शादी हो। किन्ही कारणों से यदि किसी पुरुष की शादी नहीं हुई हो पाती थी अथवा किसी पुरुष की पत्नी चल बसी हो या कहीं भाग गई हो तब वह दोबारा शादी कर लेता। उस पुरुष को 'दवाजू' कहा जाता। कई बार किसी व्यक्ति का बड़ा या छोटा भाई किन्हीं कारणों से मृत्यु को प्राप्त हो जाता तथा उसका कोई भाई क्वारा होता।

विधवा हुई महिला व मृतक के भाई दोनों की आयु कुछ वर्षों का अंतर हो। पुनर्विवाह के लिए विधवा के मायके वाले तथा ससुराल वाले दोनों पक्षों की सहमति जरूरी होती। ऐसी स्थिति में उस कवारे जेठ या देवर से विधवा का विवाह करवा दिया जाता। दोनों पक्षों की इसमें कोई शर्त नहीं होती थी। इस शादी को समाज में अत्यधिक महत्व दिया जाता था। इसे सामाजिक प्रतिष्ठा से भी जोड़ा जाता है। यदि पुण्य धर्म की शादी हो तो लोग भी उसे बड़े सम्मान से देखते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# महापुरुषों की यादें मात्र जयंतियों तक ही सीमित

किसी भी व्यक्ति का अपना व्यक्तित्व, व्यवहार व चरित्र अन्य लोगों के लिए कई मायनों से उनको प्रभावित व प्रेरित करने की क्षमता रखता है। समाज में अक्सर सामूहिक चेतना व जीवनशैली होने की संस्कृति से समाज में अक्सर विचारों से प्रभावित होकर प्रेरित होने की प्रक्रिया चलती रहती है, क्योंकि समाज में सहयोग व संघर्ष दोनों की पर्याप्त संभावनाएं होती है। समाज में विभिन्न कालखंडों में ऐसे महान लोग जन्म लेते है, जिनसे पूरा समाज प्रभावित रहता है तथा उन्हें अपना आदर्श भी मानते हैं।



लेखक : साहिल गुलेरिया
पाली, जिला मंडी

भारतीय समाज ऐसे महान पुरुषों व सख्शियतों के जीवन व विचारों से समय-समय पर फलता-फूलता रहा है। स्वामी विवेकानंद जी, रवींद्रनाथ टैगोर, महाराणा प्रताप, महात्मा गांधी, राजा राममोहन राय ,अटल बिहारी वाजपेयी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, अब्दुल कलाम, वीर शिवाजी, ज्योतिबा फुले, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, गुरु नानक जी, लक्ष्मी बाई, कल्पना चावला, अहिल्याबाई होलकर, रानी चेनम्मा व इनके अलावा भी सैकड़ों ऐसे व्यक्तित्व हमारे समाज व देश में हुए जिनकी भले ही सारा समाज अवकाश लेने की लालसा में जयंतियां मनाता हो, लेकिन इनके विषय में आज के युवाओं का ज्ञान न के बराबर है।

इन प्रेरणादाई जीवन व्यक्तित्वों का उल्लेख शिक्षा में जोड़ना चाहिए, ताकि शिक्षा में ऐसे उपक्रमों को जोड़ना चाहिए ताकि शिक्षा में व्यवहारिकता व आदर्शवाद



का समावेश हो सके। आज के लोगों को इन सभी महान व्यक्तित्वों की जयंतियां तो याद है, क्योंकि उनसे उनका सीधा संबंध अवकाश प्राप्ति से है, लेकिन उनके राष्ट्र व समाज के लिए किए गए कार्यों से सभी अनजान है।

सभी लोगों के जीवन से जुड़े एक पहलू से स्पष्ट करना चाहूंगा कि जिस प्रकार रिश्तेदारी में या मित्रता में जब कोई व्यक्ति कुछ बड़ा कार्य करता है तो उसे मान-सम्मान दिया जाता है तथा उसे मार्गदर्शक भी माना जाता है और वह व्यक्ति खूब वाहवाही भी लूटता है, लेकिन उस व्यक्ति से की दर्जे बेहतर कार्य करने वाले इन महानुभावों को न जाने आज के ये आधुनिक लोग भुला से देते हैं। बच्चों और युवाओं को तो छोड़ो जब वरिष्ठ लोगों को ही मालूम नहीं है तो उनकी आने वाली पीढ़ी को इस विषय का ज्ञान होना तो संभव ही नहीं है, लेकिन तब भी आज के अधिकतर युवा इन महानुभावों को याद करते हैं।

इनके जीवन को समझते हैं और उस मार्ग पर चलने का प्रयास भी करते हैं। आज के समाज में किसी जयंती के दिन प्रश्न कर लिया जाए कि आज किसकी जयंती है या पूछ लिया जाए कि वो कौन थे उन्होंने क्या किया था कि आपको अवकाश दे दिया जाता है तो इस स्थिति में सामने वाला व्यक्ति चारों खाने चित्त होगा और अगर जवाब देगा भी तो उसके शब्द होंगे, हमें क्या है कोई हो हमें छुट्टी से मतलब है! वो मिल गई! कहा जाता है कि हमें अपने आज कल और भूत भविष्य का आभास होना चाहिए तथा प्रत्येक घटना का भी ज्ञान होना चाहिए। खासकर स्कूली व कॉलेज स्तर की अध्ययन सामग्री में इसका समावेश उस स्थान पर हो जहां केवल खोखला ज्ञान व महत्वहीन बातें कई दशकों से रटी रटाई जा रही है, क्योंकि जब तक देश व समाज को टिकाने वाला ज्ञान, संस्कृति व व्यवहार रूपी नींव सुदृढ़ नहीं होगी, तब तक एक सर्वविकसित समाज व राष्ट्र की कल्पना अधूरी है, हमारे पास इन महान आत्माओं के विषय में बताने को इतना ज्ञान है जिससे पूरे विश्व को एक नया मार्ग मिल सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**यह** हिमाचल युवाओं का है जो जिंदगी के तराने अपनी मेहनत से चुनते हैं। इन्हें सैन्य या अर्द्ध सैन्य बलों में शरीक होना है। इनके लिए हिमाचल की सरकार के वायदों या घोषणाओं की अधोसंरचना से कोई मतलब नहीं। ये घर, समाज और सरकार की दीवारों के बाहर और मौसम की बेरुखी में खुद को बुन रहे हैं। सरकारी स्कूल-कालेजों के सर्वेक्षणों में होती रैंकिंग से बेखबर युवाओं की टोलियां खुद को सैन्य बलों के कठोरतम अभ्यास के काबिल बना रही हैं और नतीजों की फिराक में रोजगार का यह परचम किसी न किसी मैदान में फहराता है। एक और हिमाचल हाथ में नोटबुक लिए किसी पुस्तकालय में भविष्य का शंखनाद कर रहा है। ऐसे सैकड़ों युवा चंबा के दुरुह क्षेत्रों से निकलकर धर्मशाला के मैदानों में कसरतें करते हुए हर साल सेना या पुलिस की वर्दी के लिए अपना सीना सौंपते हैं। एक श्रृंखला के रूप में जो खुद सेना में चले जाते, कल वही प्रेरणा बनकर अन्य बेरोजगार युवाओं में अपने आदर्श को सिंचित कर देते हैं। **रमन कुमार, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भोजपुरी के समर्थ लोक कलाकार

**भिखारी** ठाकुर भोजपुरी के समर्थ लोक कलाकार, रंगकर्मी लोक जागरण के संदेश वाहक, नारी विमर्श एवं दलित विमर्श के उद्घोषक, लोक गीत तथा भजन कीर्तन के अनन्य साधक थे। भिखारी ठाकुर बहुआयामी प्रतिभा के व्यक्ति थे। वे एक ही साथ कवि, गीतकार, नाटककार, नाट्य निर्देशक, लोक संगीतकार और अभिनेता थे। भिखारी ठाकुर की मातृभाषा भोजपुरी थी और उन्होंने भोजपुरी को ही अपने काव्य और नाटक की भाषा बनाया। राहुल सांकृत्यायन ने उनको 'अनगढ़ हीरा' कहा था तो जगदीशचंद्र माथुर ने 'भरत मुनि की परंपरा का कलाकार'। उनको 'भोजपुरी का शेक्सपीयर' भी कहा गया। भिखारी ठाकुर का जन्म बिहार के सारन जिले के कुतुबपुर (दियारा) गांव में एक नाई परिवार में हुआ था। उनके पिताजी का नाम दल सिंगार ठाकुर व माताजी का नाम शिवकली देवी था। उन्होंने दूसरा महत्त्वपूर्ण काम अपने रंगमंच की कलात्मकता के स्तर पर किया। उन्होंने जीवन से ही अपने लिए कला के रूप चुने। वहीं से नाटक की युक्तियों को उठाया। बिहार के तत्कालीन सामंती समाज ने जिस कला को अपनी विकृत रुचियों का शिकार बना लिया था और अश्लील कर दिया था, उसे उन्होंने नया और प्रभावशाली रूप दिया। आज भिखारी ठाकुर हमारे लिए इसलिए महत्त्वपूर्ण हैं कि वे सिखाते हैं कि जीवन के अंतर्द्वंद्व ही रचनात्मकता को दीर्घजीवी बनाते हैं। उनका पूरा रचनात्मक संसार अंतर्द्वंद्वों से भरा हुआ है। वे स्वयं गोस्वामी तुलसीदास की तरह भक्त कवि बनना चाहते थे और खड़गपुर (बंगाल) में रामलीला ने उनके भीतर कविताई का बीज डाला, पर उनके समय और समाज के दु:खों ने उन्हें मनुष्य की पीड़ा का रचनाकार बनाया। भिखारी ठाकुर का निधन 10 जुलाई, सन 1971 को 84 वर्ष की आयु में हो गया। भिखारी ठाकुर को साहित्य और संस्कृति की दुनिया के पहलुओं ने प्रसिद्ध नहीं किया और न ही जीवित रखा। ■



**भिखारी ठाकुर**
**जन्म :** 18 दिसंबर, 1887
**मृत्यु :** 10 जुलाई, 1971

# देशहित की प्रगति में एक देश एक चुनाव का ऐतिहासिक फैसला

आज हम आप सभी के समक्ष एक ऐसे महत्वपूर्ण एवं देशहित के परिप्रेक्ष्य में चर्चा एवं विश्लेषण करने का एक छोटा सा प्रयास करेंगे, जो महत्वपूर्ण विषय है (एक देश एक चुनाव) केंद्र सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

भारत में वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि संसद के निचले सदन यानी लोकसभा चुनाव के साथ ही सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराए जाएं। इसके साथ ही स्थानीय निकायों यानी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हों। इसके पीछे विचार है कि ये चुनाव एक ही दिन या फिर एक निश्चित समय सीमा में कराए जा सकते हैं। कई सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के साथ ही राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव कराने पर जोर देते रहे हैं। जिस फैसले का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंद्रह अगस्त को भी अपने भाषण में किया था, परंतु इस प्रकार के फैसले लेने में केंद्र सरकार के लिए आसान भी नहीं है, क्योंकि सर्वप्रथम तो संविधान अनुसार कानून में संशोधन करना पड़ेगा, तो वहीं विभिन्न राज्य विधानसभा से भी पारित करवाने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि विभिन्न राज्यों के क्षेत्रीय दल इस प्रकार के फैसलों से कहीं न कहीं समर्थन देने के पक्ष में शायद ही हो।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

एक देश एक चुनाव की अनेक देशों में भी देखने एवं सुनने को मिलते हैं जिसमें जैसे अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन कनाडा इत्यादि शामिल हैं, देश में बार-बार चुनाव होने से राज्य एवं केंद्र सरकार के विकास में भी एक बड़ी बांध उत्पन्न करता है जिसमें कि एक या दो-दो महीनों तक चुनाव आचार संहिता लगने के कारण कोई भी विकासात्मक कार्यों को गति नहीं मिल पाती



है, इसलिए अगर हमारे देश में एक देश एक चुनाव लागू होता है तो निसंदेह विकास को मानों और गति मिलेगी। तो वहीं इस फैसले से यकीनन भविष्य में देश को आर्थिक रूप से भी लाभ होगा, जैसा कि हम सभी को मालूम है कि हमारे देश में वर्षभर कोई न कोई चुनाव देखने एवं सुनने को मिलते रहते हैं, जिन विभिन्न चुनावों में सरकार के खजाने से करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं।

इस प्रकार आज हम सभी देशवासियों के लिए केंद्र सरकार का यह फैसला निश्चित रूप से सराहनीय योग्य माना जा रहा है, जिस फैसले को हम सभी युवाओं एवं समाज को राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में सोचने एवं आत्मचिंतन करने की परम आवश्यकता है तथा उम्मीद करेंगे कि बहुत जल्द संसद और राष्ट्रपति से पारित होकर देश-भर में जल्द से जल्द लागू हो ऐसी उम्मीद और विश्वास करते हैं, जिस प्रकार हमारे देश की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तो वहीं विश्वभर में जनसंख्या के हिसाब से हम विश्व भर में प्रथम स्थान पर पहुंच चुके हैं जो कि बहुत ही गंभीर और चिंतनीय स्थिति को दर्शाता है।

इस प्रकार जनसंख्या नियंत्रण पर भी केंद्र सरकार को भविष्य में कोई कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है ताकि हमारे देश की जनसंख्या भी अन्य देशों की भांति सीमित हो, ताकि विकास की गति को और अधिक बल मिले, जिस प्रकार केंद्र सरकार ने (एक देश एक चुनाव) जैसे ऐतिहासिक फैसले लेने की इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता को दोहराया है, जिस फैसले से भविष्य में मानों अनेक लाभ हमारे देश को किसी न किसी रूप में मिलते रहेंगे, एक देश एक चुनाव करवाने से सर्वप्रथम तो केंद्रीय चुनाव आयोग को अनेक क्षेत्रों में सुचारु रूप से चुनाव करवाने से निजात मिलेगी। केंद्र सरकार की तमाम सुरक्षा एजेंसियों रक्षा बलों एवं प्रदेश सरकारों की पुलिस प्रशासन को भी बार-बार चुनाव के परिप्रेक्ष्य में किसी भी बड़े दंगे एवं आतंकवादी हमलों इत्यादि का सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रकार भविष्य में उम्मीद करतें हैं कि केंद्र सरकार के इस फैसले का हर राजनीतिक दल पूर्णता सहयोग करेगी, जिसे लोकसभा,राज्यसभा और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# देश माव



भीम बसेड़ू राजपूत

*आपणा देश;*
*आपणा हे हुंआ, की;*
*माव ; माव हे हुई,*
*से बमार, बुढढी ठेरी गरीब,*
*कोढ़ी कलंकी कुछ बी हो,*
*हुआं देश तिहां,*
*जिहां डाला थाले हुई त्रहड़,*
*आपणे देशा परा गर्व करणा,*
*हुआं ग्रांईंयों तिहां,*
*जिहां आपु परा गर्व करणा,*
*हाऊं जाऊं कुर्बान,*
*ये सब हे किछ इधरे कट्ठे, की भला;*
*म्हारे ते पैहले ही;*
*देश माव,*
*जे म्हारे ते पैहले ही देश माव।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवरलाल, जिम्मेदार कौन ?

देश में महानगरों से लेकर गांव तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ़ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई है, क्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं। एक समाचार के अनुसार ताजा मामला ऊना में घटित हुआ है, जहां दौलतपुर चौक में एक एटीएम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रुपए निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा, ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा, जो लोगों के पैसों को लूट रहे हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

सतर्कता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है, क्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैंक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करें तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रहे हैं। एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं। बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे हैं। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड़ जमी रहती है। वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है और न ही बैंक के कर्मचारी होते हैं, जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए। एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है।

सतर्कता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है, क्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा



उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूटकर लाखों का चूना लगा रहे हैं। हिमाचल में सैकड़ों मामले घटित हो चुके हैं, मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे हैं, मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है। प्रदेश में काफी समय से ऐसे गिरोह लोगों का पैसा लूट रहे हैं। इन पर शिकंजा कसना होगा, ताकि ऐसी वारदातों पर रोक लग सके।

इसे पुलिस की अर्कमणयता की संज्ञा दी जाए, तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। इन घटनाओं में बैंक के अधिकारियों की लापरवाही भी देखने को मिल रही है। कुछ वर्ष पहले जिला मंडी के रिवालसर व नेरचौक में एक शातिर युवक ने एक युवती व युवक के एटीएम कार्ड बदलकर 60 हजार रुपए निकाल लिए थे। इस वारदात से पहले 15 अप्रैल 2015 को जिला ऊना के खानपुर में एक शातिर युवक ने उसकी मदद की एवज में उसका एटीएम कार्ड बदल दिया, बाद में शातिरों ने उसके खाते से 65 हजार रुपए निकाल लिए जब पैसे निकाले जाने का संदेश आया तब उसे शातिरों द्वारा पैसे उड़ाने का पता चला।

बीते वर्षों में सोलन के सुल्तानपुर के रहने वाले एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर शातिरों ने 23,530 रुपए निकाल लिए थे। जब यह व्यक्ति एटीएम से पैसे निकालने लगा तो पैसे निकालते समय कुछ तकनीकी खराबी आ रही थी। उसने अपना एटीएम कार्ड पास खड़े एक व्यक्ति को देकर कहा कि मेरे खाते से दो हजार रुपए निकाल दो उसने दो हजार निकाल दिए मगर एटीएम कार्ड बदल दिया जब वह दूसरी बार पैसा निकालने गया, तो एटीम मशीन ने गलत कोड दर्शाया, तो उसने कार्ड देखा तो वह किसी और के नाम का था। बैंक के अधिकारियों को लोगों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाने चाहिए ताकि ग्राहकों को नटवरलालों से निजात मिल सके। यदि ऐसा कढ़ाई से लागू किया जाए, तो इन वारदातों पर अंकुश लग सकता है। यदि लोग जागरूक हो जाएगें, तो ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### करसोग बार एसो. ने जज को दी भावभीनी विदाई



**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग बार एसोसिएशन ने मंगलवार को स्थानीय सिविल कोर्ट में स्थानांतरित खंड न्यायाधीश राहुल वर्मा को भावभीनी विदाई दी। सिविल कोर्ट के अधिकारियों व सरकारी बकील महेंद्र सिंह सहित बार करसोग के अधिवक्ताओं के द्वारा उन्हें विदाई दी गई और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड न्यायधीश राहुल ने कहा कि बेशक उनके यहां से स्थानांतरण हो गया है मगर वह सभी के दिलों में विराजमान है। इस मौके पर अधिवक्ताओं द्वारा उनका आभार जताया गया और यह भी कहा गया कि उनके कार्य शैली अनुकरणीय है खासकर अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा भी। बता दें कि खंड न्यायधीश करसोग राहुल वर्मा ने यहां एक साल नौ महिने तक खंड जज के रूप में यहां कार्यरत रहे। विदाई समारोह के दौरान सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रंगीला राम नेगी और अधिवक्ताओं ने खंड जज को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

### आंगनबाड़ी भवनों के कार्य पूरा करें अधिकारी : गौरव



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाल विकास परियोजना के माध्यम से करसोग में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं व आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण और मरम्मत कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी करसोग विपाशा भाटिया सहित उपमंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान व पंचायत सचिवों ने भाग लिया। गौरव महाजन ने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि पात्र लोगों तक सुविधाएं पहुंचाकर उनको लाभान्वित किया जा सके। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, उनकी मरम्मत करवाने व आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने जैसे मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### सरकार पेंशनरों के लंबित बिलों का करे भुगतान : रेवती राम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी ।** पेंशनर वैल्फेयर एसोसिएशन सदर इकाई द्वारा पेंशनर स्थापना दिवस पेंशन भवन में धूमधाम से मनाया गया। सैंकड़ों पेंशनरों की उपस्थिति में अवसर पर डॉ. केसी मल्होत्रा मुख्य संरक्षक ने मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया। एसोसिएशन के प्रधान रेवती राम शर्मा व कार्यकारिणी ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. केसी मल्होत्रा ने पेंशनर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला व बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार आज के दिन 1982 को पेंशन बहाल हुई है। प्रधान रेवती राम शर्मा ने कहा कि सरकार शीघ्र ही पेंशनरों के लंबित पड़े बिलों का भुगतान करें और पेंशनरों का 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनरों के पूरे भुगतान के लिए सरकार का धन्यवाद किया। प्रेस सचिव योगेन्द्र पाल सरोच ने बताया कि हिमाचल में ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं।

### 19 को बीर फीडर में बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 19 दिसंबर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नये बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के गांव तरनोह, भलेड़, खपरेहड़ा, घेरू, नेरल, थामबा, रोपड़ी तथा साथ लगते गांव में 19 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू चिंतन प्रकाश ने दी।

### विद्यार्थी नशे के खिलाफ अभियान को दें बढ़ावा



**धर्मपुर।** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के एंटीड्रग क्लब द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रोफेसर रमेश चंद शर्मा के द्वारा किया। प्रोफेसर रमेश चंद शर्मा ने नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई और छात्रों को इस गंभीर मुद्दे के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशे के खिलाफ अभियान को बढ़ावा दें और अपने साथियों को इसके खतरों के बारे में बताएं। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलरिया ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि कॉलेज इस प्रकार के अभियानों को लगातार बढ़ावा देगा, ताकि छात्र नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन जी सकें।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ पेंशनरों की हुंकार



**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय राज्य पेंशनर्ज महासंघ प्रादेशिक इकाई ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ हुंकार भरी है। यहां आयोजित पेंशनर दिवस पर राज्यस्तरीय आयोजन में कई जिलों के पेंशनरों ने भाग लिया। उपस सभी पेंशनरों ने अपनी मांगों को तुरंत पूरी करने को आवाज बुलंद की। इस दौरान भारतीय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मानंद ने कहा कि अगर जल्द ही प्रदेश सरकार ने पेंशनरों के पेंडिंग वित्तीय लाभ जारी नहीं किए तो विधानसभा सत्र का घेराव करने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। मेडिकल भत्ते व एरियर लंबित हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि सुक्खू सरकार में पेंशनर दुखी हैं।

### ढंडाल पंचायत में बताईं प्रदेश सरकार की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदायों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के उत्थान व समाज में इन वर्गों को समान अवसर प्रदान करने उनके अधिकारों का संरक्षण कर पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए आज से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मंडी जिला में वृहद अभियान आरंभ किया गया। ग्राम पंचायत ढंडाल समारहण व ग्राम पंचायत बग्गी तुंगल के बटाहर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध सबरंग कला मंच ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की नुक्कड़- नाटक एवं गीत-संगीत के माध्यम से जानकारी प्रदान की।

### कोलडैम में महिलाओं ने किया ब्यूटीशियन कोर्स



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ब्यूटीशियन कोर्स एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं हेतु ग्राम पंचायत घन्यारा के दोघरी गांव में हिमकॉन शिमला के सहयोग से नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत चलाए जा रहे चार माह के ब्यूटीशियन कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस ब्यूटीशियन कोर्स में कोलडैम प्रभावित क्षेत्र की 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्यातिथि रेखा ठाकुर अध्यक्षा संगिनी संघ महिला मंडल, एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट और किटें प्रदान की गई।

### पशु बांझपन निवारण पर लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** ग्राम पंचायत बडसु में एक दिवसीय पुश बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी दिलीप मेहता ने बताया कि कि शिविर में 40 पशुओं को विभिन्न रोगों के लिए उपचार दिया गया व पशुपालको को दवाइयां भी वितरित की गईं साथ में पशुपालकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि पशुओं में बांझपन सबसे बड़ी समस्या है। बांझ गाय, भैंस, बाछी का कैसे सही समय पर उपचार किया जा सकता है।

# जाजर–कुकैण पाट्टी सड़क पर 12 साल से बस न चलने पर भड़के ग्रामीण

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

### जिला परिषद की अगुवाई में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीम को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण ।

सरकाघाट उपमंडल की देव ब्रांडता पंचायत के जाजर कुकैण-पाट्टी सड़क पर पीएमजी सी सड़क पर पिछले 12 सालों से परिवहन सेवा न चल अपने से भड़के ग्रामीणों ने सीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंप कर अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

जिला पार्षद मुनीश शर्मा की अगुवाई और वार्ड मेंबर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जाजर कुकैण पाट्टी सड़क का वर्ष 2012 में तत्कालीन परिवहन मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने उद्घाटन किया था और इस सड़क पर एक महीना परिवहन निगम की बस चलने के बाद से ही बस सेवा बंद कर दी गई थी जो आज तक शुरू नहीं हो पाई है ।

बस सेवा शुरू न हो पाने के कारण 2 किलोमीटर तक लोगों को प्राइवेट गाड़ियों में महंगे रैटों पर सफर करने को मजबूर होना पड़ता है । उन्होंने कहा कि इस सड़क पर

- उद्घाटन के बाद सिर्फ एक महीना ही चली थी बस
- मलकीत जमीन वापस दिलाने की उठाई मांग

विभाग ने करोड़ों रुपए खर्च करके इंटरलॉक टाइल के साथ-साथ कंक्रीट और तारकोल बिछाया है परंतु इस सब का ग्रामीणों को कोई भी फायदा नहीं मिल पा रहा है।

विभाग को अपनी जमीन मुहैया करवाने वाले ग्रामीण में दो टूक कहा कि अगर एक महीने के भीतर इस संपर्क सड़क पर परिवहन निगम की बस सेवा शुरू नहीं हुई तो वह अपनी जमीन को न सिर्फ पत्थरों का बाढ़ लगाकर बंद कर देंगे बल्कि जमीन वापस लेने के लिए कोर्ट में केस भी दायर करेंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सुरेंद्र कुमार सरिता लता गुड्डी देवी हरिराम मुकेश कुमार स्वामी राम कालूराम प्रदीप कुमार प्रभु दयाल योगराज हेम सिंह लेखराज कमलदेव रूपेश कुमार हरिराम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**अनंत ज्ञान खास खबर**

जिला पार्षद की अगुवाई में ज्ञापन मिला है संबंधित विभागों को दो हफ्ते के बीच कार्रवाई करने को कह दिया है।
–स्वाती डोगरा, एसडीएम सरकाघाट ।

लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के साथ ज्वाइंट इंस्पेक्शन की जाएगी कोई भी अवरोध न हुआ, तो बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।
-मेहरचंद, आरएम, एचआरटीसी सरकाघाट।

पीएमजीएसवाई से निर्मित यह सड़क धर्मपुर डिवीजन के अधीन थी अब यह सरकाघाट को सौंपी गई है सड़क के एक हिस्से पर मालिकाना हक को लेकर विवाद था जो अब हल कर दिया है अब दोबारा सभी विभागों के साथ ज्वाइंट इंस्पेक्शन की जाएगी सड़क बस सेवा के लिए खोलने के पूरे प्रयास किए जाएंगे।
-संतोष पाठक, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग।

# बार एसो. ने मंडलायुक्त मंडी के सर्किट कोर्ट का किया बहिष्कार



रोष जताते हुए बार एसोसिएशन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डिविजनल कमिश्नर मंडी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता और अन्य वकीलों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में बार एसोसिएशन द्वारा सरकाघाट में प्रदर्शन किया और मंडलायुक्त की सर्किट कोर्ट का पूर्ण बहिष्कार किया।

इस मौके पर अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मंडलायुक्त के असहयोगी रवैये की कड़ी आलोचना की।बार एसोसिएशन सरकाघाट के अध्यक्ष राजपाल सिंह, उपप्रधान अनिल शर्मा, महासचिव राजेंद्र भारद्वाज, दिनेश कुमार, अजय चंदेल, किशोर कुमार सहित अन्य तीन दर्जन वकीलों ने बताया कि मंडलायुक्त मंडी का व्यवहार लंबे समय से अधिवक्ताओं के प्रति अपमानजनक बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि कोर्ट में पेश होने वाले वकीलों के साथ न केवल दुर्व्यवहार किया जा रहा है, बल्कि हाल ही में कोर्ट की कार्यवाही ऑनलाइन प्रारंभ कर दी

- सरकाघाट में किया विरोध प्रदर्शन, सरकार से की तबादला करने की मांग

गई है, जिससे वकीलों को अपने कार्य करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन ने यह भी बताया कि मंडलायुक्त को पहले ही एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें अधिवक्ताओं के 'प्रॉक्सी अधिवक्ता' के रूप में पेश होने को लेकर समस्या उठाई गई थी, लेकिन इसके बावजूद मंडलायुक्त ने अपना रवैया नहीं बदला।

बार एसोसिएशन सरकाघाट ने एकमत से मंडलायुक्त मंडी की कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और सरकार से मांग की कि मंडलायुक्त के अनुचित व्यवहार का तुरंत संज्ञान लिया जाए। उन्होंने सरकार से मंडलायुक्त मंडी का शीघ्र तबादला करने की मांग की है ताकि वकीलों को न्यायिक कार्यों में सहूलियत मिल सके।

## जोगिंद्रनगर में दुकान को लगी आग

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

- पीड़ित ने जानबूझकर आग लगाने की जताई आशंका

जोगिंद्रनगर की साई मार्केट स्थित एक खोखानुमा दुकान में अचानक आग लगने से पूरे शहर में हड़कंप मच गया। आग रात करीब 12 बजे भड़की और नवीन बेकरी की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना स्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर फायर ब्रिगेड और पुलिस थाना स्थित होने के चलते दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बेकरी के चारों ओर लकड़ी से बने भवन स्थित थे, जहां थोड़ी-सी चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। इसके अलावा, आग की जगह से करीब 20 मीटर की दूरी पर को-ऑपरेटिव बैंक और अन्य दुकानें भी मौजूद थीं। दमकल विभाग के कर्मचारियों की मुस्तैदी के कारण इन सभी को जलने से बचा लिया गया।

बेकरी के मालिक ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें उन्होंने आग लगने को संदिग्ध बताते हुए इसे जानबूझकर लगाने की आशंका जताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है, जांच के लिए साक्ष्य एकत्रित कर रही है।

## भाजपा के तीन मंडलों में अध्यक्ष नियुक्त

**जोगिंद्रनगर।** भाजपा ने चौंतड़ा, लडभड़ोल और जोगिंद्रनगर मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। चौंतड़ा से प्रवीण कुमार, लडभड़ोल से लखविंदर सिंह और जोगिंद्रनगर से संजय शर्मा की ताजपोशी हुई है। हालांकि, इन नियुक्तियों के साथ ही पार्टी के भीतर असंतोष की लहर उठने लगी है। भाजपा के वरिष्ठ सदस्य भगीरथ धरवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा पर निशाना साधा है। धरवाल ने आरोप लगाया कि पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया है। इस बयान के बाद पार्टी में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है।

## मुकेश बने बालीचौकी भाजपा मंडल के पहले अध्यक्ष

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



सराज भाजयुमो के अध्यक्ष रहे मुकेश मैडी को नवगठित भाजपा मंडल बालीचौकी का पहला मंडल अध्यक्ष बनने का अवसर मिला है। बालीचौकी में जल रक्षा विभाग के विश्राम गृह के प्रांगण में उनके नाम का प्रस्ताव छेत बूथ के अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया और नौणा बूथ के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा बबलू ने समर्थन किया।

चुनाव प्रक्रिया के उपरांत चुनाव अधिकारी राजेंद्र भुट्टो ने मुकेश मैडी को सर्वसम्मति से बालीचौकी भाजपा मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की। भाजपा की इस चुनावी बैठक की अध्यक्षता सराज भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष भागीरथ शर्मा ने की। इस अवसर पर ब्लॉक समिति बालीचौकी के अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

वहीं अपनी नियुक्ति पर नव निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मैडी ने अपनी ताजपोशी पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके ऊपर वरिष्ठ नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। मुकेश मैडी की ताजपोशी पर सराज ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज, पीयूष ठाकुर, पंचायत प्रधान देवी राम और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता देव राज ठाकुर, धनी राम इत्यादि ने भी नव नियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी है।

बालीचौकी भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मूल रूप से खूहण पंचायत के मंजाओ गांव से संबंध रखते हैं। उनके पिता सुन्दर सिंह वर्मा 90 के दशक से सराज में भाजपा का कार्य कर रहे हैं और जयराम ठाकुर के शुरुआती राजनीतिक सफर के साथी रहे हैं।

## हिमाचल में 171 मंडलों के अध्यक्षों की होगी नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



भाजपा की बैठक में पदाधिकारी व सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाने का एक और कदम उठाया है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल ने आज सुंदरनगर मंडल की बैठक के दौरान बताया कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए 171 मंडल बनाए हैं।

इससे पहले, मंडलों की संख्या केवल 74 थी, लेकिन अब यह संख्या बढ़ाकर राज्य के हर क्षेत्र को संगठनात्मक रूप से कवर किया गया है। उन्होंने सुंदरनगर से चुने गए तीनों मंडल अध्यक्ष सुंदरनगर से जितेंद्र शर्मा, डैहर से राज कुमार, निहरी से दौलत चौहान को बधाई दी। विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है और इसके कार्यों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पूरा पालन किया जाता है। संगठनात्मक चुनावों के इस दौर में भाजपा के ये 171 मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे, जो अपने मंडलों में पार्टी को और मजबूत करने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा भाजपा का यह कदम न केवल हिमाचल प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाएगा, बल्कि आने वाले चुनावों में पार्टी को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा अपने अनुशासित और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के बल पर हिमाचल में जनता की सेवा और विकास के अपने उद्देश्य को पूरा करेगी।

## ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक परिषद का चुनाव 22 को

**मंडी।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी का चुनाव 22 दिसंबर को वरिष्ठ नागरिक कल्याण भवन म्यूसीपटी विश्राम गृह नजदीक गुरुद्वारा बिलासपुर प्रदेश अध्यक्ष अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में सुबह 11:30 बजे सुनिश्चित किया है। इस संदर्भ में प्रदेश महासचिव मेहर सिंह चंदेल ने बताया कि प्रदेश एवं समस्त 12 जिलों के पदाधिकारियों को सूचित कर दिया है कि इस सभा में अपनी ज्यादा से ज्यादा उपस्थिती सुनिश्चित करें। जिसमें प्रदेश एवं जोनल परिषदों का सर्वसहमति से चुनाव किया जाएगा।

## मेघ सिंह बने भाजपा कोटली मंडल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मंडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नव गठित कोटली मडल के लिए मंडलाध्यक्ष का चुनाव सुरेंद्र शौरी विधायक बंजार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ, जिसमें सदर विधायक अनिल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे, सभी पदाथिकारियों/वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सहमति से मेघ सिंह गांव व डाकघर खलाणु को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

मेघ सिंह ने अध्यक्ष पद पर चुनने के लिए सदर विधायक अनिल शर्मा व सभी पदाथिकारियों/कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। नवनिर्वाचित मंडलाध्यक्ष मेघ सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि वह सभी के सहयोग व सभी को साथ लेकर अपने दायित्व को पूरी जिम्मेदारी से निभाने का हर सम्भव प्रयत्न करेंगे।

कोटली मडल की अगली रणनीति के संबंध में शीघ्र ही सभी नव गठित बूथो की कार्यकारणी के पदाथिकारियों सदस्यों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तिथि बढ़ाए एसपीयू : अभाविप

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा यूजी में दाखिले लेने की तिथि को आगे बढ़ाने हेतु कुलपति महोदय को ज्ञापन सौंप कर दाखिले की तिथियों को आगे बढ़ाने की मांग की।

विभाग संयोजक चिराग ठाकुर ने कहा कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रवेश तिथि को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सभी इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकें और किसी भी छात्र का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो। कुलपति महोदय ने परिषद की मांग को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## क्रिकेट खेलते हुए 31 वर्षीय युवक की मौत



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर खेल मैदान में एक अप्रत्याशित घटना घटी, जिसमें विजय कुमार पुत्र कृष्ण चंद्र गांव कपाही डाकघर सरी उम्र 31 वर्ष की अचानक मौत हो गई। बता दें कि धर्मपुर कॉलेज मैदान में युवक मंडल धर्मपुर द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था और इसमें विजय कुमार भी खेल रहा था। जहां विजय कुमार को अचानक सीने में दर्द हुआ और वह नीचे जमीन पर गिर पड़ा। युवक मंडल के सदस्यों ने उसे उठाकर सिविल अस्पताल धर्मपुर पहुंचाया।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। धर्मपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकाघाट ले जाया गया। थाना प्रभारी धर्मपुर तिलकराज ने मामले की पुष्टि की है।

## फोरलेन की पुरानी एलाइनमेंट ही बहाल रखी जाए : गोपाल

**कविता, पधर**



पधर बाजार में रोष निकालते हुए संघर्ष समिति के सदस्य।

फोरलेन संघर्ष समिति चौंतड़ा से नारला पैकेज-4 की बैठक उपमंडल मुख्यालय पधर में मंगलवार को अध्यक्ष बृज गोपाल अवस्थी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बरोट, वरधान, लटरान, थलटूखोड़, धमच्यान, झटिंगरी, कधार, गुम्मा, उरला, हारगुनेण, रोपापधर, जिमजिमा, ग्वाली व डलाह साहित 40 पंचायतों के प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवा मंडल, व्यापार मंडल सहित स्थानीय जनता ने भाग लिया।

इस मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि फोरलेन की जो एलाइनमेंट वर्ष 2018 में की गई है उसे ही बहाल रखा जाए। इनका मानना है कि इस मंजूरी ने वर्ष 2018 की अप्रूव एलाइनमेंट को बल दिया है।

बैठक के पश्चात संघर्ष समिति ने अध्यक्ष बृज गोपाल अवस्थी की अध्यक्षता में पधर बाजार में रोष रैली निकाल कर केंद्र सरकार, एनएचएआई व प्रदेश सरकार से फोरलेन की अलाइनमेंट में बदलाव न करने की मांग की है। वहीं इसके पश्चात संघर्ष समिति ने कार्यकारी उपमंडलाधिकारी पधर एवं तहसीलदार भावना वर्मा के माध्यम से राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण को भी प्रस्ताव प्रेषित कर मांग की है कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए फोरलेन की पुरानी एलाइनमेंट को ही बहाल रखा जाए।

**दिक्कत** — सरकार के दो साल के कार्यकाल के बाद नहीं हुआ समस्या का समाधान

# कंचनापुरी मंदिर का रास्ता व गेट उखाड़ने से लोग परेशान

**रितेश, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता कंचनापुरी के घरवासड़ा गांव की पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर को जाने वाला रास्ता जो मुख्य सड़क से है और वहीं पर एक बड़ा गेट लगाया गया था उसे और जाने वाले रास्ते को गत वर्ष पीडब्ल्यूडी विभाग के एक स्थानीय ठेकेदार ने सड़क बनाती बार उखाड़ दिया था जो अभी तक नहीं लगाया गया है और गेट का मेटीरियल भी मौके पर नहीं है। मंदिर के लिए जो पक्का रास्ता बना था उसे भी उखाड़ दिया गया है, लेक़िन विभाग व ठेकेदार ने न तो गेट लगा रहा और न ही सड़क पूरी बनाई है जिससे मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत पेश आ रही है। हालांकि मंदिर कमेटी ने कई बार विभाग को इसके बारे अवगत करवाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बारे पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है और गेट जल्द लगाने तथा उखाड़ी गई सड़क को पक्का करने की मांग की है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हिमाचल सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल का जश्न तो गत सप्ताह मना लिया, लेकिन धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता यहां दो साल से कायम बदहाली से परेशान है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले हुई पलयकारी वारिस से सजाओ और टिहरा क्षेत्र में जो लिंक रोड डैमेज हुए थे वे अभी तक भी बहाल नहीं हो पाए हैं, जिनमें गरली से सरी और साहन, रोसो से मोरतन, रोसो से धनरासी, टिहरा से कोट, रोसो से रंघोड़, धनरासी से खिली रंघोड़, भराड़ी से पिपली बालह, पिपली से रीढ़ी, बांदल ब्राह्मण से दलेहड़ा इत्यादि रोड हैं जो जिन पर दो साल पहले यातायात व्यवस्था शुरू हो गई थी लेकिन अब बंद पड़ी है।

लोक निर्माण विभाग धरमपुर के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता नरेंद्र कुमार राणा ने कहा कि रास्ते और सड़क की दशा सुधारने के साथ-साथ गेट को तुरंत बनाने को लेकर ठेकेदार को आदेश दिए जा रहे हैं।( अनंत ज्ञान)

## डॉ. चिरंजीत की पुण्यतिथि पर बच्चों को दिए उपहार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



डॉ. चिरंजीत परमार की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने उन्हें एक विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने साकार सोसायटी के बच्चों को उपयोगी उपकरण जैसे वैक्स मेल्टिंग मशीन, गीजर और फिजियोथेरेपी उपकरण दान किए। यह संस्था इन साकार सोसायटी मंडी के डोधवान और कांगू में अपने डे-केयर केंद्र चलाती है, जहाँ विशेष शिक्षकों द्वारा बच्चों को सिखाया जाता है।

प्रथम पुण्यतिथि पर डॉ. परमार की पत्नी पुष्पा परमार और उनकी बेटी दीप्ति परमार चड्ढा ने बताया कि डॉ. परमार को असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करने में बहुत खुशी मिलती थी, और हम उनकी इसी सोच को आगे लेकर जाना चाहते हैं। डॉ. परमार को उनके जीवनकाल में 'कर्नाटक के एप्पल मैन' और हिमालयी जंगली फलों के सबसे बड़े जानकार के रूप में जाना गया। साकार सोसायटी के लिए यह दान निश्चित रूप से बच्चों के जीवन को सुधारने में सहायक होगा। इस अवसर पर राइज-अप मंडी के सदस्य सुरेंद्र मोहन, कृष्णा गुप्ता और तारा सेन उपस्थित थे, जिनका चिरंजीत परमार जी से गहरा नाता रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जसाना स्कूल में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक



**बंगाणा।** जसाना स्कूल में मंगलवार को आपदा प्रबंधन पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी कमांडर हंसराज की अध्यक्षता में जसाना स्कूल के प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय करने वाले बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की ओर से मॉकड्रिल भी की गई, जिसके माध्यम से स्कूल के छात्रों व कर्मचारियों को भूकंप से बचाव, बाढ़ से दूर रहना, आग से बचाव, प्राकृतिक आपदा में सहायता करना व नशा से दूर रहने की जानकारी दी गई। इसमें जसाना स्कूल के प्रधानाचार्य राजिंद्र जमवाल व अध्यापक वर्ग, गृह-रक्षा विभाग के हवलदार अजय कुमार और टिक्का खान मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों को ठंड से बचने के लिए दिए ब्लेजर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** देश हो या प्रदेश, हर जगह समाजसेवी मीडिया को साथ लेकर अपनी समाजसेवा चमकाने की फिराक में रहते हैं, लेकिन कुछ गणमान्य ऐसी भी होते हैं, जो छुपकर उन परिवारों की मदद करते हैं, जो समाज में गरीबी रेखा से नीचे हैं। ऐसा ही वाक्या उपमंडल बंगाणा के राजकीय उच्च विद्यालय जसाना में मुख्याध्यापक द्वारा देखने को मिला है। जसाना स्कूल के मुख्याध्यापक राजेंद्र जमवाल ने अपनी निजी आए से स्कूल के 54 छात्रों को ब्लेजर यानी कोट पहनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। हालांकि मुख्याध्यापक राजेंद्र जमवाल ने मीडिया से छुपकर अपने स्कूल के 54 बच्चों को एक जैसे ब्लेजर पहना कर निजी स्कूलों की तरह ड्रेसकोड बनाकर छात्रों को मुस्कराने पर मजबूर कर दिया, लेकिन वहां पर खड़े स्थानीय व्यक्ति ने जब स्कूली छात्र अपने चेहते मुख्याध्यापक राजेंद्र जमवाल के साथ छायाचित्र लेने के लिए प्रेरित कर रहे थे, तो उक्त व्यक्ति ने भी चुपके से फोटो लेकर मीडिया को भेजकर जानकारी दी। इस संबंध में जब हमने मुख्याध्यापक राजेंद्र जमवाल से बात की तो उन्होंने पहले तो कुछ भी कहने से मना कर दिया, पर भावुक स्वर में कहा कि ईश्वर से बड़ा कोई नहीं है और जो ईश्वर की रजा में रहे, वही इंसान कहलाता है।

### हिमुडा कॉलोनी बंगाणा में हर रोज हो रही श्रद्धा की वर्षा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के हिमुडा कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने बहुत सारे धार्मिक प्रसंग सुनाकर उन्होंने अमृत वर्षा की। कथा विराम के बाद भंडारे का प्रसाद भी वितरण किया गया और सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दीवा साही ऐप के फाउंडर एवं सीईओ देश के प्रथम युवा व्यवसाई अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता, विनोद कुमार सेंटी, आरबी राणा, माया देवी, मदन गोपाल बोहरा, राजन सोनी, बिंदू सोनी, अजमेर सिंह कुटलैहड़िया, रणबीर पठानिया, कुशला पठानिया, राकेश शर्मा, बलदेव शास्त्री, नरेंद्र शर्मा, कमल देव शास्त्री, कुलदीप शर्मा, विवेकशील शर्मा, मदन गोपाल, डॉ. केशवानंद शर्मा आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### अंब में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** शिवालिक हिल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब के प्रांगण में पिछले चार दिनों से चल रही वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत प्रधान इंदु धीमान व उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंब उपदेश ठाकुर व वार्ड पंच वार्ड नंबर 3 से अंजलि सूद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सुषमा डडवाल द्वारा मुख्य अतिथि इंदु धीमान को गुलदस्ता देकर व माता चिंतपूर्णी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया, साथ स्कूल के प्रबंधक अनिल परमार द्वारा उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंब के उपदेश ठाकुर व अंजलि सूद को फूलों का गुलदस्ता व माता चिंतपूर्णी की प्रतिमा भेंट की गई।



### महाधिवक्ता अनूप रत्न ने गोद लिया भरवाईं स्कूल

**चिंतपूर्णी (ऊना)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहमें अपने संबोधन में हिमाचल सरकार के महाधिवक्ता अनूप रत्न ने भरवाईं स्कूल को गोद लेने की घोषणा की। वह इसी स्कूल के छात्र रहे हैं। रत्न ने अपने माता-पिता के नाम पर तथा मुख्यमंत्री सुक्खू की प्रेरणा से भरवाईं स्कूल के लिए अपनी ओर से 5 लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने शिक्षा मंत्री के माध्यम से उक्त धनराशि का चेक स्कूल प्रबंधन को सौंपा। रत्न ने बताया कि 80 के दशक में उन्होंने इसी स्कूल से प्राथमिक से लेकर हाई स्कूल तक की पढ़ाई की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सोच के अनुरूप, सरकार द्वारा आरंभ किए गए अपना विद्यालय - हिमाचल स्कूल अडोप्शन कार्यक्रम के तहत भरवाईं स्कूल को गोद लिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हर तरह से स्कूल की मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

## डीसी ऊना ने केवी स्कूल धुसाड़ा के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




केवी इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते छात्र।

**हीना पठानिया, बड़ूही**

केवी इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ किया गया। इस खास अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश ऊना ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना ने समारोह को शुभारंभ दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल उपलब्धियों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं सभी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य अतिथि जिलाधीश जतिन लाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम के महत्व को समझाते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने लोक नृत्य, समूह गान और नाटकों की अद्भुत प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इस अवसर पर स्कूल के एमडी विकास शर्मा, समीक्षा शर्मा ग्राम पंचायत प्रधान धुसाड़ा विशेष अतिथि बिजनेसमैन नरेश शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, महेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट स्कूली छात्रों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजेगी सरकार : शिक्षा मंत्री

## भरवाईं पाठशाला में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी ( ऊना )**

प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी वर्ष से उत्कृष्ट स्कूली विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सुधारात्मक कदम उठा रही है। शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भी एक्सपोजर विजिट को प्राथमिकता दी जा रही है।

शिक्षा मंत्री मंगलवार को ऊना जिले के अंब उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और हिमाचल सरकार के महाधिवक्ता अनूप रत्न विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र की मजबूती के लिए बीते दो साल में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। करीब 15 हजार रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति



ठाकुर ने श्री चिंतपूर्णी मंदिर में शीश नवाया और लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रदान की गई है। लगभग 3400 पद बैचवाइज भर्ती से भरे गए हैं। चयन आयोग के माध्यम से टीजीटी, जेबीटी और सीएंडबी शिक्षकों के करीब 2800 पदों की भर्ती जल्द आरंभ होगी। इसके अलावा करीब 700 पद लेक्चरर के भरे जा रहे हैं। कॉलेजों में प्रधानाचार्यों के रिक्त पड़े 120 पदों को भरा गया है, वहीं, सहायक प्राध्यापकों के 484 पद भरे गए हैं।

उन्होंने महाधिवक्ता अनूप रत्न द्वारा अपने गृह क्षेत्र के स्कूल भरवाईं को हिमाचल सरकार के अपना विद्यालय - हिमाचल स्कूल अडोप्शन कार्यक्रम के तहत गोद लेने की पहल की खुले मन से तारीफ की। उन्होंने कहा कि श्री रत्न का अपने क्षेत्र के लिए भावनात्मक जुड़ाव सबके लिए एक प्रेरणा है।

**घोषणाएं :** शिक्षा मंत्री ने भरवाईं स्कूल के खेल मैदान के शेष कार्य के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले भी 47 लाख रुपए दिए जा चुके हैं लेकिन कार्य पूरा करने के लिए 25 लाख रुपएकी अतिरिक्त धनराशि मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने इसके अलावा स्कूल में स्नानागार निर्माण के लिए 5 लाख तथा स्कूल के पुराने भवन के रखरखाव व मरम्मत कार्यों के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा स्कूल में जिम निर्माण को लेकर जिला प्रशासन को निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में अतिरिक्त कमरे व परीक्षा हॉल के निर्माण के लिए आगामी बजट में प्रावधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने श्री चिंतपूर्णी कॉलेज के लिए जमीन की औपचारिकताएं पूर्ण होते ही पैसे का प्रावधान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने अकादमिक क्षेत्र तथा खेलों व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया।

इस दौरान विधायक सुदर्शन बबलू ने श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख किया। समारोह में प्रधानाचार्य सुरिंद्र कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। समारोह में उपायुक्त जतिन लाल, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, उप निदेशक उच्च शिक्षा राजेंद्र कौशल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोमपाल धीमान, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधि समेत, बच्चों के अभिभावक, स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली 17 से 24 जनवरी तक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अग्निपथ योजना के तहत जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए सेना भर्ती रैली 17 से 24 जनवरी 2025 तक अणू खेल मैदान और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर हमीरपुर में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक ने बताया कि ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र भारतीय थल सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इसके अलावा इस संबंध में अभ्यर्थियों को ईमेल भी भेज दी गई है। निदेशक ने अभ्यर्थियों से अच्छी गुणवत्ता वाले कागज पर एडमिट कार्ड का उच्च गुणवत्ता वाला रंगीन प्रिंट आउट साथ लेकर आने की सलाह दी है ताकि बार कोड स्कैनिंग के लिए रैली स्थल पर किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

**अणू मैदान और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर हमीरपुर में होगी सेना भर्ती रैली**

रैली में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ दो स्वप्रमाणित फोटोकॉपी लेकर आना अनिवार्य होगा जिसमें एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र, डोगरा क्लास और जाति प्रमाण पत्र, धर्म प्रमाण पत्र, स्कूल चरित्र प्रमाण पत्र, फोटो और स्टैप के साथ गांव के सरपंच द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित चरित्र प्रमाण पत्र, अविवाहित प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, वेबसाइट पर अधिसूचना में दिए गए नए प्रारूप के अनुसार शपथ पत्र, पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, एकल बैंक खाता, निवास प्रमाण सहित ओपन स्कूल प्रमाण पत्र (ओपन स्कूल/एनआईओएस/सी आईएससी से मैट्रिक प्रमाण पत्र वाले उम्मीदवारों को स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र/नियमित स्कूल में पिछली कक्षा का स्थानांतरण प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा) जिस पर स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित और खंड शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी या उप शिक्षा निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

जिन अभ्यर्थियों के पास ये दस्तावेज नहीं होंगे, उन्हें रैली में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बोनस अंकों से संबंधित सभी मूल प्रमाण पत्र/फोटोकॉपी केवल रैली के दौरान ही स्वीकार की जाएंगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना कार्यालय गगरेट के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए मांगे गए आवेदनों की तिथि को बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2024 तक कर दिया गया है। इससे पहले आवेदन जमा करवाने की तिथि 13 दिसंबर निर्धारित की गई थी। यह जानकारी बाल विकास अधिकारी गगरेट विजय कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष की पात्र महिला अभ्यर्थी अब अपना आवेदन सादे कागज पर भर के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गगरेट में 31 दिसम्बर सायं 5 बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को 7 जनवरी, 2025 को प्रात: 10 बजे साक्षात्कार के लिए अपने सभी मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गगरेट में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

### हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट जिला ऊना की बैठक में उपायुक्त जतिन लाल पहुंचे पत्रकारों के बीच

# यूनियन पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती रहेगी : आर्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट जिला ऊना इकाई की एक बैठक ऊना मुख्यालय के एक निजी होटल में संपन्न हुई। इसमें जिले के पांचों खंडों से पत्रकारों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष भारत भूषण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में जिला उपायुक्त जतिन लाल मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे।

बैठक में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय सदस्य एवं मुख्यातिथि जोगिंद्र देव आर्य ने नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के बारे में पत्रकारों को जागरूक किया। इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष पंकज कतना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला इकाई पिछले आठ वर्षों से पूरे जिला में पत्रकारों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रत्येक पत्रकार को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। पत्रकारों की मांगों को जिला प्रशासन के समक्ष समय-समय पर रखते रहे हैं, जिनका हल भी प्रशासन ने किया है। भविष्य में भी यूनियन पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती रहेगी।



स्टेट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की बैठक में डीसी जतिन लाल का स्वागत करते आयोजक।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत भूषण ने जिलाधीश के समक्ष पत्रकारों को जिला मुख्यालय में एक प्रेस रूम उपलब्ध करवाने बारे मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि जिला के विभिन्न स्थानों से आने वाले पत्रकारों के लिए मुख्यालय भवन में बैठने की कोई सुविधा नहीं है, जिसके लिए एक प्रेस रूम जिला मुख्यालय में उपलब्ध करवाया जाए। भारत भूषण ने उपाध्यक्ष से मांग की कि बंगाणा में पत्रकारों के लिए प्रेस रूम आबंटित तो कर दिया गया है, लेकिन उसमें बैठने के लिए फर्नीचर भी उपलब्ध करवाया जाए, साथ ही मुबारकपुर और अंब में भी प्रेस रूम उपलब्ध करवाने की मांग रखी। बैठक में मुख्यातिथि के रूप मे पहुंचे जिलाधीश जतिन लाल ने पत्रकारों को उनके द्वारा दिए गए मांग पर आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा।

इससे पहले जिला महामंत्री स्पर्श शर्मा ने मीटिंग का आगाज करते हुए हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट जिला ऊना इकाई की प्राथमिकताएं बैठक में रखीं, जिसे सर्वसम्मति से उन्हें पूरा करने की हरी झंडी दे दी गई। बैठक में 25 दिसंबर तक सदस्यता अभियान संपन्न करने का आह्वान किया और साथ ही पांचों मंडलों की इकाइयों को भी 25 दिसंबर से पहले गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

हालांकि, बैठक के अंत तक तीन खंडों के अध्यक्षों की घोषणा सर्वसम्मति से कर दी गई, जिसमें दौलतपुर खंड से गुरदेव सिंह, अंब ब्लॉक से कपिल सूद, हरोली खंड से नरेश सिंघा और बंगाणा खंड से राजेश ठाकुर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, बाकी कार्यकारिणी को 25 दिसंबर से पहले घोषित करने को प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में अशोक चौधरी जिला सह सचिव, ज्योति स्याल कोषाध्यक्ष,, संदीप पंडित जिला प्रवक्ता, राम प्रकाश ठाकुर, विवेक शर्मा , कपिल सूद, ऋषभ मोदगिल, अविनाश चौहान, प्रशांत शर्मा, विनोद शर्मा, राजेश ठाकुर ,अभिषेक कुमार, अश्वनी कुमार, सतीश शर्मा, गुरुदेव कुमार, दिनेश कुमार, दीपक जसवाल, राकेश कुमार, संजीव डोगरा, सुखविंद्र, अश्वनी सैनी, पवन कुमार, पंकज चोपड़ा, नवीन, नरेश सिंघा, गणपति गौतम उपस्थित रहे।

**पत्रकारों और प्रशासन के बीच तालमेल जरूरी : जतिन**

बैठक में जिलाधीश जतिन लाल ने कहा कि पत्रकारों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद होना जरूरी है, जिससे समाज की जरूरतों और सूचनाओं की जानकारी प्रशासन को समय से उपलब्ध होती रहे और प्रशासन और सरकार की जनहित के लिए योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके। जिलाधीश महोदय ने पत्रकारों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके क्षेत्र की कई समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने का आश्वासन दिया।

## दो विधानसभा क्षेत्रों को मिले मंडलाध्यक्ष



**विवेक शर्मा, अंब।** जिला ऊना भाजपा अध्यक्ष व पूर्व विधायक बलवीर सिंह ने मंडल अध्यक्षों के चुनावों को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि मंगलवार को दो विधानसभा क्षेत्रों ऊना सदर व चिंतपूर्णी के मंडल अध्यक्षों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में चिंतपूर्णी अप्पर मंडल क्षेत्र मे कृपाल सिंह और चिंतपूर्णी लोअर में विनय शर्मा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ साथ ऊना सदर मे बसदेहड़ा से राहुल देव और ऊना सदर से देवेंद्र कौशल को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई दी है और उनसे निवेदन भी किया है की सभी को साथ लेकर साथ जोड़कर चलें ताकि अगले विधानसभा चुनावों मे रिकॉर्ड मतों से भाजपा जीत हासिल कर सके। इसके साथ साथ अपर चिंतपूर्णी से विजय सिपहिया जिला में मंडल प्रतिनिधित्व करेंगे तो वहीं लोअर चिंतपूर्णी से रविंद्र द्विवेदी जिला में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा का यह संगठनात्मक ढांचा पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को न केवल निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का मौका देता है, बल्कि जनता के लिए सेवा और समर्पण को बढ़ावा देता है। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पार्टी के अनुशासन और लोकतंत्र को दर्शाती है। (अनंत ज्ञान)

# बगीचों को कोहरे से कैसे बचाएं... बागवानी विभाग के उपनिदेशक ने सुझाए उपाय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सर्दियों के मौसम में हिमाचल के मैदानी इलाकों में कोहरे का प्रकोप बगीचों और फसलों पर गंभीर असर डालता है। खासकर आम और पपीता जैसे फलदार पौधों के कोहरे की चपेट में आकर खराब होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे किसानों और बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ऊना जिले के बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. केके भारद्वाज ने इस समस्या से निपटने के लिए बागवानों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। डॉ. भारद्वाज बताते हैं कि कोहरे के कारण पौधों की कोशिकाएं फट जाती हैं, जिससे फल खराब हो जाते हैं और फूल झड़ने लगते हैं। यदि समय रहते उचित कदम न उठाए जाएं, तो इसका असर आने वाले वर्षों में भी देखा जा सकता है, जब पौधों की पैदावार घट जाती है या फसल बिलकुल नहीं लगती। सब्जियों पर भी कोहरे का असर इतना गंभीर होता है कि कई बार पूरी फसल नष्ट हो जाती है। कोहरे के कारण पौधों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए डॉ. भारद्वाज ने सलाह दी कि 4-5 वर्ष तक के छोटी आयु के पौधों को घास या सरकंडे से ढक दें और उन्हें दक्षिण-पश्चिम दिशा से खुला रखा जाए, ताकि धूप और हवा का प्रवाह बना रहे। उन्होंने कहा कि कोहरा पड़ने की संभावना हो तो पौधों पर पानी का छिड़काव करें और बगीचे को सिंचित रखें।

**बोले-सर्दियों में नाइट्रोजन खाद न डालें, पोटाश की अनुशंसित मात्रा दें**

खाद प्रबंधन पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि सर्दियों में नाइट्रोजन खाद न डालें, बल्कि पौधों की सहनशक्ति बढ़ाने के लिए पोटाश की अनुशंसित मात्रा दें। नर्सरियों को कोहरे से बचाने के लिए घास या छायादार जाली से ढकने की सलाह दी गई है। फल पौधों की नर्सरियों को कोहरे से बचाने के लिए घास या छायादार जाली से ढकने को कहा गया है।

उन्होंने बताया कि यदि पौधे कोहरे से प्रभावित हो जाएं, तो फरवरी के अंत में नई कोंपलें आने से पहले प्रभावित टहनियों की छंटाई इस ढंग से करें कि सूखी टहनी के साथ-2 कुछ हरा भाग भी कट जाए। पौधों की काट-छांट के बाद कापर आक्सीक्लोराइड (3 ग्राम प्रति लीटर पानी में) का छिडकाव करें व कटे हुए भागों पर ब्लाइटॉक्स या बोर्डो पेस्ट (नीला थोथा 800 ग्राम . चूना 1000 ग्राम/10 लीटर पानी में) का लेप लगाएं। नई पत्तियां आने के 15 दिन बाद 0.5 प्रतिशत (5 ग्राम / लिटर पानी) यूरिया के घोल का छिड़काव करें।

उन्होंने बागवानों से अपील की कि वे नए बगीचों की स्थापना के लिए अपने नजदीकी विषय विशेषज्ञ (बागवानी) या बागवानी विकास अधिकारी अथवा बागवानी विस्तार अधिकारी की सलाह लें। इसके साथ ही फल-पौधों का बीमा करवाएं ताकि बागवानों को उपज में होने वाली संभावित क्षति से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।

**संस्कार** गांव के बुजुर्गों को मनरेगा में मजदूरी करते देख अजय हुए भावुक

# मनरेगा वर्कर्स को किया सम्मानित, खिलाई मिठाई

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा बिंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के नेता वरिष्ठ समाजसेवी अजय ठाकुर ने सोमवार को ग्राम पंचायत सुगड़ियाल के गांव छतेहड़ में तीन दर्जन मजदूर जो मनरेगा में कार्य कर रहे थे, उन्हें शॉल और कुछ खाद्य सामग्री देकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया।

बता दें कि अजय ठाकुर ऊना से अपने घर गांव छतेहड़ जा रहे थे कि तूतडू से भयांवी सड़क पर अजय ठाकुर की पंचायत और उनके गांव की बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष मनरेगा के तहत कार्य कर रहे थे। अजय ठाकुर कुछ देर के लिए उक्त जगह पर रुक गए। अजय ठाकुर के साथ परिवारिक सदस्य और पत्नी भी साथ थी। उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि ये वही बुजुर्ग हैं, जिनकी गोद में हमने बचपन बिताया है और इनके आशीर्वाद से



मनरेगा वर्कर्स के साथ समाजसेवी अजय ठाकुर।

मैंने स्कूली शिक्षा ग्रहण करके आज यह मुकाम पाया है। इसके बाद उन्होंने ड्राइवर की मदद से गाड़ी से शॉल और कुछ नकदी ओर मिठाई निकालकर बुजुर्गों को सम्मानित करना शुरू कर दिया।

अजय ठाकुर ने कहा कि बुजुर्गों को मान-सम्मान देना हमारी सनातन धर्म की पौराणिक संस्कृति है और बचपन में इन्हीं बुजुर्गों ने हमें यह संस्कार दिए हैं। अजय ठाकुर का कहना है कि व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर पहुंच जाए या फिर कितना भी बड़ा राजनीति का चाणक्य बन जाए, लेकिन व्यक्ति को पहले अपने संस्कार याद रखने चाहिएं और जब भी गांव घर पर आएं तो केवल बेटा बनकर आएं। यह समय का कालचक्र होता है। समय अच्छा होगा तो व्यक्ति पद प्रतिष्ठा के साथ चलता है और जब समय का कालचक्र घूमता है तो व्यक्ति मनरेगा में मजदूरी करता है, इसलिए हर व्यक्ति अपने अहंकार और पद प्रतिष्ठा को छोड़कर बुजुर्गों के साथ सभी को मान-सम्मान दें। यही हमारी संस्कृति कहती है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पैर फिसलने से पहाड़ी से नीचे गिरा विदेशी पर्यटक

**कुल्लू।** कुल्लू के मनाली स्थित पर्यटन स्थल जोगणी वॉटर फॉल के समीप पैर फिसलने के कारण पहाड़ी से नीचे गिरने के कारण विदेशी पर्यटक घायल हो गया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार श्रीलंका का एक पर्यटक अपने अन्य सात दोस्तों के साथ मंगलवार को जोगणी वॉटर फॉल घूमने गया था। यहां पर अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पहाड़ी से नीचे गिर गया, जिस कारण वह घायल हो गया और उसके हाथ- पांव में चोट लग गई। घटना की सूचना मिलते ही एडवेंचर टुअर ऑपरेटर एसोसिएशन के सदस्य अपने आधुनिक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्कयू अभियान शुरू किया। एडवेंचर टुअर ऑपरेटर एसोसिएशन के सचिव पिंटू ने बताया कि बचाव दल को दोपहर तीन बजे जानकारी मिली और सभी कार्रवाई में जुट गए। रेस्कयू दल 40 मिनट के भीतर घटना स्थान पर पहुंच गया। पर्यटक पहाड़ी में कठिन जगह जाकर फंस गया था। बचाव दल में जाते ही पर्यटक को प्राथमिकी चिकित्सा सहायता दी। हालात स्थिर होने के बाद सावधानीपूर्वक उसे बचाव स्ट्रेचर पर रखा। बाहंग से घायल पर्यटक को मनाली के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका चिकित्सा उपचार चल रहा है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीलंका का पर्यटक अपने सात साथियों के साथ जोगनी वाटर फॉल की ओर घूमने गया था। पर्यटक पांव पिसलने से पहाड़ी में गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। पर्यटक की हालात स्थिर है। उधर, मलाणा के पास गत दिन पहाड़ी से नीचे गिरे पर्यटक का शव मंगलवार को निकालकर लिया है। पुलिस और स्थानीय रेस्कयू टीम न बड़ी मशक्कत के बाद शव को गहरी खाई से निकाला। यह रेस्क्यू अभियान करीब आठ घंटे चला। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया, जहां से शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्र में रफ्तार पकड़ेगा पर्यटन : संजय

**मनाली।** कुल्लू होम सटे योजना के चेयरमैन संजय दत्ता ने कहा कि होम सटे को लेकर प्रदेश सरकार का निर्णय सराहनीय है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में संजय दत्ता ने कहा कि इस योजना से ग्रामीणों की आर्थिकी सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि चार कमरों से बढ़ाकर संख्या छह की है इससे ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। कुल्लू में सरकार की होम सटे योजना पहले नंबर पर चल रही है। जिले में 1200 से अधिक होम सटे पंजीकृत हैं। प्रदेश सरकार की यह योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुई है। संजय दत्ता ने कहा कि हिमाचल में होम स्टे नीति साल 2008 में बनाई गई थी। इस नीति को तत्कालीन सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार देने के मकसद से शुरू किया था। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य में पर्यटन के लिए हितधारकों का दायरा बढ़ा है। पर्यटन राज्य के ग्रामीण और आंतरिक ईलाकों तक पहुंचा है। शहरी इलाकों में भीड़भाड़ कम हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत, पहले चार कमरों में होम स्टे चलाया जा सकता था, अब इसे बढ़ाकर छह करने का निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है। होम सटे एसोसिएशन कुल्लू सहित प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को गांव में बेहतरीन सुविधाएं देने का प्रयास करेगी।

### सराज खेल मेले का शुभारंभ, लगे चौके-छक्के

**बंजार।** नगर पंचायत बंजार के अंतर्गत आने वाले बाल मेला मैदान में सराज खेल मेले का शुभारंभ हुआ। इस सराज खेल मेले का शुभारंभ प्रधान संघ के प्रधान विजय ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और उन्होंने आयोजकों को खेल मेले का शुभारंभ करने के लिए बधाई दी। शुभारंभ में महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया, जिसमें छेत 11 व रोहोलो 11 के मध्य में रोमांचित मैच हुआ, जिसमें छेत 11 की जीत हुई। खेल मेले के आयोजक नेत्र प्रकाश, शुभम ठाकुर, यशपाल ने बताया कि कई वर्षों से हम खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। हर वर्ष हम यह देख रहे हैं कि पुरुषों के अलावा महिलाओं का भी रुझान क्रिकेट तथा अन्य खेलों में देखने को मिला है। मुख्यातिथि एवं विशेषातिथियों ने इस अवसर पर महिला क्रिकेट के खेल का भरपूर आनंद उठाया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने सराज खेल मेले को सफल बनाने के लिए 11000 रुपए की धनराशि प्रदान की और आयोजकों को बधाई दी।

### अमर भाजपा सैंज मंडल के नए अध्यक्ष

**सैंज।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के नवगठित सैंज मंडल में भाजपा ने नया अध्यक्ष चुन लिया है। अमर ठाकुर को नवगठित भाजपा मंडल सैंज के पहले अध्यक्ष के तौर पर दायित्व सौंपा गया है। लारजी विश्राम में भाजपा मंडल सैंज के चुनाव की प्रक्रिया हुई, जिसमें भाजपा नेता गुलजारीलाल ने बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई और सर्वसम्मति से चुनावी प्रक्रिया को अंजाम दिया। चुनाव प्रभारी गुलजारीलाल ने अपने संबोधन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन का पाठ पढ़ाया और विस्तार से पार्टी और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच नवगठित सैंज मंडल के अध्यक्ष पद पर अमर ठाकुर के निर्वाचित होने की घोषणा की। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मंडल के सदस्य, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, पन्ना प्रमुख, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारीगण व आम कार्यकर्ताओं को विश्वास में लेकर संगठन को और मजबूत करेंगे।

### तांदी उठाऊ पेयजल योजना का किया निरीक्षण

**केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने जल शक्ति विभाग लाहौल की तांदी उठाऊ पेयजल योजना एवं उठाऊ सिंचाई योजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सहायक अभियंता केलांग संजय बौद्ध को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति को निरंतरता से बहाल बनाए रखें, ताकि तांदी पंचायत व अन्य गांव में सर्दियों में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति की समस्या न रहे। इस दौरान उन्होंने तांदी पंप हाउस के उपकरणों की कार्य क्षमता भी जांची और कहा कि समूचे लाहौल-स्पीति में ठंड की वजह से सभी पेय जल स्रोत जम रहे हैं। लिहाजा पानी की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों को भी दिशा-निर्देश जारी करें।

### ऋण वसूली में प्रशासन के सहयोग की बात की

**कुल्लू।** सितंबर-2024 तिमाही की कुल्लू जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक सहायक आयुक्त कुल्लू शशि पाल नेगी की अध्यक्षता एवं अजित कुमार पटनायक; मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मंडी की सह अध्यक्षता में बचत भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई। अजित कुमार पटनायक ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया एवं सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए एनुअल क्रेडिट प्लान के सितंबर तिमाही 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी। जिले की 30 सितंबर 2024 को बैंकों में कुल जमा राशि 10697.55 करोड़ एवं कुल ऋण 4572.95 करोड़ है। जिले की ऋण जमा अनुपात 42.74 फीसदी है। उन्होंने बढ़ते अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग की बात की गई।

### नशा निवारण के संदेश को गीत-संगीत से बताया

**कुल्लू।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम वर्ग व प्रदेश सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रादेशिक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत कुल्लू में भी विभाग द्वारा अनुमोदित मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों ने विशेषकर अनुसूचित जाति वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों एवं विशेष रूप से सक्षम के समाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों व कल्याणकारी योजनाओं व नशा निवारण के संदेश को गीत संगीत, लोकगीत व नाटक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया।

### बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे

**केलांग।** महिला एवं बाल विकास विभाग लाहौल-स्पीति द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहलमा में लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस संजय डोगरा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कौशल और तकनीक सिखाना है, ताकि वे अपनी सुरक्षा और स्वतंत्रता की रक्षा करने में सक्षम बन सकें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न पाठशाला में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं।

### 4 जनवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता होगी आयोजित

**आनी।** मंगलवार को बागीपुल में श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता सोसायटी के उपाध्यक्ष हेमंत पोनल ने की। बैठक में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर 4 जनवरी से निरमंड के क्रिकेट प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान श्रीखंड वेलफेयर चेरिटेबल सोसायटी रक्तदान शिवर, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, योग शिविर और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन इस दौरान करेगी। सोसायटी के सचिव जोगेंद्र ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर करना है।

# अब लोनिवि के भवन में लगेंगी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोसर की कक्षाएं

## अग्निकांड की घटना के कारण स्कूल भवन को हुआ 10 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोसर में सोमवार रात को घटित आगजनी की घटना में 10 लाख के करीब नुकसान हुआ है। इस घटना में पाठशाला के पांच कमरों और लाइब्रेरी, जबकि अन्य तीन कमरों को आग लगने से नुकसान हुआ है और एक कमरा शेष ऐसा बचा है, जहां पर बैठा जा सके।

वहीं, शून्य से करीब 15 डिग्री नीचे तापमान में सोमवार रात को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लोसर के भवन में लगी आग के बाद अब मंगलवार से बच्चों की कक्षाएं लोनिवि के भवन में चलाई जा रही हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक इस अग्निकांड में स्कूल की लगभग 10 लाख रुपए की संपत्ति खाक हुई है। अग्निकांड की इस घटना में स्कूल भवन में केवल एक ही कमरे की हालत ऐसी है, जहां पढ़ाई हो सके। लिहाजा प्रशासन ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए स्कूल के




आग की घटना के दूसरे दिन लोनिवि के भवन में परीक्षाएं देते लोसर स्कूल के विद्यार्थी(दाएं) आग लगने के कारण जला पिछले साल का रिकॉर्ड।

साथ लगते लोनिवि के भवन में बच्चों को शिफ्ट किया है। स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य सुशीला ने बताया कि अग्निकांड के स्कूल के पिछले साल का रिकॉर्ड भी जल गया है।

स्कूल में मौजूदा समय में 29 बच्चे अध्यनरत हैं। उधर, मंगलवार को एसडीएम काजा समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अग्निकांड का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने लोनिवि के भवन में फिलहाल स्कूल चलाने के निर्देश दिए। वहीं, राजस्व विभाग के प्रारंभिक जांच में करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति जलने का आंकलन लगाया गया है। स्पीति में इन दिनों न्यूनतम पारा शून्य से करीब 15 डिग्री नीचे चल रहा है। ऐसे हालात में इस अग्निकांड ने बच्चों के साथ अध्यापकों की मुसीबत बढ़ा दी है, जबकि आजकल छठी से नवीं तक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी चल रही हैं। मंगलवार को भी विद्यार्थियों की परीक्षा हुई। वहीं, डीसी राहुल कुमार ने कहा कि अग्निकांड के बाद काजा प्रशासन को स्कूल के लिए हर संभव मदद प्राथमिकता के तौर पर मुहैया करने के आदेश दिए गए हैं। राहुल ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में प्रशासन की पूरी टीम बच्चों और अध्यापकों की हर संभव मदद को हमेशा तैयार है। फिलहाल स्कूल के साथ लगते लोनिवि के भवन में स्कूल को चलाने के लिए कहा गया है।

# पंचायत समिति की बैठक में गरमाया स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी का मुद्दा

**अनंत ज्ञान आनी**



पंचायत समिति आनी की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को पंचायत समिति सभागार आनी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति अध्यक्ष विजय कंवर ने की। इस बैठक में बिजली, पानी, सड़क आदि कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में पंचायत समिति की अध्यक्ष विजय कंवर ने पिछले काफी समय से चल रहे दलाश से लुहरी सड़क में सुरक्षा की दृष्टि से ठोस कदम उठाने का मुद्दा उठाया। साथ क्षेत्र की सभी सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर रेलिंग, पैरापिट लगाने के पीडब्ल्यूडी को आदेश देने का प्रस्ताव पारित किया, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। वहीं, पंचायत समिति के कई सदस्यों ने बिजली के अघोषित कटों का भी मुद्दा सदन में रखा और अघोषित कटों को लेकर रोष जताया। वहीं, पंचायत समिति सदस्य जोत राम ने भी अपने क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डाला। पंचायत समिति के सभी सदस्यों ने सिविल आनी अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ के न होने बारे भी चिंता व्यक्त की। सभी ने एक मत से स्वास्थ्य विभाग और सरकार से स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद जल्द भरने की मांग की। वहीं, विजय कंवर और अन्य सदस्यों ने बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों के नदारद रहने पर रोष व्यक्त किया। बैठक में पंचायत समिति आनी के उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर सैम, भावना ठाकुर, आत्माराम, आशा ठाकुर, रचना, कुशाल वर्मा, खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी शांति देवी, मदनलाल, प्रताप सिंह, डॉक्टर हरीश, कल्पना, ओम प्रकाश, लपुष्पवर्मा, प्रेम कुमार, सतीश कुमार आदि समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 30 साल से बिना पानी की कूहल को बहाल करने की रखी मांग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



डोभी शिम गांव के प्रतिनिधिमंडल ने जल शक्ति विभाग कटराईं के अधिशाषी अभियंता से अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा, जिसमें तीस साल से बिना पानी की कूहल को बहाल करने के लिए अधिशाषी अभियंता से मांग की गई। डोभी शिम के स्थानीय निवासी चांद नेगी, कृपाल सिंह, विनोद कुमार, राजेंद्र, कुशाल सिंह ने बताया कि इस कूहल का निर्माण करोड़ों रुपए खर्च कर किया गया है, लेकिन 30 साल से इस कूहल में एक भी बूंद पानी नहीं आ रही है।

इस कूहल का उपयोग 1995 से पहले लोग अपने बगीचों के लिए सिंचाई और बिजाई के लिए करते थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग

> डोभी शिम गांव के प्रतिनिधिमंडल से संबंधित विषय पर चर्चा हुई, जल्द ही कूहल के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी और आठ इंच की रबड़ की पाइप से कूहल में पानी बहाल कर दिया जाएगा।
>
> **अरुण कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग।**

डोभी शिम कूहल में हर साल लाखों खर्च करवाकर बिना पानी वाली कूहल पर व्यय कर रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि कूहल को फिर से बहाल किया जाए।

# 2 करोड़ 29 लाख 99 हजार का बजट पारित

## पाठशाला में निर्माणाधीन प्रीफैब केटड छात्रावास भवन को जल्द पूरा करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला कुकमसेरी से संबंधित एक समीक्षा बैठक एवं पाठशाला की जिला स्तरीय एकलव्य स्कूल समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने की।

इस अवसर पर उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला पिछले वर्ष की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह पाठशाला जनजातीय क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित सर्वांगीण विकास की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने पाठशाला की एक छात्रा के इस वर्ष ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय कल्चर लिटरेरी एवं कला



उत्सव में स्टोरी टैलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पाठशाला परिवार के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर एकलव्य आर्दश आवासीय पाठशाला के दूतिय तिमाही के खर्चों का अवलोकन किया तथा पाठशाला के वित वर्ष 2025-26 के लिए 2 करोड़ 29 लाख 99 हजार के बजट को स्वीकृत प्रदान की। बैठक में दूतिय वित्तिय तिमाही में 65 लाख 83 हजार रुपए के व्यय पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एकलव्य आर्दश आवासीय पाठशाला में वर्तमान में 181 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अगले शिक्षा सत्र से पाठशाला में 211 विद्यार्थी हो जाएंगे। उन्होंने पाठशाला में बढ़ती विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए पाठशाला में निर्माणाधीन प्रीफैबीकेटड़ छात्रावास के निर्माण को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, मुख्य चिकित्सा आधिक डॉ. रोशन लाल, एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला के प्रधानाचार्य राजीव कुमार, प्रधानाचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण सुनिता सहित कमेटी के अन्य विभागों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# डोहलूनाला में 1.686 चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**पतलीकूहल।** कुल्लू के डोहलूनाला में पुलिस ने एक युवक को 1.686 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कृष्ण पुत्र ठाकुर दास निवासी गांव कलंग, डाकघर शालंग, तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम द्वारा गश्त के दौरान अमल में लाई गई। पुलिस गश्त पर थी, तो डोहलूनाला के पास उक्त युवक को तलाशी के लिए रोका गया। इस दौरान उसके कब्जे से चरस की बड़ा खेप बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पतलीकूहल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी से चरस की सप्लाई चैन और इसके स्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। उधर, डीएसपी केडी शर्मा ने कहा कि मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ हमारी मुहिम जारी रहेगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# नवगठित 12 में से 11 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा : अरविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि जिला कुल्लू के अंतर्गत पड़ने वाले नव गठित मंडलों 12 मंडलों में से 11 मंडल अध्यक्षों की विधिवत घोषणा कर दी है।

नई व्यवस्था के अंतर्गत मनाली विधानसभा के अब मनाली और नगर दो मंडल होंगे, कुल्लू विधानसभा के कुल्लू सदर, भुंतर व मणिकर्ण तीन मंडल होंगे। बंजार विधानसभा के सैंज, बंजार, मंगलौर व बजौरा सहित चार मंडल होंगे। आनी विधानसभा के अब तीन मंडल आनी, निरमंड सहित दलाश मंडल होंगे। नई व्यवस्था के अंतर्गत मनाली विधानसभा के दो मंडलों मनाली से जोगिंद्र मेहरा को तथा नगर मंडल से ठाकुर दास को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले तीन नवगठित मंडलों में भुंतर मंडल से राजेश ठाकुर, मणिकर्ण से संजीव शर्मा संजू पंडित को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के चार मंडलों में सैंज मंडल से अमर ठाकुर, बंजार मंडल से घनश्याम ठाकुर, मंगलौर मंडल से डावे राम तथा बजौरा मंडल से परमानंद ठाकुर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। आनी विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले तीन नवगठित मंडलों में आनी से वेद ठाकुर, दलाश से विवेक वर्मा तथा निरमंड से नरोतम ठाकुर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कुल्लू के मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी जल्द की जाएगी। जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने सभी मंडल अध्यक्षों को नव दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और आशा की है कि सभी भविष्य में अपने अपने मंडलों में संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

# आनी विस में भाजपा को मिले 3 मंडलाध्यक्ष

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर चले चुनाव महापर्व के तहत आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी, दलाश, निरमंड मंडलों के मंडलाध्यक्षों की घोषणा हो गई है। आनी मंडल से वेद ठाकुर, दलाश मंडल से विवेक वर्मा और निरमंड से नरोत्तम ठाकुर को मंडलाध्यक्ष चुना गया है। नए चुने गए मंडलाध्यक्षों के नामों की घोषणा भाजपा के चुनाव पर्यवेक्षक संजीव देष्टा और विजय गुप्ता की देख-रेख में कई गई।

निरमंड और दलाश मंडलों का जिम्मा चुनाव पर्यवेक्षक और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव देष्टा और आनी भाजपा मंडल का जिम्मा भाजपा के महासू जिले के महामंत्री विजय गुप्ता के पास था। पूर्व में पूरा आनी विधानसभा क्षेत्र आनी भाजपा मंडल के अंतर्गत था, लेकिन भाजपा की नई रणनीति के तहत आनी को आनी के अलावा दलाश और निरमंड आदि 3 मंडलों में बांटा गया है यानी दलाश और निरमंड दो नए मंडल भाजपा में शामिल हुए हैं। आनी में भाजपा के बालू से लेकर शमशर तक के 51 बूथों के करीब 31 हजार मतदाता, नए बने दलाश मंडल में आनी-1 से लेकर निथर के बशला तक के 40 बूथों के करीब 23 हजार और दूसरे नए बने निरमंड मंडल में कोयल से लेकर कावेरी तक के 54 बूथों के करीब 36 हजार मतदाताओं को शामिल किया है, जबकि दलाश से विवेक वर्मा और निरमंड से नरोत्तम ठाकुर के सिर पर अपने-अपने मंडलों का पहला मंडलाध्यक्ष बनने का ताज चढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

### मंडलाध्यक्षों की पृष्ठभूमि

- **वेद** ठाकुर, अध्यक्ष, आनी भाजपा मंडल वर्ष 2003 से भाजयुमो में बतौर कोषाध्यक्ष, 2009 में आनी भाजयुमो में उपाध्यक्ष, 2016 में प्रदेश भाजयुमो के कार्यकारिणी सदस्य, 2020 में भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता, 2021 भाजयुमो के आनी मंडल अध्यक्ष, 2023 भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभाली।
- **नरोत्तम** ठाकुर, अध्यक्ष, निरमंड भाजपा मंडल 1999 में बूथ अध्यक्ष से शुरू हुआ उसके बाद 2007 में ग्राम केंद्र अध्यक्ष, 2010 में भाजपा मंडल आनी के कार्यकारणी सदस्य, 2013 में भाजपा मंडल आनी में सचिव, 2019 में किसान मोर्चा के कुल्लू जिला उपाध्यक्ष, 2023 से 2024 तक भाजपा मंडल आनी के महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।
- **विवेक** वर्मा 'विक्की', अध्यक्ष, दलाश भाजपा मंडल 2018-2022 तक भाजपा युवा मोर्चा आनी के उपाध्यक्ष, 2018 से अब तक भाजपा शक्तिकेंद्र दलाश के अध्यक्ष, 2022 से कोटाधार बूथ के बूथपालक।

**आयोजन** सिविल पेंशनर्स एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन आनी ने धूमधाम से मनाया पेंशनर्स दिवस

# आनी में जल्द बनाया जाए पेंशनर्स भवन



आनी में सिविल पेंशनर एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन खंड आनी की ओर से पेंशन दिवस के मौके पर मौजूद पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान, आनी**

पेंशन दिवस के मौके पर मंगलवार को आनी में सिविल पेंशनर एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन खंड आनी द्वारा पेंशन दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सिविल पेंशनर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस कार्यक्रम में हिम संस्कृति संस्था के अध्यक्ष शिवराज शर्मा और उपाध्यक्ष छविंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि शिव राज शर्मा व छविंद्र शर्मा ने पेंशन दिवस पर सभी पेंशनर्स को बधाई देते हुए, उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। वरिष्ठ नागरिक समाज और परिवार की एक प्रमुख कड़ी है, जिनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। वहीं, संघ के अध्यक्ष दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि पेंशनर्स दिवस में संघ ने पेंशनर्स हित के लिए जो मांगे उठाई गई, उनमें आनी में पेंशनर्स होम के लिए भूमि का आवंटन अंतिम चरण में है, जिसके लिए टोकन मनी जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा दी गई है।

इसी प्रकार पेंशनर्स को डीए की दो किस्तें तो मिल चूंकि हैं, लेकिन इसका एरियर सरकार ने अभी तक नहीं दिया है। वर्ष 2025-26 के लिए पेंशनर्स का वार्षिक चंदा 500 रुपए तथा फैमिली पेंशनर्स का 300 निर्धारित किया गया है। उन्होंने सरकार से पेंशनर्स के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए बजट का प्राबधान करने के अलावा आनी प्रशासन से देहुरी खड् पर बने पुल के दोनों ओर लोगों के आवागमन के लिए फुटपाथ बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मितव्यता संघ का उद्देश्य है और संघ में नए पेंशनर्स को सदस्य जोड़ने के लिए वे प्रयासरत रहेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन संघ के महासचिव पी दुर्वासा ने किया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष डीसी ठाकुर के साथ उपाध्यक्ष मोहर सिंह चौहान, महासचिव पी दुर्वासा, देवी सिंह वर्मा, राज्य प्रतिनिधि एनडी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर्स का आर्थिक रूप से स्वावलंबन होना आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर में हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के बैनर तले 43वां पेंशनर दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें शिक्षा खंड कुल्लू वन के 88 वर्षीय वयोवृद्ध पेंशनर पूर्ण चंद ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने की। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि 42 वर्ष पूर्व 17 दिसंबर, 1982 को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के पिता एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वीवाई चंद्रचूड़ की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा दायर एक मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया था कि सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन लेना कर्मचारी का मौलिक अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय के इस ऐतिहासिक निर्णय के मुताबित केंद्र व राज्य सरकारें पेंशनरों को खैरात नहीं, उनका हक देने के लिए बाध्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कर्मचारियों के हक में दिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद विभिन्न पेंशनर संगठनों द्वारा हर वर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाया जाता है। पेंशन दिवस समारोह में 88 वर्षीय वयोवृद्ध पेंशनर पूर्ण चंद ठाकुर, प्रेमला ठाकुर, रवींद्र भार्गव, भागचंद ठाकुर, धर्मचंद ठाकुर, तेजा सिंह, लीला वर्मा, खुशाल चंद नेगी, दयाल सिंह ठाकुर, किरण चंद शर्मा, सब्जा चंद नेगी आदि पेंशनर्स मौजूद रहे।



जिला मुख्यालय ढालपुर में प्रदेश पेंशनभोगी संघ के पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट ने मनाया पेंशन दिवस




**दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की बैठक में पेंशन दिवस मनाया गया। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी डीएस नकारा की भूमिका को याद किया गया, जिनके कारण आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा उनकी याद ताजा की जाती है। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों पर चर्चा की और 1 जनवरी, 2016 के बाद के कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित रखने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। बैठक में कमल चौहान, कमल ठाकुर, प्रेम केशव, संत राम, परस राम चौधरी, सुहारु, नानकु आदि ने भाग लिया।

### शिविर का उद्देश्य सौहार्द स्थापित करना



**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 16 से 25 दिसंबर तक एचपीबीएन एनसीसी सोलन द्वारा एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी 209) का आयोजन किया जा रहा है। 12 स्कूलों, 3 कॉलेजों, 4 विश्वविद्यालयों तथा 1 एचपी इंडस्ट्रीज कंपनी नाहन के कैडेट सहित लगभग 393 एनसीसी कैडेट इस वार्षिक शिविर में भाग ले रहे हैं। सीओ कर्नल राजीव थॉमस और एडम ऑफिसर कर्नल एएस सिद्धू के नेतृत्व में एसएम जोगिंदर सिंह, सब संजू कुमार, 3 जेसीओ तथा 12 पीआई स्टाफ इस शिविर का संचालन कर रहे हैं। 9 एएनओ द्वारा समर्थित, इस शिविर का उद्देश्य आवश्यक सैन्य मूल्यों को स्थापित करते हुए अनुशासन, चरित्र निर्माण और सौहार्द स्थापित करना है। बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण, सेना की दिनचर्या से परिचय तथा प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयारी द्वारा कैडेट लचीलापन और नेतृत्व सीखते हैं तथा समाज सेवा में उनकी सक्रिय भागीदारी निस्वार्थ योगदान की भावना को दर्शाती है। यह शिविर पूरी तरह से एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन का प्रतीक है।

### पंजपिपलु स्कूल में मेधावियों को नवाजा



**अर्की।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय पंजपिपलु में वार्षिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना व वंदे मातरम से कार्यक्रम का आगाज किया गया। पाठशाला प्रबंधन द्वारा मुख्यतितिथि अधिवक्ता उच्च न्यायायल व शिमला नगर निगम वार्ड-7 की पार्षद अनिता शर्मा का स्वागत किया गया व उसके पश्चात मुख्यतितिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके पश्चात विद्यालय की मुख्याध्यापिका द्वारा पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई व पाठशाला में शारीरिक शिक्षक के 2021 से चले रिक्त पद को अभी तक नहीं भरा जा सका, उसके लिए भी सरकार से आग्रह किया। वहीं, मुख्यातिथि ने बच्चों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नारी शक्ति आगे आ रही है। वहीं, बच्चों को उनकी इच्छाशक्ति के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जिससे उनके अंदर की प्रतिभा उजागर होकर बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल होने में सहायता मिलेगी। वहीं, मुख्यातिथि ने मेधावियों को सम्मानित किया।

### सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के तरीके बताए




**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने मंच का संचालन किया। सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी अनिता कौंडल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है और हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। हमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए और किसी भी प्रकार का नशा कर वाहन नहीं चलाना चाहिए। साथ ही उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और किसी भी प्रकार का नशा करने पर गाड़ी न चलाने का आग्रह किया।

### रिमिक्स ऑडियो एलबम रामकलिए का विमोचन



**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय से करीब 2-3 किलोमीटर दूर तलोगी में कुल्लू के लोकप्रिय लोक कलाकार आईएस चांदनी के नए ऑडियो एलबम का विमोचन किया गया। तलोगी में स्थित चांदनी म्यूजिकल रिकार्डस स्टूडियो में हिमाचली लोक गायक आईएस चांदनी के नए रिमिक्स आडियो एलबम रामकलिए का विमोचन सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने किया। इस विमोचन के अवसर पर बतौर मुख्यतिथि उपस्थित दिनेश सेन तथा सचिव हितेश कुमार गोगी ने रिबन काटकर एलबम का विमोचन किया। स्टूडियो के मालिक एवं लोकगायक आईएस चांदनी ने मुख्यतिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार सम्मानित किया।


# एमसी ने की 5 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स की कलेक्शन

## नगर निगम सोलन का 10 करोड़ रुपए कलेक्शन का लक्ष्य, अधिकतर वार्डों में बिल जारी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने इस वित्तीय वर्ष में करीब 10 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य रखा है पर बिल जारी होने में देरी से फिलहाल करीब 5 करोड़ रुपए की ही कलेक्शन हुई है।

जानकारी के मुताबिक निगम ने अधिकतर वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी कर दिए हैं, जिसकी कलेशन की जा रही है। इसके लिए मोबाइल एसएमएस से ऑनलाइन बिल जमा करवाने का लिंक भेजा जा रहा है। वहीं, अभी कई उपभोक्ता ऑनलाइन ठगी की आशंका का चलते लिंक नहीं ओपन नहीं कर रहे हैं। वहीं, नगर निगम उपभोक्ताओं को इसके प्रति जागरूक भी नहीं कर पा रहा है, जिससे प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में देरी हो रही है। ऐसे में आने वाले वित्तीय वर्ष में उपभोक्ताओं पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने का आर्थिक बोझ पड़ेगा। नए प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी के लिए ई-पोर्टल के माध्यम से मोबाइल लिंक से बिल जारी कर दिए हैं। निगम ने करीब तीन महीने में 5 करोड़ से अधिक की कलेक्शन की है। बिल जारी होने दो सप्ताह के अंदर भवन मालिक 10 फीसदी छूट के साथ टैक्स जमा कर सकेंगे। बता दें कि नगर निगम सोलन ने शहर में संपत्ति कर निर्धारण को कुल 14105 संपत्तियों का सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण के पश्चात संपत्ति कर के बिल यूनिट एरिया मेथड से जारी किए जा रहे हैं, जो कि 4 अगस्त 2022 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के हैं। (अनंत ज्ञान)


सोलन शहर का दृश्य।

### एक साथ देना होगा 20 महीने का बिल

**शहर** में प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण के लिए किए गए भवनों का सर्वे करने में देरी के कारण निगम एक साथ 20 महीने का प्रॉपर्टी टैक्स बिल जारी कर रहा है। निगम के मुताबिक करदाता टैक्स बिल का भुगतान दो किस्तों में भी कर सकते हैं, लेकिन 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि दो किस्तों का टैक्स का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय रहेगा। इसके बाद विलंब शुल्क का भी भुगतान करना होगा। संपत्ति बिल ऑनलाइन मोड में जारी किए जाएंगे व करदाता एवं संपत्ति मालिक को इस बारे में एसएमएस प्राप्त होगा, जिससे वे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

### आय बढ़ने की उम्मीद

**निगम** के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त-2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होती रही है, जबकि नई दर से 8 से 10 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। हालांकि निगम शुरू में 20 करोड़ टैक्स जमा होने की उम्मीद लगाए हुए था।



नगर निगम चरणबद्ध तरीके से भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स जारी कर रहा है। ऑनलाइन टैक्स जमा करवाने के लिए गवर्नमेंट साइट से एसएमएस लिंक मोबाइल पर आएगा, जिससे सीधा ऑनलाइन टैक्स जमा होगा। उम्मीद है कि निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से 10 करोड़ की आय होगी। **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# सभी खाद्य व्यापारी अपना पंजीकरण व लाइसेंस बनाना करें सुनिश्चित: अजय


खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने कहा कि सभी नागरिकों को सुरक्षित खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन का दायित्व है और इस दिशा में पूर्ण रूप से सजग होकर कार्य किया जा रहा है।

अजय यादव खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन के संबंध में गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अजय यादव ने कहा कि खाद्य पदार्थों की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि खाद्यान्न वस्तुओं के सभी व्यापारी एवं संचालक (एफबीओ) अपना पंजीकरण करवाएं और लाइसेंस प्राप्त करें। पंजीकरण एवं लाइसेंस के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए खाद्य पदार्थों के व्यापारी वेबसाइट foscos.fssai.gov.in पर संपर्क कर सकते हैं। वर्तमान में सोलन में 7348 सक्रिय पंजीकरण और 1341 सक्रिय लाइसेंस धारक हैं। प्रथम जनवरी, 2024 से 30 तक 1799 पंजीकरण तथा 771 लाइसेंस जारी किए गए हैं। अजय यादव ने कहा कि जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए गत 18 महीनों में 247 निरीक्षण कर अधिनियम के अनुरूप जुर्माना वसूला गया। असुरक्षित खाद्य वस्तुएं पाए जाने की स्थिति में सजा का प्रावधान है। खाद्य वस्तुओं के मानक से कम पाए जाने पर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना तथा मिसब्रांड की स्थिति में 3 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। सुरक्षा सुनिश्चित बनाने के लिए खाद्य सुरक्षा सोलन के अधिकारियों द्वारा नियमित एवं औचक निरीक्षण किए जाते हैं।

## पेंशनर्स समाज की अमूल्य पूंजी: संतराम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोशियशन इकाई ने राजगढ़ में पेंशनर्स दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संतराम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि वयोवृद्ध सेवानिवृत्त बीपीईओ दलीप सिंह ठाकुर ने बतौर विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि सहित अनेक महानभूतियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी पेंशनर्स को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। मुख्यातिथि संत राम शर्मा ने कहा कि पेंशनर्स समाज की अमूल्य पूंजी हैं, जिनके द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई गई। पेंशनर्स का दायित्व बनता है कि जो अनुभव उन्होंने सेवाकाल के दौरान विभिन्न फील्ड में अर्जित किए हैं, उनको समाज के कल्याण में लगाएं। पेंशनर्स वेलफेयर एसोशियशन इकाई



राजगढ़ के अध्यक्ष विजय भारद्वाज ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनर्स की समस्याओं के बारे भली-भांति परिचित है तथा सरकार द्वारा पेंशनर्स के बकाया एरियर राशि की अदायगी आगामी वित वर्ष के दौरान देने के लिए वादा किया गया। प्रदेश स्तरीय पेंशनर्स वेलफेयर एसोशियसन कार्यकारिणी द्वारा पेंशनर्स की हर समस्या को सरकार के समक्ष लाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप पेंशनर्स को अनेक लाभ मिले हैं। प्रदेश पेंशनर्स कार्यकारिणी के सदस्य रविदत्त भारद्वाज ने कहा कि पेंशनर्स भले की ही जीवन के चौथे पड़ाव में पहुंचे हैं, लेकिन वह अपने आपको कमजोर न समझें।

# पंजाब स्केल की तर्ज पर पेंशनर्स की बकाया राशि का हो भुगतान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन का जिला स्तरीय स्थापना दिवस अर्की के सामुदायिक भवन में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए सरकार से मांग की वर्ष-2016 से वर्ष 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की पंजाब स्केल पर बकाया राशि का भुगतान, डीए की दो किस्तों का बचा एरियर और 11 प्रतिशत तीन बाकी बची किस्तों का जल्द भुगतान किया जाए। इसके साथ ही एजी कार्यालय में पेंशनर्स की फिक्शेषन के लंबित पड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द हल करने की मां की गई, ताकि पेंशनर्स को राहत मिल सके। सरकार से प्रदेश तथा जिला


जिला स्तरीय पेंशनर्स स्थापना दिवस पर पेंशनर्स।

स्तर पर जेसीसी आयोजित करने का भी अनुरोध किया, ताकि पेंशनर्स की मांगों का समाधान हो सके। विभिन्न विभागों में पेंशनर्स के पिछले चार साल से लंबित पड़े मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए बजट जारी करने की भी सरकार से इस सम्मेलन के माध्यम से मांग की गई।

इसके साथ ही पेंशनर्स की लंबित पड़ी लाखों रुपए की राशि का भी जल्द भुगतान करने का अनुरोध किया। सम्मेलन में 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को शॉल व टोपी पहना कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न भागों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार साझा किए। सम्मानित होने वाले सदस्यों में मदन लाल गर्ग, सुखराम शर्मा, मदन लाल शर्मा, गोपाल चंद गुप्ता, दीनानाथ शर्मा, श्याम चंद गुप्ता, सूरत राम गौतम आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया पेंशनर्स स्थापना दिवस

**सराहां।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सराहां ईकाई ने पेंशनर्स स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। सराहां इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में हिमाचल पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरी दत्त शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इसके अतिरिक्त पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सिरमौर की एडोक कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं यूनाइटेड वेटरंस एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय राजन भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिदास शर्मा ने कहा कि 17 दिसंबर का दिन पेंशनर्स यूनियन के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है इसलिए इसे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। अपनी मांगों को लेकर सभी पेंनशर्स को एकजुटता के साथ अपनी आवाज को उठाना चाहिए।

# खेम चंद बने दून के पट्टा मंडल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

दून के पट्टा भाजपा मंडल की कमान गागुड़ी पंचायत के प्रधान खेम चंद ठाकुर को मिली। पट्टा में पार्टी की तरफ से आए चुनाव प्रभारी राकेश शर्मा ने खेम चंद ठाकुर को सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। यह पहला अवसर है कि दून में दो मंडल बनाए गए हैं, जिसमें बद्दी और पट्टा शामिल है।

पट्टा मंडल में कुल 103 बूथ में से पहाड़ी क्षेत्र के 43 बूथ शामिल किए गए हैं, जिनकी कमान पहली बार पहाड़ी क्षेत्र पट्टा मंडल खेम चंद ठाकुर को मिली। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से खेम चंद ठाकुर के


दून के पट्टा भाजपा मंडल के प्रथम अध्यक्ष खेम चंद ठाकुर कार्यकर्ताओं के साथ।

नाम का प्रस्ताव लेकर मोहर लगाई। खेम चंद जहां पंचायत के प्रधान हैं। वही, 2019 से 2023 तक मंडल के महामंत्री भी रहे हैं।

उससे पहले वह 2015 से 2019 तक भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे। उनके अनुभव और व्यवहार को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। खेम चंद ने कहा कि जिस उम्मीद से मुझे यह जिम्मेवारी दी है, उसके लिए में ईमानदारी से निर्वहन करने की पूरी कोशिश करूंगा सभी को साथ लेकर चलना और संगठन को और अधिक मजबूत करना ही मेरी प्राथमिकता होगी और 2027 के चुनावों में दून हल्के से भाजपा कमल खिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# सोलन मंडल शहरी इकाई के अध्यक्ष बने शैलेंद्र गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव में चुने गए तीन मंडलों के अध्यक्ष(दाएं) शैलेंद्र गुप्ता समर्थकों के साथ।

भाजपा जिला सोलन के संगठनात्मक चुनाव की घोषणा प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं चुनाव पर्यवेक्षक तिलकराज शर्मा ने की। इसमें शैलेंद्र गुप्ता को सोलन मंडल शहरी का अध्यक्ष चुना गया।

इसी तरह सोलन मंडल ग्रामीण की कमान चंद्रकांत शर्मा को मिली। कंडाघाट मंडल से मदन ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया। मदन इससे पहले सोलन मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। सोलन मंडल शहरी के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और संगठन के नेता पुरषोत्तम गुलेरिया का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मंडल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी के लिए कार्य किया जाएगा। 2027 के विधानसभा चुनाव में सोलन सीट को पार्टी की झोली में डालने के लक्ष्य को लेकर कार्य किया जाएगा। वहीं, सोलन मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा और कंडाघाट मंडल के अध्यक्ष मदन ठाकुर ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उनके अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक शर्मा सहित भाजपा नेत्री कुमारी शीला, सीमा कश्यप, हिमांशु शर्मा और ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ई-केवाईसी करवाएं उपभोक्ता

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन के अंतर्गत बिजली उपमंडल सोलन-1 के उपभोक्ताओं के बिजली मीटर को ई-केवाईसी से लिंक करने की प्रक्रिया के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन के सहायक अधिशाषी अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 18 व 19 को पड़ग, तरनतारन, विनसम होटल, डढोग, ब्रुरी के उपभोक्ताओं के लिए हवाघर ब्रुरी, सलोगड़ा, मनसार, मेला ग्राउंड, बरड़ बस्ती, दाउंसी एवं आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए हवाघर सलोगड़ा तथा शिल्ली, दामकड़ी के क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के लिए शिल्ली चौक में ई-केवाईसी की जाएगी।

### नौणी विवि एवं अनुसंधान केंद्रों पर वार्षिक शीतोष्ण फलदार पौधों की बिक्री शुरू

# पहले दिन 829 किसानों ने खरीदे 27685 पौधे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी विवि के कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान स्टेशनों में बागवानों के लिए फलदार पौधे की वार्षिक बिक्री पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शुरू हो गई।

फल रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री के लिए हिमाचल और आसपास के राज्यों के किसान-बागवान विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय केंद्रों पर एकत्रित हुए। इस बिक्री के दौरान किसानों द्वारा सेब, नाशपाती, खुमानी, आड़ू, चेरी, कीवीफ्रूट, अखरोट, अनार, प्लम, जापानी फल आदि की विभिन्न किस्मों को खरीदा गया। हिमाचल और



आसपास के राज्यों के विभिन्न हिस्सों से किसान विभिन्न किस्मों के फलों के पौधे खरीदने के लिए विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर आए। बिक्री के पहले दिन 537 किसानों ने नौणी में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में तीन नर्सरियों-फल विज्ञान विभाग की नर्सरी, मॉडल फार्म, बीज विज्ञान, कंडाघाट, रोहड़ू में कृषि विज्ञान केंद्र और मशोबरा और शारबो (किन्नौर) में अनुसंधान केंद्रों से विभिन्न फलों की किस्मों के 16,173 पौधे खरीदे। इसके अतिरिक्त, कुल्लू के बजौरा में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन ने 9 दिसंबर से पौधों की बिक्री शुरू कर दी थी। इस स्टेशन से अब तक 292 किसानों ने विभिन्न फलों और किस्मों के 11,512 पौधे खरीदे हैं। इस तरह इस बिक्री में अब तक विश्वविद्यालय द्वारा कुल 829 किसानों को 27,685 पौधे बेचे गए हैं। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय स्टेशनों पर बिक्री के लिए उपलब्ध पौधों की कुल संख्या 2 लाख से अधिक है।

# 150 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 21 और 23 को

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मैसर्ज एसआईएस लिमिटिड आरटीए बिलासपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 150 पदों पर भर्ती की जानी है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी।

उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं तथा विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, भार 56 किलोग्राम व आयु 19 से 39 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। सिक्योरटी गार्ड व सिक्योरटी सुपरवाइजर के 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू जिला रोज़गार कार्यालय सोलन में 21 को प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। शेष 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू उप रोजगार कार्यालय अर्की में 23 को प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए आवेदक को कोई यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस से प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाईल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

**आयोजन** आज से 24 दिसंबर तक शर्मा कांप्लेक्स, जोनाजी रोड सोलन में श्री राम कथा का होगा भव्य आयोजन

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने निकाली भव्य मंगल कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 18 से 24 दिसंबर तक शर्मा कांप्लेक्स, जोनाजी रोड सोलन में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा का समय दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक रहेगा। इस उपलक्ष्य में सोलन में माता शूलिनी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से पहले संजय अग्रवाल (साई संजीवनी हॉस्पिटल), सुनील सूद और एडवोकेट देश गौतम ने पूजन



सोलन में श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकालते लोग।

किया। कलश यात्रा का शुभारंभ सोलन मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आनंद, साध्वी गार्गी भारती, साध्वी गुरुगीता भारती और साध्वी कंचन मुक्ता भारती ने भगवा ध्वज फहराकर किया। यात्रा में सैकड़ों सौभाग्यवती माताओं- बहनों ने मंगल कलश को धारण कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा के दौरान नशा छोड़ने, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और गो सेवा का संदेश दिया। इस दौरान सनातन धर्म के जयकारों से सारा वातावरण राममय हो गया। कलश यात्रा का गंज बाजार, अपर बाजार और मॉल रोड पर श्रद्धालु परिवारों ने अभिनंदन कर पुष्प वर्षा की साथ ही प्रसाद वितरण भी किया। स्वामी धीरानंद ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए संस्थान पूरे विश्व में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हमें सनातनी होने पर गर्व करना चाहिए और हमेशा ही सनातन धर्म का प्रचार करते रहना चाहिए। कलश यात्रा में प्रांत धार्मिक प्रमुख राष्ट्रीय सेवा समिति उषा शर्मा, साध्वी कंचन भारती, साध्वी श्वेता भारती, राज कुमार, अवमिंदर देव आनंद गौतम और कृष्णा वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नशा निवारण के विषय में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों द्वारा सोलन के विभिन्न गांवों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्गों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उपस्थित जन-जन को नशा निवारण के विषय में जागरूक किया गया। पर्वतीय लोक मंच के कलाकारों द्वारा कंडाघाट विकास खंड की पंचायत देलगी व छावशा में गीत-संगीत के माध्यम से युवाओं को राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के बारे में जागरूक किया गया।

ग्रामीणों को अवगत करवाया गया कि इस योजना के प्रथम चरण में



'राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना' के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। झनकार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा पंचायत चायल तथा हिन्नर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को अवगत करवाया गया कि इस योजना का उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों के 23 हजार बच्चों की शिक्षा को सुनिश्चित करना है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए 1 हजार रुपए प्रतिमाह और उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उपस्थित जनसमूह को योजना के लाभ लेने के लिए पात्रता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुनीता सांस्कृतिक दल डुमैहर के कलाकारों ने पंचायत सनेड़ तथा खेड़ा में गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्गों के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# मोदी सरकार के खिलाफ चंडीगढ़ कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक लुबाना के नेतृत्व में मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का आयोजित किया और चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय कमलाम की ओर मार्च किया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चंडीगढ़ पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए थे। जब कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच मामूली झड़प हुई।

इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ नारे लगाए और कुछ देर के लिए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए एचएस लक्की ने कहा भारतीय सैन्य मुख्यालय से 1971 के पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण की प्रतिष्ठित तस्वीर को हाल ही में हटा दिया जाना एक शर्मनाक कदम है, जो मोदी सरकार के इतिहास को विकृत करने के प्रयासों के बारे में चिंता पैदा करता है। जनरल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व और जनरल अरोरा की उपस्थिति में भारतीय सशस्त्र बलों के सामने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के बिना शर्त आत्मसमर्पण को कैद करने वाली यह तस्वीर महज एक तस्वीर नहीं है, बल्कि बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान भारत की सैन्य विजय और रणनीतिक नेतृत्व का प्रतीक है। दीपक लुबाना ने कहा कि यह हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और बांग्लादेश की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत की निर्णायक भूमिका का एक स्थायी प्रमाण है।

ऐसी ऐतिहासिक कलाकृतियों के साथ छेड़छाड़ राष्ट्रीय गौरव को कम करती है और हमारी सामूहिक विरासत को नष्ट करती है। प्रमुख ऐतिहासिक मील के पत्थरों को मिटाने या दरकिनार करने से, सरकार हमारे सैनिकों के बलिदान और उनकी उपलब्धियों के महत्व को कम करने का जोखिम उठा रही है। चंडीगढ़ के युवा कांग्रेस के प्रभारी सत्यवान गहलोत ने कहा कि इतिहास को राजनीतिक आख्यानों के अनुरूप फिर से नहीं लिखा जा सकता; यह एक साझा विरासत है जो सभी भारतीयों की है। 1971 की जीत भारतीय इतिहास में एक एकीकृत क्षण है, जिसे सैन्य और नैतिक नेतृत्व के एक दुर्लभ उदाहरण के रूप में पीढ़ियों तक मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री धामी ने किया छह फॉरेंसिक वाहनों का फ्लैग ऑफ

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में गृह विभाग के अधीन 6 फॉरेंसिक लैब वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। 65 लाख की लागत वाले प्रत्येक फॉरेंसिक लैब वाहन में ड्रग डिडक्शन किट, एक्सप्लोसिव किट, फिंगर प्रिंट किट, फुट प्रिंट किट, डीएनए किट, फ्रिज, जनरेटर, साइबर सुरक्षा से संबंधित सॉफ्टवेयर, वीडियो कैमरा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इन फॉरेंसिक लैब वाहनों के माध्यम से किसी भी आपराधिक घटना की मौके पर ही प्राथमिक परीक्षण संभव हो जाएगा। प्रथम चरण में ये फॉरेंसिक लैब वाहन देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, उधमसिंहनगर, नैनीताल, अल्मोड़ा और श्रीनगर भेजे जा रहें। बाद में सभी जनपदों के लिए, यह व्यवस्था की जाएगी। इन वाहनों के लिए राज्य को केन्द्र सरकार से 3.92 करोड़ की धनराशि मिली है।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक दिलीप रावत, सचिव गृह शैलेश बगौली, एडीजी और निदेशक फॉरेंसिक साइंस लैब अमित कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक डॉ. एसके शर्मा, उप निदेशक डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ पान सिंह, विशेषज्ञ डॉ दयाल शरण, वैज्ञानिक डॉ मोनिका और डॉ राकेश कुमार शामिल थे।



## न्यूज ब्रीफ

### ठंड बढ़ने के साथ एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में ठंड के बढ़ने के साथ ही हवा की गुणवत्ता भी बिगड़ने लगी है। कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 के पार पहुंच गया, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक श्रेणी में आता है। सुबह के समय सेक्टर-53 का एक्यूआई 350 दर्ज किया गया, जबकि शहर के अन्य क्षेत्रों में यह 250 से ऊपर रहा। हवा में बढ़ते प्रदूषण का सीधा असर सर्द मौसम के साथ बढ़ती धुंध और नमी पर दिखाई दे रहा है। अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है।

### अखिल भारत हिंदू महासभा के सूरज बने अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश सिंह की अनुशंसा पर हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन करते हुए चंबा के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार को पदोन्नत कर नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को पदोन्नत कर प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। दूसरी तरफ हिंदू महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गीता रानी ने महाराष्ट्र इकाई में भी नेतृत्व परिवर्तन किया। शोभा अविनाश शेलार ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेश चाटे की अनुशंसा पर नए प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाला। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएन तिवारी ने नई नियुक्ति यों की घोषणा करते हुए कहा कि नेतृत्व परिवर्तन हिंदू महासभा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाएगा।

### आतंकवादी अर्श डल्ला के चार गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने कनाडा में रह रहे आतंकवादी अर्श डल्ला और एक अन्य विदेशी हैंडलर के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से तीन पिस्तौल व 16 कारतूस बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान गगनदीप सिंह, नवजोत सिंह उर्फ निशु, लखविंदर सिंह और विपनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गगनदीप और नवजोत फतेहगढ़ साहिब के अमलोह के रहने वाले हैं, जो वर्तमान में खरड़ में किराये के मकान में रह रहे थे, जबकि लखविंदर पटियाला और विपनप्रीत फरीदकोट का निवासी है। यादव ने बताया कि आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने इस वर्ष एक और दो दिसंबर की मध्यरात्रि को मोहाली के फेज-11 स्थित कार शोरूम पर गोलीबारी की थी, जिसका उद्देश्य इसके मालिक को डराना और उससे रंगदारी वसूलना था।

### रेस्तरां संचालक सहित तीन लोगों पर हमला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गुरुग्राम में सोहना चौक के निकट पुराने जेल परिसर में स्थित एक रेस्तरां पर करीब दो दर्जन लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि समूह ने कथित तौर पर रेस्तरां संचालक सहित तीन लोगों पर हमला किया और वहां खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस स्थान पर हमला किया गया, वहां रेस्तरां के सामने खुलेआम शराब पीने और बेचने वालों का जमावड़ा रहता है, जिस पर रेस्तरां संचालक ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा कि वे लौट फिर आए और रेस्तरां में खड़े कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा दिन-दहाड़े एक कार में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि जब तक दमकल कर्मी पहुंचा, तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। यह घटना इस्लामपुर गांव के मूल निवासी हरीश शर्मा द्वारा संचालित रेस्तरां 'जेल की रोटी बोटी' में हुई। हरीश, उसका भाई अरुण और एक दोस्त मोहित रेस्तरां में थे की तभी रात करीब 11 बजे दो दर्जन से ज्यादा लोग हथियारों से लैस होकर वहां आए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा



**गया (बिहार)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक ने मंगलवार को बोधगया का दौरा किया और बौद्ध धर्म में सबसे पवित्र स्थल माने जाने वाले महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। श्रीलंका के राष्ट्रपति गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद सीधे 1,500 साल पुराने महाबोधि मंदिर गए। महाबोधि मंदिर, भगवान बुद्ध के जीवन और विशेष रूप से उनके ज्ञान प्राप्ति से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है। हवाई अड्डे पर बिहार के मंत्री प्रेम कुमार और संतोष कुमार सुमन और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रीलंका के राष्ट्रपति का स्वागत किया।

### 'आप' विधायक चैतर को लिया हिरासत में

**नर्मदा।** गुजरात के नर्मदा जिले में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक चैतर वसावा और उनके करीब 100 समर्थकों को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब वह अपने खिलाफ दर्ज एक मामले में पड़ोसी भरूच के एक थाने में आत्मसमर्पण करने जा रहे थे। डेडियापाडा थाने के निरीक्षक प्रकाश पंड्या ने बताया कि विधायक को कानून एवं व्यवस्था की चिंता के मद्देनजर एहतियातन हिरासत में लिया गया, क्योंकि वह बिना किसी सूचना के पुलिस के समक्ष पेश हो जा रहे थे।

### पाक में आतंकी हमला, दो पुलिस कर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक पुलिस जांच चौकी पर ग्रेनेड फेंके, जिससे कम से कम दो पुलिसकर्मी मारे गए और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह आतंकी हमला पहाड़ी इलाके शांगला जिले के चकेसर इलाके में हुआ। आतंकवादी ने सुरक्षा चौकी पर ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि चकेसर में पुलिस चौकी पर आतंकवादियों की ओर से किए गए ग्रेनेड हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल पुलिस अधिकारियों को तुरंत बहाग्राम के एक अस्पताल में ले जाया गया।

### ईरान में 15 साल जेल वाले हिजाब कानून पर रोक




**तेहरान।** ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने विवादित हिजाब और शुद्धता कानून पर रोक लगा दी है। इसे पिछले शुक्रवार को लागू होना था, लेकिन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते विरोध के कारण यह फैसला लिया गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान का कहना है कि यह कानून अस्पष्ट है और इसमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने इसके कुछ प्रावधानों पर फिर से विचार करने की बात कही है। इस कानून के मुताबिक जो महिलाएं अपने सिर के बाल, हाथ और पैर पूरी तरह से नहीं ढकेंगी उनके लिए 15 साल जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में 4 की मौत




**आगरा (उप्र)।** आगरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा की ओर जा रही दो कारों के बीच सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात टक्कर हुई। खंदौली के थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

# उत्तराखंडी सांस्कृतिक संगीत संध्या 'कौतिक' का दुबई में हुआ भव्य समापन




**अनंत ज्ञान, देहरादून**

उत्तराखंड एसोसिएशन ऑफ यूएई द्वारा भव्य उत्तराखंडी सांस्कृतिक संगीत संध्या-कौतिक का आयोजन दुबई में सम्पन्न हुआ, जिसमें देव भूमि उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध स्टार कलाकार लोक गायिका माया उपाध्याय, गजेंद्र राना एवं इन्द्र आर्या प्रमुख थे।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के जानेमाने संगीतकार दीपक रावत, गौरव पंत एवं अरुण तिवाड़ी जैसे कलाकारों और संगीतकारों ने अपने गीत और संगीत से देर रात तक चले कार्यक्रम में उत्तराखंड देव भूमि की संस्कृति और गीतों से लोगों को अपने को रोक नहीं पाए झूमते देर रात तक।

इस कार्यक्रम में मुख्य सम्मानित अतिथि-आईपीएफ मिडिल ईस्ट अफ्रीका के प्रमुख मोती कॉल, आईपीएफ के प्रमुख अधिकारीगण, आईपीएफ-उत्तराखंड राज्य परिषद दुबई से देवेंद्र सिंह कोरंगा थे।

# घुसपैठ करते पकड़े नाबालिग को तोहफे देकर लौटाया

**श्रीनगर।** दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा से चार दिन पहले घुसपैठ करने के आरोप में पकड़े किए गए नाबालिग को सेना और पुलिस ने सोमवार को चक्कां दा बाग के रास्ते पाकिस्तान को सौंप दिया। नाबालिग को नए कपड़े और तोहफे भी दिए गए।

पाकिस्तान की नापाक हरकत के बावजूद भारत ने मानवता दिखाई। इसका उदाहरण सोमवार देर शाम चक्कां दा बाग की राह-ए-मिलन पर देखने को मिला।

यहां चार दिन पहले नियंत्रण रेखा से घुसपैठ करने के दौरान पकड़े गए नाबालिग मोहम्मद सालिक (16) निवासी बांडी अब्बासपुर पीओके को पाकिस्तानी सेना को सौंपा गया।

# एपी ढिल्लों का शो सेक्टर-25 में होगा, सेक्टर-34 से किया शिफ्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर 34 में दिसंबर में गायक करण औजला और दिलजीत दोसांझ के शो हुए थे। दोनों ही शो के कारण पूरे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई थी। सेक्टर के आसपास रहने वाले लोगों को इसके चलते कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसी के चलते प्रशासन इस शो को शिफ्ट करवाने के प्रयास में था।

21 दिसंबर को रैपर और सिंगर एपी ढिल्लों का लाइव कन्सर्ट होना है। पिछले दो शो से लोगों को हुई परेशानी को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन कोशिश में था कि लाइव कन्सर्ट को सेक्टर-34 में न होने दिया जाए। इसे सेक्टर-25 में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई थी। 16 फरवरी को चंडीगढ़ में फिर से अरिजीत सिंह का शो होना है। कुछ महीने पहले भी अरिजीत सिंह का सेक्टर-34 में लाइव कन्सर्ट हुआ था, जिसमें भारी संख्या में भीड़ जुटी थी। अब इस शो ने भी प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि ऐसा शो होना है।



21 दिसंबर को अगर एपी ढिल्लों का लाइव कन्सर्ट सेक्टर-25 में अच्छा रहता है तो फिर वह अरिजीत सिंह का शो भी सेक्टर-25 में ही कराने की मंजूरी देंगे। इसे लेकर भी शो के आयोजकों से चर्चा करेंगे, क्योंकि सेक्टर-34 में इतने बड़े कार्य, म को अब भविष्य में इजाजत नहीं देने पर सहमति बनी है।

## देश-विदेश

# यूपी में दलितों के लिए न्याय की उम्मीद तक रखना नामुमकिन : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में बलात्कार की शिकार दलित युवती के परिवार से अपनी हालिया मुलाकात का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि जातिवाद और सत्ता के इस चक्रव्यूह में दलितों के लिए न्याय की उम्मीद रखना तक नामुमकिन है।

उन्होंने हाथरस के इस परिवार से अपनी मुलाकात का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया। राहुल गांधी ने कहा कि न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है, मगर हाथरस में कुछ और ही हो रहा है। जहां आरोपी मुक्त घूम रहे हैं और पीड़िता के परिवार वाले बंधक बना कर रखे गए हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि 14 सितंबर, 2020 को चार उच्च जाति के पुरुषों ने 19 वर्षीय एक दलित युवती से उत्तर प्रदेश के हाथरस में बेरहमी से सामूहिक बलात्कार किया। दो सप्ताह बाद, 28 सितंबर, 2020 को नई दिल्ली के एक अस्पताल में उस युवती की मृत्यु हो गई। उसी रात 2.30 बजे, उस युवती के परिवार की सहमति के बिना, उत्तर प्रदेश पुलिस ने जबरदस्ती उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सबूत मिटाने और न्यायपालिका को गुमराह करने के एक लंबे दौर के आज चार साल बाद आरोपी उसी गांव में मुक्त घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार अभी भी न्याय के इंतजार में है।

# रूस के न्यूक्लियर चीफ की ब्लास्ट में मौत

**मॉस्को।** रूस के न्यूक्लियर चीफ इगोर किरिलोव की मंगलवार को मॉस्को में हुए एक ब्लास्ट में मौत हो गई है। जनरल किरिलोव अपार्टमेंट से बाहर निकल रहे थे उसी वक्त नजदीक में ही पार्क स्कूटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें किरिलोव के साथ-साथ उनका असिस्टेंट भी मारा गया है। अधिकारियों ने बताया कि किरिलोव की हत्या यूक्रेन ने कराई है। वहीं, यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक किरिलोव की हत्या यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने कराई है। धमाका मॉस्को के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन से सिर्फ 7 किलोमीटर दूर हुआ है। रूस की जांच एजेंसी ने बताया कि धमाके के लिए 300 ग्राम ह का इस्तेमाल किया गया था। एजेंसी ने आपराधिक हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ खड़े हों', लिखा थैला लेकर संसद पहुंचीं प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**




कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के कई अन्य सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और दूसरे अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार से उनके लिए न्याय की मांग की।

उन्होंने अपने हाथ में थैला भी ले रखा था, जिस पर 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों' लिखा हुआ था। प्रियंका गांधी और कई अन्य सांसद संसद भवन में 'मकर द्वार' के निकट एकत्र हुए और केंद्र सरकार जवाब दो और 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाए। कांग्रेस ने सोमवार को भी इस विषय को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया था। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह विषय उठाया था। सोमवार को फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में फिलिस्तीन लिखा हुआ हैंडबैग लेकर संसद पहुंची थीं।

# भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अप्रैल-नवंबर में दोगुनी होकर 15 गीगावाट : प्रहलाद जोशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर करीब दोगुना होकर 15 गीगावाट हो गई। यह 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2024 में जोशी ने कहा कि वास्तव में पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक असाधारण रास्ता तैयार किया है। आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बेहतरीन देशों में से एक है।



# डोमिनिक लेब्लांक बने कनाडा के नए वित्त मंत्री

**एजेंसी, ओटावा**

कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक ने रिडो हॉल ने ओटावा के रिड्यू हॉल में वित्त मंत्री पद की शपथ ली।

नए वित्त मंत्री ने समारोह के बाद कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता कनाडाई लोगों के लिए जीवनयापन की लागत कम करना और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खास सहयोगी लेब्लांक हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ट्रूडो संग रात्रिभोज में शामिल हुए थे। 57 वर्षीय न्यू ब्रंसविक पहली बार 2000 में चुने सांसद गए, वह पूर्व गवर्नर-जनरल रोमियो लेब्लांक के बेटे हैं। लेब्लांक ने कहा कि वह अंतर-सरकारी मामलों के मंत्री का पद अपने पास रखेंगे। इससे पहले क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने ट्रूडो को लिखे एक पत्र में सोमवार सुबह अचानक वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।



# राजस्थान जल जीवन मिशन योजना: ईडी के मामले में 'बिचौलिए' को जमानत दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की जल जीवन मिशन योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार कथित बिचौलिए को मंगलवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आरोपी संजय बदाया को राहत देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया कि क्या संबंधित विभाग के तत्कालीन मंत्री को मामले में आरोपी बनाया गया है, जिनकी ओर से आरोपी ने कथित तौर पर धन प्राप्त किया था। पीठ ने टिप्पणी की कि स्वीकार्य तथ्य है कि उक्त मंत्री को वर्तमान मामले में आरोपी नहीं बनाया गया है।

# सेंसेक्स 1064 और निफ्टी 332 अंक धड़ाम

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,064 अंक की गिरावट के साथ 80,684 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 332 अंक की गिरावट रही। यह 24,336 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई मिडकैप 311 अंक की गिरावट के साथ 47,816 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट और 1 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में गिरावट रही, इसके केवल एक शेयर बढ़त के साथ बंद हुआ। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट रही। निफ्टी पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 1.88 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी मेटल, बैंक, ऑटो, फार्मा में भी करीब 2 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.16 फीसदी की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.90 फीसदी की गिरावट है। चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.44 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। एनएसई के डाटा के अनुसार, 16 दिसंबर को विदेशी निवेशकों की नेट सेल 278.70 करोड़ रुपए रही। इस दौरान घरेलू निवेशकों की नेट सेल 234.25 करोड़ की रही।




# एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें 2025 से होंगी सस्ती : धर्मेंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को घोषणा की कि अगले साल से कुछ कक्षाओं के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों की कीमतें कम होंगी।

प्रधान ने कहा कि परिषद वर्तमान में प्रति वर्ष पांच करोड़ पाठ्य पुस्तकें छापती है और अगले वर्ष से इस क्षमता को बढ़ाकर 15 करोड़ करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी बताया कि नौवीं से 12वीं कक्षा के लिए अद्यतन पाठ्यक्रम के अनुसार नयी पाठ्य पुस्तकें 2026-27 शैक्षणिक सत्र से उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष में एनसीईआरटी 15 करोड़ गुणवत्तापूर्ण और किफायती किताबें प्रकाशित करेगी। फिलहाल यह करीब पांच करोड़ पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित करता है। पाठ्य पुस्तकों की मांग और आपूर्ति के मामले पर पहले चिंताएं रही हैं, लेकिन अब इसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चूंकि छपने वाली किताबों की संख्या अधिक होगी तो कुछ कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकों की कीमतें कम हो जाएंगी।



# भारतीय कुश्ती के लिए निराशाजनक रहा साल, ओलंपिक में टूटा विनेश का दिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कहते हैं कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए, लेकिन भारतीय कुश्ती में तो 2024 में खेलों की राजनीति ही हावी रही। एक समय ओलंपिक में सफलता की गारंटी माने जाने वाले इस खेल में प्रशासनिक उठापठक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही और पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट का तय लग रहा पदक चले जाने से एक और निराशा हाथ लगी।

ठीक एक साल पहले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव से बेंगलुरू में हाल ही में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक भारतीय कुश्ती दिशाहीन जहाज लग रही थी।

एक समय था जब कुश्ती को ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीदों में गिना जाता था, लेकिन पेरिस ओलंपिक में अमन सहरावत के कांस्य पदक के अलावा इस खेल में भारत की झोली खाली रही। बदकिस्मती से विनेश का स्वर्ण पदक बिल्कुल करीब आकर निकल गया।

ओलंपिक के लिए उनके पसंदीदा भारवर्ग में जगह नहीं बनने से विनेश ने निचले वर्ग में किस्मत आजमाई। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में पहले दौर में जापान की महान पहलवान युइ सुसाकी को हराया, लेकिन फाइनल के दिन सुबह 100 ग्राम वजन अधिक पाए जाने के कारण अयोग्य करार दी गई। एक दिन बाद विनेश ने खेल को अलविदा कह दिया।

घर लौटने के बाद उनका नायिकाओं की तरह स्वागत किया गया। विनेश ने राजनीतिक पारी शुरू करके कांग्रेस का दामन थामा और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना से जीत दर्ज करके विधायक बन गई।



विनेश फोगाट की फाइल फोटो।

बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन उनकी किस्मत विनेश जैसी नहीं रही। अभ्यास शिविरों के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने देने में नाकाम रहने के कारण उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सके थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद उनका कैरियर ग्राफ इस साल बिल्कुल नीचे चला गया।

विनेश और बजरंग लगातार कहते रहे कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर उनकी लड़ाई राजनीतिक नहीं है, लेकिन उनके कांग्रेस से जुड़ने के बाद उनकी साथी पहलवान और रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपनी किताब में लिखा कि दोनों के लालच ने उनके प्रदर्शन की हवा निकाल दी।

अगली पीढी के पहलवानों अंशु मलिक और अमित पंघाल ने पेरिस में निराश किया, लेकिन अमन ने छत्रसाल स्टेडियम की परंपरा को आगे बढ़ाकर पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलो कुश्ती में कांस्य पदक जीता।

इसी वर्ग में 2020 टोक्यो खेलों में रवि दहिया ने रहत पदक जीता था, लेकिन चोटों और खराब फॉर्म ने दहिया को हाशिये पर धकेल दिया। टोक्यो में भारत को कुश्ती में दो पदक मिले थे, लेकिन पिछले एक साल के घटनाक्रम ने भारतीय कुश्ती को काफी पीछे खिसका दिया।

### भारत की अंडर-17 महिला टीम ने जीती विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

ऐसा नहीं है कि संभावनाएं या प्रतिभाएं नहीं है। भारत की अंडर 17 महिला टीम ने सितंबर में जोर्डन के अम्मान में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप जीती। भारत ने संभावित दस पदकों में से पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते। जापान और कजाखस्तान जैसे दिग्गजों को पछाड़ना बड़ी उपलब्धि है। संजय सिंह की अगुवाई में भारतीय कुश्ती महासंघ के नए प्रशासन को अभी भी खेल मंत्रालय से निलंबन हटने का इंतजार है। निलंबन इसलिए लगाया गया क्योंकि दिसंबर 2023 में 15 दिन का नोटिस दिए बिना राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन का ऐलान कर दिया गया था, लेकिन अगर डब्ल्यूएफआई नोटिस अवधि तक रूकता तो पहलवानों को एक साल गंवाना पड़ता क्योंकि 15 दिन पूरे होने तक 2024 शुरू हो जाता। साक्षी और उनके पति पहलवान सत्यव्रत कादियान की याचिका के कारण डब्ल्यूएफआई को सीनियर विश्व चैंपियनशिप से टीम वापिस लेनी पड़ी थी। सरकार के दखल के बाद टीम भेजी जा सकी। पिछले दो साल में कोचिंग शिविर नहीं लगे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एसए-20 के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा

**जोहान्सबर्ग।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी-20 विश्व कप विजेता रॉबिन उथप्पा 9 जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए-20 लीग के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे। 9 जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी-20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जाएगा। उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रिस मौरिस भी होंगे। इनके अलावा आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर एम एमबांग्वा भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।



### कीर्ति आजाद को हराकर रोहन जेटली फिर डीडीसीए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** रोहन जेटली लगातार तीसरी बार दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष बन गए, जिन्होंने भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को चुनाव में आसानी से मात दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरूण जेटली के बेटे 35 वर्ष के रोहन को 1577 वोट मिले जबकि आजाद को 777 वोट पड़े। कुल 2413 वोट डाले गए थे और जीतने के लिए 1207 वोट चाहिए थे। रोहन 2020 में निर्विरोध चुने गए थे जब रजत शर्मा ने बीच में ही पद छोड़ दिया था। एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। दिवंगत अरूण जेटली 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे थे।



### एलिसा शिमट के 7.2 मिलियन फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** एलिसा शिमट को कई आउटलेट्स द्वारा दुनिया की सबसे सेक्सी एथलीट का खिताब दिया गया है। जर्मनी की खिलाड़ी ने बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले में मिश्रित 4गुणा400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल जीता था। शिमट के इंस्टाग्राम और टिकटॉक पेज पर 7.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



**ब्रिसबेन टेस्ट** — टीम इंडिया अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे, खराब मौसम के कारण मैच ड्रॉ की ओर अग्रसर

# पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

लोकेश राहुल और रवींद्र जडेजा के संयम से भरे अर्धशतकों की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षाबाधित चौथे दिन फॉलोआन बचा लिया हालांकि अब यह मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा है।

जडेजा ने 123 गेंद में 77 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। वहीं राहुल 84 रन बनाकर आउट हुए, जिन्होंने 139 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके लगाए। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने तक भारत ने नौ विकेट पर 252 रन बना लिए थे। जसप्रीत बुमराह दस और आकाश दीप 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम अभी भी आस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। आस्ट्रेलिया को अब दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरना होगा और ब्रिसबेन के मौसम को देखते हुए मैच का कोई नतीजा निकलता नहीं दिखता। बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है।

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी**

10वें नंबर पर उतरे बुमराह और 11वें नंबर पर आए आकाशदीप की तारीफ करनी होगी जिन्होंने टीम को फॉलोआन के स्कोर 246 रन के पार पहुंचाया और अब तक 33 रन जोड़ चुके हैं। ये दोनों तब साथ आए जब जडेजा को पैट कमिंस ने आउट कर दिया था और भारत का स्कोर नौ विकेट पर 213 रन था। इससे पहले इससे पहले अपने कल के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे।



लियोन की गेंद पर राहुल का कैच पकड़ते स्मिथ।

राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला, जबकि पैट कमिंस गेंदबाज थे। उस समय राहुल 33 रन पर थे।

ऑस्ट्रेलिया ने उनके लिए तीन स्लिप और एक गली फील्डर लगाया था ताकि राहुल को गलती करने पर मजबूर कर सके, लेकिन राहुल ने ढीली गेंदों का इंतजार किया और कोई जोखिम नहीं उठाया। कमिंस ने उन्हें आफ स्टम्प के बाहर भी गेंदें डाली जिन्हें या तो उन्होंने छोड़ दिया या रक्षात्मक खेला। ऐसा लग रहा था मानो वह चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी के वीडियो देखकर आए हैं कि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कैसे थकाना है।

वहीं कप्तान रोहित शर्मा (10) एक बार फिर नाकाम रहे। उन्होंने आफ स्टम्प पर पड़ती कमिंस की गेंद पर बल्ला अड़ाया और विकेट के पीछे एलेक्स कैरी ने उन्हें चपलता से चलता कर दिया।

आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर पर जडेजा को तरजीह दिए जाने पर कइयों ने सवाल उठाए थे, लेकिन इस हरफनमौला ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी। उन्होंने 7वें विकेट के लिए नीतिश के साथ 53 रन की साझेदारी की।

### 22वां अर्धशतक 89 गेंद में पूरा किया जडेजा ने

### टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं हेजलवुड



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को तीसरे टेस्ट के दौरान दाहिनी पिंडली में लगी चोट के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। चोट के कारण हेजलवुड ब्रिसबेन टेस्ट में अब आगे नहीं खेल सकेंगे।

## स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी)** 445/10

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. मार्श ब. स्टॉर्क | 04 | 02 | 1/0 |
| राहुल क. स्मिथ ब. लियोन | 84 | 139 | 8/0 |
| गिल क. मार्श ब. स्टॉर्क | 01 | 03 | 0/0 |
| कोहली क. कैरी ब. हेजलवुड | 03 | 16 | 0/0 |
| पंत क. कैरी ब. कमिंस | 09 | 12 | 0/0 |
| रोहित क. कैरी ब. कमिंस | 10 | 27 | 2/0 |
| जडेजा क. मार्श ब. कमिंस | 77 | 123 | 7/1 |
| नीतिश ब. कमिंस | 16 | 61 | 1/0 |
| सिराज क. कैरी ब. स्टॉर्क | 01 | 11 | 0/0 |
| बुमराह (नाबाद) | 10 | 27 | 0/1 |
| आकाशदीप (नाबाद) | 27 | 31 | 2/1 |
| **अतिरिक्त** | 10 | | |
| **कुल : (74.5 ओवर)** | 252/9 | | |

**विकेट पतन :** 1-4, 2-6, 3-22, 4-44, 5-74, 6-141, 7-194, 8-201, 9-213.

**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 24-3-83-3, हेजलवुज 6-2-22-1, कमिंस 20.5-2-80-4, लियोन 21-0-54-1, हेड 1-0-1-0, मार्श 2-0-6-0.

## राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स में हमीरपुर के सुरिंद्र ने 65 प्लस आयु वर्ग में जीते तीन स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

13वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स का आयोजन बिलासपुर के कहलूर स्पोर्ट्स कंप्लेक्स में 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया, जिसमें जिला हमीरपुर के 58 खिलाड़ियों ने भिन्न-भिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। 65 प्लस आयु वर्ग में सुरिंद्र देहल ने 1500, 5000 और 10,000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, 55 प्लस आयु वर्ग में संदीप डढवाल 100 व 200 मीटर प्रतियोगिता में रजत पदक जीता तथा 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ग पदक जीता। कैप्टन विक्रम सिंह ने 55 प्लस आयु वर्ग में 100, 200, 400 मीटर रिले रेस में स्वर्ण पदक जीते तथा 5,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। वहीं मदन सिंह ने 35 प्लस आयु वर्ग में 400, 1,500, 5, 000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।



कुनाल ने 30 प्लस आयु वर्ग में बैडमिंटन स्पर्धा में 2 स्वर्ण पदक व एक रजत पदक जीता। हॉकी प्रतियोगिता में महिला 40 प्लस आयु वर्ग में हमीरपुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता वहीं पुरुष टीम 45 आयु वर्ग में रजत पदक जीता। जिला हमीरपुर के एथलीट प्रतियोगिता में चैंपियन रहा तथा ओवर आल रनरअप रहा। यह जानकारी मास्टर गेम्स के अध्यक्ष सुरेश हांडा ने दी।

### वनडे और टी-20 में मंधाना शीर्ष-3 में पहुंची

**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे जबकि टी-20 रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में वनडे सीरीज के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए।



## कप्तान स्मृति मंधाना के अर्धशतक से भारत का चुनौतीपूर्ण स्कोर

**एजेंसी, नवी मुंबई**

कप्तान स्मृति मंधाना (62) की शानदार पारी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 में 20 ओवर में 9विकेट पर 159 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इससे पहले वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम को इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर की सेवाएं नहीं मिली। उनकी जगह स्मृति मंधाना ने टीम की अगुआई की। हरमनप्रीत की जगह एकादश में शामिल राघवी बिष्ट टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत पहला मैच जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है।



**क्रिकेट** — इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 423 रनों से दी पटकनी

**एजेंसी, हैमिल्टन**

कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मंगलवार को बल्लेबाजी नहीं कर सके और इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट में चाय ब्रेक से पहले ही 423 रन से पराजय झेलनी पड़ी।

स्टोक्स को तीसरे दिन ही गेंदबाजी के दौरान बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह फील्डिंग नहीं कर सके। जीत के लिए 658 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 234 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत की बराबरी की और इंग्लैंड को क्लीन स्वीप से भी रोका। न्यूजीलैंड ने 2018 में श्रीलंका को 423 रन से ही हराया था। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट आठ विकेट से और दूसरा 323 रन से जीता था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 18 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाली न्यूजीलैंड टीम ने दूसरी पारी में 453 रन बनाए थे।



तीसरे विकेट के लिए जो रूट (54) और जैकब बेथेल (76) ने 104 रन की साझेदारी की और लग रहा था कि दोनों टिककर मैच को ड्रॉ की ओर ले जाएंगे, लेकिन 'बैजबॉल' (आक्रामक क्रिकेट ) के इंग्लैंड क्रिकेट के दौर में टिककर रक्षात्मक खेलने की रणनीति शामिल ही नहीं है।

गुस एटकिंसन 43 और ओली पोप 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे और न्यूजीलैंड की जीत पर मुहर लग गई। हैरी ब्रूक को पहले दो टेस्ट में शतकों के कारण 'प्लेयर आफ द सीरीज' चुना गया।

### डेरेन सैमी वेस्टइंडीज के मुख्य कोच नियुक्त

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** पूर्व कप्तान डेरेन सैमी को वेस्टइंडीज ने सभी प्रारूपों में पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। क्रिकेट वेस्टइंडीज के क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकोम्बे ने सेंट विंसेंट में बोर्ड के त्रैमासिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। सैमी 2023 से सीमित ओवरों के प्रारूप में टीम के मुख्य कोच हैं। वह एक अप्रैल 2025 से आधिकारिक तौर पर टेस्ट टीम की भी कमान संभालेंगे। वह टेस्ट टीम के कोच के तौर पर आंद्रे कोली का स्थान लेंगे। सैमी ने 'एक्स' पर लिखा, ''किसी भी क्षमता में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है।''



## खेल मंत्री मांडविया ने 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' लॉन्च की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' को हरी झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए।

इस कार्यक्रम को मांडविया ने रक्षा खडसे, राज्य मंत्री (खेल), सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।



मांडविया ने कहा, ''हमने इस कार्यक्रम को 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' के रूप में लॉन्च किया है लेकिन साइकिल चलाने के शौकीनों की सुविधा के लिए इसे अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसे 'संडे ऑन साइकिल' कहा जाएगा।

खेल मंत्री ने कहा, ''डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवा रविवार को नई दिल्ली के साथ देश के सभी हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। साइकिल चलाने से पर्यावरण को बड़ा बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का कारगर समाधान है और स्थिरता में भी योगदान देता है।''

युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, 'एमवाई भारत' और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ।